


रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची ● रविवार, 12 नवंबर 2023 ● आमावस्या , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 206





www.lagatar.in

**सुर्खियां**

* * * *

### इंटरनेशनल

- गाजा के मुख्य अस्पताल में अंधेरा, 5 मरीजों की मौत
- इमरान की पार्टी के एक और नेता ने इस्तीफा दिया
- पोप ने टेक्सास के बिशप स्ट्रिकलैंड को पद से हटाया
- जो बाइडेन की शी जिनपिंग से 15 नवंबर को मुलाकात

### नेशनल

- एटीएस ने आईएसआईएस से जुड़े 4 लोग हुए गिरफ्तार
- दिल्ली के मुख्य सचिव के खिलाफ शुरू की गई जांच
- भारत में कोविड-19 के छह नए मामले सामने आए
- केशव महाराज ने विश्व हिंदू कांग्रेस का समर्थन किया

### स्टेट

- राज्यपाल बनने के बाद पहली बार झारखंड आए रघुवर
- पीएम दौरे के लिए एसपीजी ने एयरपोर्ट का लिया जायजा
- टीईटी पास पारा शिक्षकों ने घेरा रांची झामुमो कार्यालय
- रांची रेलवे स्टेशन से नक्सली आकाश गिरफ्तार

### स्पोर्ट्स

- तीरंदाजी में धीरज ने भारत को पहला ओलंपिक कोटा दिलाया
- ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया
- भारतीय टीम ने एशियाई हाफ मैराथन में स्वर्ण जीता
- इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 93 रन से हराया

## किसने क्या कहा

- भारत का चरित्र किसी अन्य देश पर हमला करने का नहीं रहा –राजनाथ
- कांग्रेस जिन्ना के सपने को पूरा कर रही है –हेमंत विश्व सरमा
- नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार –अखिलेश यादव

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,900 |
| चांदी (किलो) | 74,500 |

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की तबीयत बिगड़ी

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की तबीयत खराब हो गयी है. उन्हें रांची के बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामले की जानकारी मिलते ही शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पल्स अस्पताल पहुंचे और उनसे मुलाकात की. साथ ही जल्द स्वस्थ की ईश्वर से कामना की. इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा भी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री मन्नान मलिक बीते शुक्रवार को पल्स में भर्ती कराया गया था. नॉर्मल ब्रेन स्ट्रोक हुआ था. फिलहाल वे ठीक हैं.

### राष्ट्रपति ने देश के लोगों को दी दिवाली की बधाई

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दिवाली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनसे गरीबों व जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियां साझा करके उनके जीवन में खुशी और समृद्धि लाने का आह्वान किया. मुर्मू ने कहा, 'दीपावली हर्ष और खुशी का त्योहार है. यह अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है. विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग इस त्योहार को मनाते हैं और प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश फैलाते हैं.

### छुट्टी की सूचना

दीपावली के उपलक्ष्य में शुभम संदेश और लगातार.इन का कार्यालय 12 नवंबर को बंद रहेगा. अतः अखबार का अगला अंक 14 नवंबर को आएगा. शुभम संदेश के सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को इस पावन पर्व की हार्दिक बधाई.

–संपादक

## विधानसभा की 24 समितियां

# सैकड़ों मामले सवाल पेंडिंग



**महीने में 3-3 बैठकें कर लंबित मामलों को निपटा रहीं समितियां**

### कई समितियां ऐसी भी हैं, जो सदन को नहीं सौंपती नियमित रिपोर्ट

सत्य शरण मिश्रा। रांची

झारखंड विधानसभा की 24 समितियों के पास सैकड़ों मामले और विधायकों के सवाल पेंडिंग हैं. हर महीने तीन-तीन बैठक कर समितियां लंबित मामलों को निपटाने में जुटी हैं. इन समितियों के पास कितने सवाल और कितने मामले पेंडिंग हैं और कितने मामलों का निपटारा हुआ है, इसका कोई स्पष्ट लेखा-जोखा नहीं है. समितियों के अध्यक्षों के मुताबिक पेंडिंग मामलों की संख्या बहुत ज्यादा है. सभी समितियों को अपनी रिपोर्ट विधानसभा को सौंपनी होती है, लेकिन अधिकतर समितियां नियमित रूप से सदन को अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपती हैं. सदन में पेश होने वाली समितियों की रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं होती है, इस वजह से राज्य के कई महत्वपूर्ण मामलों पर सदन के बाहर हुई कार्रवाई का पता ही नहीं चल पाता है. हालांकि कुछ समितियां काफी एक्टिव हैं और उनके अध्यक्ष समिति की कार्रवाइयों को पब्लिक डोमेन पर रखते हैं. कुछ समितियों के अध्यक्षों से बात करने पर कई नई बातें सामने आयीं.

**प्रखंड और अनुमंडल बनाने के मामले में समिति लाचार :** विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सदन में विधायकों की ओर से गैर सरकारी संकल्प लाया जाता है. इनकी संख्या 50 से 100 के बीच होती है. 70 फीसदी विधायक गांवों को प्रखंड या अनुमंडल का दर्जा देने की मांग को लेकर गैर सरकारी संकल्प लाते हैं. सदन में सरकार इसे देख लेने का आश्वासन देती है.

– शेष पेज 10 पर देखें

### अवैध बालू की रिपोर्ट सदन को देगी समिति

विधानसभा की आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता समिति के अध्यक्ष विधायक डॉ इरफान अंसारी कहते हैं कि समिति की बैठकें लगातार होती हैं. हाल ही में धनबाद में बालू के अवैध कारोबार के मामले को लेकर समिति की बैठक में डीएमओ को फटकार लगाई गई है. इस मामले की रिपोर्ट विधानसभा की समिति को सौंपी जाएगी. वहीं शराब के कारोबार में भी गड़बड़ी चल रही है. समिति इस मामले को भी देख रही है.

### समिति की रिपोर्ट पर ही हटाए गए थे कुलपति

प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के अध्यक्ष डॉ सरफराज अहमद ने बताया कि विधानसभा में जो सवाल उठ नहीं पाते हैं, वह समिति को भेज दिए जाते हैं. इन सवालों को निपटाने के लिए दो तरह की बैठकें की जाती हैं. राज्य स्तर के मामलों में अधिकारियों को बुला कर उनसे मामले की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली जाती है. सवाल उठाने वाले विधायक को भी बैठक में बुलाया जाता है. टीम जिलों का दौरा कर वहां भी अधिकारियों के साथ बैठक कर मामलों का निपटारा करती है. एक बैठक में 4 से 5 सवालों पर चर्चा होती है और उनमें से आधे का निपटारा होता है. पिछले सत्र में समिति ने दो रिपोर्ट सदन को सौंपी है. बीबीएमकेयू के वीसी द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के मामले में समिति ने जांच की थी. राज्यपाल ने समिति की रिपोर्ट को सही माना व वीसी हटाए गए.

### सदाचार समिति में है कुर्ता फाड़ने का मामला

विधानसभा की सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने कहा कि समिति के पास अनुकंपा पर नौकरी, पेंशन और सदन के अंदर विधायकों के आचरण से संबंधित कई सवाल हैं. भाजपा विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सदन के अंदर कुर्ता फाड़ने के मामले में भी सुनवाई चल रही है. पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा सदन के अंदर किए गए आचरण का मामला अभी समिति के पास नहीं आया है, उम्मीद है यह मामला भी आएगा. समिति हर 10 दिन पर बैठक कर विभागों व अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अनुकंपा पर नौकरी, पेंशन और अन्य मामलों का निपटारा कर रही है. कितने मामले निबटे, इसकी रिपोर्ट सदन को दी जाएगी.

### बाध्यता नहीं होने से विभाग समिति की सलाह नहीं मानते

प्रत्यायुक्त विधान समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि समिति विधानसभा में आने वाले विधेयकों को देखती है. विधेयक में जो नियमावली बनी है, उसके मुताबिक विज्ञापन का प्रकाशन हुआ है या नहीं यह देखा जाता है. कई बार ऐसा होता कि नियमावली कुछ है और एजेंसियों ने विज्ञापन कुछ और प्रकाशित कर देती है. समिति ने अबतक विधानसभा में 4 रिपोर्ट रखी है. अगले सत्र में भी रिपोर्ट रखी जाएगी. समिति में कर्मचारी बीमा, प्रवासी मजदूरों के मामले आये. इनपर समुचित कार्रवाई की गई. समिति संबंधित विभागों को सलाह देती है, लेकिन सलाह मानने की बाध्यता नहीं होने के कारण कई बार विभाग हमारी सलाह नहीं मानते.






दीपों का पर्व दिवाली आज देशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा. यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है. झारखंड में दिवाली की धूम नजर आ रही है. बच्चों में खासा उत्साह नजर आ रहा है. आज आधी रात को माता काली की भी पूजा-अर्चना की जाएगी. कई स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए.

## जेल से 6 घंटे के लिए घर पहुंचे सिसोदिया



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अदालत से अनुमति मिलने के बाद अपनी बीमार पत्नी से मिलने तिहाड़ जेल से घर पहुंचे. कथित शराब घोटाला मामले में सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं. उन्हें सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक छह घंटे के लिए अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत मिली थी. सिसोदिया पुलिस वाहन से मथुरा रोड स्थित अपने आवास पर सुबह करीब दस बजे पहुंचे. उनके साथ पुलिसकर्मी भी थे. इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने जून में भी सिसोदिया को अपनी पत्नी सीमा से मिलने की अनुमति दी थी, लेकिन वह उनसे मुलाकात नहीं कर सके थे. वे अस्पताल में थीं.

## मोदी-फाल्गुनी का गीत ग्रैमी के लिए नामित



**नयी दिल्ली।** गायिका-गीतकार फाल्गुनी शाह और उनके पति व गायक गौरव शाह द्वारा प्रस्तुत गीत एबंडेंस इन मिलेट्स को ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है. इसका संगीत भी इन्होंने ही तैयार किया है. महत्वपूर्ण बात यह है कि यह गीत भारतीय-अमेरिकी गायिका फाल्गुनी शाह ने पीएम मोदी के सहयोग से लिखा है. यह गीत मोटे अनाज के फायदों को बढ़ावा देने के लिए लिखा गया है. बता दें कि यह गीत सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रदर्शन श्रेणी के तहत ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है. यह गीत हेल्थ और पौष्टिक अनाज को बढ़ावा देने के 16 जून को रिलीज किया गया था.

## गैंगस्टर प्रिंस के गुर्गा रवि चौहान को एटीएस ने चंदनकियारी से धर दबोचा

संवाददाता। धनबाद

बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के करीबी रवि चौहान को पुलिस ने शनिवार को चंदनकियारी से उठा लिया. धनबाद लाकर जीटी रोड के एक थाने में उससे पूछताछ की जा रही है. सूत्रों के अनुसार रवि चौहान कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए काम करता है. वह पिछले एक साल से फरार चल रहा था. रवि पिछले कई महीनों से प्रिंस के लिए काम कर रहा था. धनबाद पुलिस को रवि से जानकारी मिलने की उम्मीद है. पुलिस सूत्रों के अनुसार रवि से मिली जानकारी से प्रिंस के और कनेक्शन का पता चलेगा. एटीएस ने करकेंद निवासी रवि चौहान को चंदनकियारी में भाजपा के विधायक अमर बाउरी के घर के पास से शनिवार को दबोचा है.

### ढुल्लू का करीबी है, भाजपा नेता के घर के पास से धराया



**13 महीने से फरार चल रहा था रवि**

प्रिंस खान का गुर्गा रवि चौहान 12 अक्टूबर 2022 को गड़ेरिया स्कूल के पास रामेश्वर तुरी व उसके भगिना पर हुई गोलीबारी मामले में भी अभियुक्त है. जांच में यह मामला सही साबित हो चुका है. गोलीबारी मामले में ढुल्लू के साथ करीब 11 लोगों दिनेश रवानी, सुनील राय, रवि चौहान, विक्की डोम, राजा डोम उर्फ सागर, करन डोम , विक्की गुप्ता, विक्की, घोल्टु, चुनचुन गुप्ता, राजेश रवानी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था. सभी पर 5 लाख सुपारी लेकर राज कुमार महतो व असलम को जान से मारने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगा था.

### बउराए नेताजी छोड़ने के लिए करने लगे पैरवी

गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गा रवि चौहान को एटीएस द्वारा चंदनकियारी से उठाये जाने की सूचना जैसे ही कुछ सफेदपोशों को मिली, उसे छोड़ने के लिए पैरवी की जाने लगी. एक नेताजी जी तो पूरी तरह से बउरा गए और बार-बार एटीएस के ऊपर के अधिकारी पर फोन कर उसे छोड़ने का दबाव बनाने लगे. नेताजी ने बताया कि वे एक बड़े राजनीतिक दल के नेता हैं. मंत्री भी रह चुके हैं.

## केंद्र ने राज्य के मनरेगा के 620 करोड़ जारी किए

**रांची।** राज्य के मनरेगा मजदूरों के बकाये मजदूरी का भुगतान संभव हो सकेगा. केंद्र सरकार ने मजदूरी मद में 620 करोड़ जारी किये हैं. राज्य के मनरेगा मजदूरों को पिछले चार-पांच माह से भुगतान नहीं किया गया था. इसमें 620 करोड़ मनरेगा मजदूरों को दूसरी किस्त में एससी कोटा के मजदूरों के लिए 40,92,16,67 रुपये, एसटी कोटे में 72,68,76,389 रुपये व सर्वाधिक अन्य कोटे में 138,66,60,033 रुपये जारी किए गए हैं. इसी तरह तीसरी किस्त में भी एससी कोटे में 52,07,33,590 रुपये, एसटी कोटे में 99,44,60,853 रुपये व सर्वाधिक अन्य कैटेगरी में 216,84,13,666 रुपये दिए गए हैं.

**दुखद हादसा** 5 घायल, हादसे के बाद दोपहर से शाम तक अप-डाउन लाइन पर थम गईं कई ट्रेनें

# पुरुषोत्तम ट्रेन के पेंटो से टूटा हाइटेंशन तार, दो की मौत

संवाददाता। धनबाद

धनबाद रेल मंडल के गोमो-कोडरमा रेलखंड पर परसाबाद-चौबे के बीच शनिवार को दिन के लगभग 12 बजे ट्रेन संख्या 12801 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का पेंटो से हाइटेंशन तार टूटने से दो लोगों की मौत हो गई. जबकि ट्रेन में सफर कर रहे पांच अन्य यात्री घायल हो गए. मरने वालों में एक यात्री संजय मांझी और एक ठेका मजदूर कैरूल उर्फ छवि शेख शामिल हैं. मजदूर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहनेवाला है. हादसे के बाद दोपहर से शाम तक अप-डाउन लाइन पर दुरंतो समेत कई ट्रेनें थम गयीं. डाउन लाइन पर शाम चार बजे के बाद ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया.

### 130 किमी की रफ्तार से चल रही थी ट्रेन

रेलवे सूत्रों के अनुसार परसाबाद-चौबे स्टेशन के बीच रेल विकास निगम लिमिटेड की ओर से पोल लगाने का काम चल रहा है. तभी पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस वहां से गुजर रही थी. ट्रेन जैसे ही चौबे स्टेशन से आगे निकल कर परसाबाद पहुंचने वाली थी, तभी बीच रास्ते में जोरदार झटके के साथ इंजन का पेंटो हाइटेंशन तार में फंस कर टूट गया. ट्रेन की रफ्तार 130 किमी प्रतिघंटा होने से ओवरहेड तार टूटते ही जोरदार झटके के साथ मजदूर और ट्रेन के कोच से टकरा गई. तार टूटते ही धुआं निकलने से कोच में बैठे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई. गेट पर खड़ा एक यात्री संजय मांझी समेत कई लोग टूटे तार के संपर्क में आ गए. घटना के बाद धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा समेत अन्य अधिकारी पहुंचे. फिर देर शाम ईसीआर हाजीपुर जोन के जीएम एके खंडेलवाल भी पहुंचे.



हादसे के बाद मजदूर को ले जाते कर्मी.

### उधर, सूरत स्टेशन पर भीड़ के कारण मची भगदड़, एक की मौत

**सूरत।** दिवाली-छठ के लिए बिहार जाने वाली विशेष ट्रेन में शनिवार को सवार होने के दौरान गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन पर मची अफरा-तफरी के कारण 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गये. यात्री सुबह सूरत रेलवे स्टेशन से ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग बेहोश हो गए. रेलवे स्टेशन में भारी भीड़ थी, जिसके कारण कुछ यात्रियों को चक्कर आने की समस्या हुई.




# ब्लू बेल्स स्कूल में बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता








**आदित्यपुर।** नरक निवारण चतुर्दशी पर आदित्यपुर के हरिओम नगर स्थित ब्लू बेल्स स्कूल में शनिवार को नन्हे-मुन्हे बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. बच्चों ने मां दुर्गा, पीएम मोदी, महात्मा गांधी के रूप बनकर बच्चों ने अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत किया. इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की संस्थापिका पूजा पांडेय और मुख्य अतिथि संजीव अंबष्ठ ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर संस्थापिका पूजा पांडेय ने कहा कि धनतेरस से लेकर छठ पर्व तक हर दिन एक विशेष दिन है, जिसे याद करते हुए आज स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिका सुषमा गौड़, रुम्पा, आरती, सोनाली, किशन सर व स्कूल के बच्चों ने अहम भूमिका निभाई.

## आपकी बात

> विशाल सिंह का झुकाव जरूरतमंद, पशु-पक्षी के प्रति काफी हद तक था तथा निर्बल लोगों की मदद करना उनकी प्राथमिकता में शामिल था.



**नाम : विशाल सिंह**
पद : तीरंदाजी प्रशिक्षक
जन्मस्थल : गया
कार्य क्षेत्र : झुमरीतिलैया

विशाल सिंह का जन्म 24 वर्ष पूर्व गया जिले में हुआ था. यह बचपन से ही पढ़ाई में मध्यम वर्ग के विद्यार्थी रहे और उनकी बचपन की पढ़ाई झुमरी तिलैया सेक्रेड हार्ट स्कूल में हुआ. वही स्नातक की पढ़ाई जे जे कॉलेज झुमरी तिलैया से पूरा की. उनकी रुचि बचपन से ही खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में था, विशाल सिंह का झुकाव जरूरतमंद, पशु, पक्षी के प्रति काफी हद तक था, साथ ही निर्बल लोगों की मदद करना उनकी प्राथमिकता में शामिल था. खेल में रुचि होने की वजह से जिला एवं राज्य स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं, एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला से तीरंदाजी में एनआईएस इन स्पोर्ट्स कोचिंग के लिए क्वालिफाइड हैं। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद इन्होंने अपना स्वयं का तीरंदाजी सेंटर भी खोला है, जहां ये खिलाड़ियों को निशुल्क तीरंदाजी के लिए प्रशिक्षण देते हैं एवं निजी विद्यालय में तीरंदाजी प्रशिक्षक के पद पर अपना योगदान दे रहे हैं, इसके बाद पिछले कई वर्षों से लगातार इन्होंने समाज कल्याण के लिए कई कार्य जैसे रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान, जरूरतमंद लोगों में सहायता मुहैया करवाने का काम भी किया. इन्हें देख कर को लोग इनसे प्रभावित हो कर इनसे जुड़ना शुरू किये और वर्तमान में केएसएच यूथ फाउंडेशन एनजीओ का निर्माण कर संस्था में निर्देशक के रूप में कार्यरत है. सबसे खास बात यह है कि उनकी रुचि समाज सेवा, रक्तदान, खेल के प्रति लगाव काफी उच्च स्तर का है.

## ब्रीफ खबरें

### मेधा एग्जीबिशन में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**धनबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयलानगर में 11 नवंबर को मेधा - द एक्सहिबिलिटीज़ 2023 प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी का उद्घाटन बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता और आईआईटी आइएसएम के उप निदेशक प्रो धीरज कुमार ने की. दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों की हौसलाअफजाई की और कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों के भीतर की प्रतिभा बाहर आती है. प्रदर्शनी में साइंस, आर्ट्स सहित विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए थे.

### दीपोत्सव पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** दीपोत्सव की पूर्व संध्या प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में दीपावली एवं बाल दिवस के शुभ अवसर पर रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर शिक्षकों ने बताया कि प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है. बच्चों में मौलिकता एवं निर्माणशीलता के गुण अधिक मात्रा में होते हैं. उनकी रुचि, क्षमता, कौशल संज्ञानात्मक विकास, परिपक्वता आदि को ध्यान में रखकर ऐसी योजना तय की जाती है. वहीं रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रखंड विकास प्राधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को सफाल बनाने में प्रभारी प्राचार्य आशीष कुमार मंदिलवार, शिक्षक प्रियंका कुमारी, राजश्री लाला, संजय सिन्हा का अहम योगदान रहा.

## पंडित जवाहरलाल नेहरू को किया गया याद

# डीएवी ललपनिया में मना दयानंद निर्वाण दिवस



**संवाददाता । बेरमो**

डीएवी पब्लिक स्कूल टीटीपीएस ललपनिया की प्रातः कालीन सभा में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस मनाया गया साथ ही आधुनिक भारत के वास्तुकार पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी याद किया गया. प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा के निर्देश पर विद्यालय प्रभारी राम निवास राय ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ स्वामी दयानंद सरस्वती और पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उ श्रद्धांजलि दी. बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने भी महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. 11वीं कक्षा के रितिक कुमार और सातवीं कक्षा की यशश्री आनंद ने जवाहपलाल नेहरू के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए. सातवीं कक्षा के प्रभाकर पांडा और शिवानी कुमारी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन को भारत की अनमोल धरोहर बताया. संगीत शिक्षक रोहित पाठक ने अपने बच्चों के साथ मिलकर स्वामी दयानंद की प्रशस्ति गाई. बच्चों ने छठ पूजा के भी गीत गाए. बच्चे मन के सच्चे गीत गाकर छात्र छात्राओं ने सबका मन मोह लिया. कार्यक्रम की सफलता में मनोज कुमार शास्त्री, संदीप कुमार, अजमल हुसैन, ज्योति कुमारी, बैजनाथ साल, अमित कुमार, मनोज कुमार सिंह, पूजा घोषाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### गीत गाकर बच्चों ने दयानंद सरस्वती को किया नमन

जूनियर विंग के बच्चों ने भी गीत संगीत के माध्यम से चाचा नेहरू और महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन किया. शिक्षिका मधु तिवारी के साथ चयनिका पाल, नेहा रानी, रोहित पाठक, वंदना पाठक, पूजा घोषाल ने छात्र छात्राओं को गीत संगीत के लिए तैयार किया. जूनियर विंग के बच्चों ने मोहक नृत्य भी प्रस्तुत की. विद्यालय प्रभारी राम निवास राय तथा मनोज कुमार शास्त्री ने भी सभा को संबोधित किया.

# दीपावली पर डीएवी सवांग के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता।बेरमो**

डीएवी पब्लिक स्वांग परिसर में कक्षा एलकेजी से कक्षा बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कलाकारी एवं प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया.

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फलों, सब्जियों एवं महान व्यक्तित्व के परिधान में स्वयं को सुसज्जित कर सामूहिक नृत्य किया. सभी रंगोली, दीपक-सज्जा, दीपावली से दृश्यावली एवं पोस्टर बनाकर विद्यार्थियों ने सभी को चमत्कृत किया. इसके बाद आतिशबाजी का भी कार्यक्रम हुआ. सभी कक्षाओं के बच्चों ने भी सामूहिक नृत्य किया. सारा कार्यक्रम बहुत ही आनंद एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मक भावना भरने एवं उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रवृत्त करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है. इसका लाभ सभी विद्यार्थियों को मिलता है. बेहतर करने की सार्थक प्रेरणा मिलती है. बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने यथोचित योगदान दिया.

# पिट्स मॉडर्न स्कूल के छात्र आयुष ने जीता कांस्य पदक

**बेरमो।** सीबीएसई की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कलस्टर -III नेशनल एथलेटिक 5 से 7 नवंबर तक रायपुर में आयोजित की गई थी. पिट्स मॉडर्न स्कूल के छात्र आयुष कुमार यादव ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है. विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय, उप प्राचार्या डॉक्टर विनीता पटनायक पाढ़ी, हेड मास्टर केके चांद व खेल मार्गदर्शक सागर कुमार ने विजेता छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की. साथ ही अभिषेक विश्वास वरिष्ठ प्रबंधन ओरिका गोमिया एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.



# गोविंद विद्यालय में कक्षा एक से पांचवीं के लिए स्पेल बी आयोजित



**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के तामोलिया स्थित गोविंद विद्यालय कक्षा पहली से पांचवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के दो समूहों के बीच हुई, जिसमें समूह ए और बी शामिल थे.

स्पेल बी प्रतियोगिता भाषा पर मजबूत पकड़ वाले संपन्न व्यक्तियों को विकसित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है. में विद्यालय की प्राचार्य कृष्णा मोदक, सचिव अभिषेक शर्मा, सभी एचओडी प्रमुख प्रभारी नौशाद रजिया की उपस्थिति थीं. कार्यक्रम की प्रभारी ग्रुप ए के लिए शिक्षिका शबाना और ग्रुप बी के लिए शिक्षिका रुम्पा और खुशबू थीं. प्रतियोगिता की संपूर्ण गतिविधियों का संचालन नौशाद रजिया के मार्गदर्शन में हुआ. कुल मिलाकर दोनों ही समूहों के बीच प्रदर्शन वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण रहा. विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी. यह प्रतियोगिता उनके लिए एक शानदार अनुभव रही.

### विजेता प्रतिभागी व ग्रुप

- ग्रुप ए (कक्षा 1 और 2) : प्रथम-एरीज़ नैसी, द्वितीय-यूसुफ इब्न यासिर शेख, तृतीय-अनाया आफरीन, रूद्राक्ष कुमार सिंह
- ग्रुप बी (कक्षा 3, 4 और 5) : प्रथम-तौसीफ अहमद, आलोक कुमार शीत, द्वितीय-मो जायद खान, तृतीय-महेरा बेलाल

## क्लासिफाइड













# डेकोरेटिव दीये बना कर बच्चों ने दीपोत्सव मनाया



**संवाददाता । आदित्यपुर**

शहर के आदित्यपुर बेबी कोचिंग सेंटर स्कूल के बच्चों ने शनिवार को दीपोत्सव मनाया. स्कूलों में दीपावली की छुट्टियां लग रही है, इससे एक दिन पहले बच्चों ने दीपावली की खुशियां मनाईं. स्कूल के निदेशक मीना देवी ने बताया कि छोटे बच्चों ने दीपक रंग भी रंगे, हैंड मेड डेकोरेटिव दीए बनाये जो उनकी क्रिएटिविटी को दर्शाता है. इस दौरान बच्चों को दीपोत्सव का महत्व बताया गया. बच्चों ने स्कूल परिसर में एक्सिबिशन लगाया और घरों पर ग्रीन आतिशबाजी चलाने का संकल्प लिया. स्कूल स्टाफ ने बच्चों से कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही आतिशबाजी करें. पूरी सतर्कता के साथ दीपोत्सव मनाएं.

### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण



**पुटकी।** दीपावली की पूर्व संध्या पर नया मध्य विद्यालय में समाजसेविका लखी देवी पासवान ने बच्चों संग भारत माता के चित्र के सामने दीप जलाकर बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी. उन्होंने लगभग 30 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री जैसे कॉपी कलम पेंसिल चॉकलेट यादि का वितरण किया साथ ही बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया. मौके पर मौजूद रामविलास राम, शिक्षक मनोहर सिंह एवं शिक्षिका श्रीमती बीणा देवी ने भी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी.

# सत्य की जीत का पर्व है दिवाली : तापस

**संवाददाता ।पुटकी**

पुटकी के करकेंद्र स्थित डैफोडिल एकेडमी एवं डैफोडिल बचपन स्कूल परिसर में शनिवार को दीपावली सेलिब्रेशन कार्यक्रम में रंगोली बनाओ एवं दीप जलाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई.

विधार्थियों ने स्वनिर्मित रंग-बिरंगी रंगोली पर जलते दीये को रखकर दीपोत्सव मनाया. सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में रंगोली प्रतियोगिता के प्रति काफी उत्साह देखा गया. स्कूल प्राचार्य तापस बनर्जी ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व में घर के चारों ओर दीये जलाए जाते हैं. यह अंधकार पर प्रकाश की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. यह पर्व अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर आशा की विजय की खुशी मनाने का समय है. सभी विजेता प्रतिभागियों को स्कूल की ओर से पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी, उमेश मित्रा, दिलीप वर्णवाल, कौशल झा, जय प्रकाश चौधरी, अनिल सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही.



### खास बातें

- सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित
- रंगोली पर जलते दीये को रखकर दीपोत्सव मनाया

### स्कूली बच्चों ने लिए ग्रीन दिवाली मनाने का संकल्प

**जरीडीह (बोकारो)।** जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर मध्य विद्यालय में स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकाता के सहयोग से धुंआ और प्रदूषण रहित दिवाली मनाने को लेकर बच्चों ने रंगोली बनायी. इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं ने प्राकृतिक रंगों व सामग्रियों का प्रयोग किया. प्रदूषण नियंत्रण एवं वायु प्रदूषण को लेकर बच्चों ने पोस्टर की भी प्रदर्शनी लगाई. इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य गंगाराम रवानी ने कहा कि दीपावली हमारे समाज में एक पारंपरिक त्योहार है. इसे स्वच्छ एवं सुंदर तरीके से मनाने की आवश्यकता है. ज्यादा प्रदूषण फैलाने से लोगों को काफी परेशानी होती है. उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का संदेश दिया जा रहा है.

## अधिसूचना कोल्हान विवि में परीक्षा का फॉर्म 14 नवंबर से भरा जायेगा, अंतिम तिथि 24 नवंबर है

# बीडीएस की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित

**संवाददाता । जमशेदपुर**

कोल्हान विश्वविद्यालय में बीडीएस के विभिन्न सत्र की परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की घोषणा कर दी गयी है. विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है. अधिसूचना के मुताबिक बीडीएस दूसरे (सत्र 2021-25), तीसरे (सत्र 2020-24) और चौथे (सत्र 2029-23) की वार्षिक परीक्षा का फार्म आगामी 14 नवंबर से भरा जायेगा. परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 24 नवंबर है. उसके बाद 25 से 30 नवंबर तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा. परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन www.kuuniv..in अथवा www.kolhanuniversity.ac.in पर भरा के माध्यम से भरा जायेगा. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि बीडीएस दूसरे और तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क 1550 प्रति परीक्षार्थी रुपये है, जबकि बीडीएस चौथे सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क 2250 रुपये प्रति परीक्षार्थी है. दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से बीडीएस प्रथम वर्ष-2 की सप्लीमेंटरी परीक्षा के लिए भी परीक्षा फार्म भरने की तिथि की घोषणा की है. यह फार्म आगामी 24 नवंबर से भरा जायेगा, जिसकी अंतिम तिथि 27 नवंबर है. उसके बाद विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की तिथि की घोषणा नहीं की गयी है. इस परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा फॉर्म के साथ रजिस्ट्रेशन स्लिप और पिछली परीक्षा की मार्क्स शीट की जेरॉक्स कॉपी संलग्न करनी होगी. विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा शुल्क 1550 रुपये निर्धारित किया गया है.




### खास बातें

- 25-30 नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ भरे जाएंगे फॉर्म
- परीक्षा शुल्क 1550 रुपये निर्धारित किया गया है

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मारे गए हिंदूवादी युवा नेता कमलदेव गिरि को श्रद्धांजलि देने चक्रधरपुर पहुंचे

# लोग भरोसा रखें, कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा : बाबूलाल

संवाददाता । चक्रधरपुर

झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर कमलदेव गिरि हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच कराकर सभी दोषियों को सजा दिलायी जाएगी. यह बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चक्रधरपुर के शौंडिक धर्मशाला में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुये कही. वे शनिवार को चक्रधरपुर के शौंडिक धर्मशाला के समीप हिन्दूवादी युवा न ेत ा कमलदेव गिरि को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे. यहां उन्होंने कमलदेव गिरि की तस्वीर के पास दीप



जलाकर व फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद स्थानीय लोगों ने हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से की. इस पर मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हत्याकांड में जितने भी लोग शामिल हैं, सभी को सजा दिलायी जाएगी. स्थानीय लोग भरोसा रखें, कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा. इस दौरान स्थानीय लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को पत्र भी सौंपा.

**होगी जांच**

- भाजपा की सरकार बनी तो सीबीआई जांच कराई जाएगी
- चक्रधरपुर में आयोजित कार्यक्रम में कई नेता थे
- स्थानीय लोगों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

उन्होंने कहा कि कमलदेव गिरि के हत्याकांड के एक साल होने पर पिछले 4 नवंबर से चक्रधरपुर शहर के हर वार्ड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जा रही है. इसकी जानकारी मिलने पर मैं श्रद्धांजलि देने पहुंचा हूं.

उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय दिलाया जाएगा. इस मौके पर मौजूद स्व. कमलदेव गिरि के बड़े भाई फूलनदेव गिरि ने कहा कि पिछले वर्ष 12 नवंबर की शाम को ही आपसभी के चहेते कमलदेव गिरि की हत्या कर दी गई थी.इस वर्ष 12 नवंबर की शाम पुण्यतिथि पर शौंडिक धर्मशाला परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी.साथ ही 12 नवंबर की शाम कमलदेव को चाहने वाले हर लोग अपने घर में एक दीया कमलदेव के नाम पर जरुर जलायें. साथ ही 13 नवंबर को होने वाले कैंडल मार्च में भी लोगों को शामिल होने की बात कही. वहीं कमलदेव गिरि की छोटी बहन पूजा गिरि ने भी 12 व 13 नवंबर के कार्यक्रम के बारे में लोगों को जानकारी देते हुये अधिक से अधिक संख्या में लोगों के शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित करने की बात कहीं. इस दौरान लोगों ने कमलदेव गिरि अमर रहे..कमलदेव गिरि के दोषियों को सजा देना होगा इत्यादि नारे लगाये.

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- वधू मूल्य को डाल कटारी किस जनजाति में कहा जाता है – **बिंझिया**
- अशोक का पौत्र कौन, जिसने जैन धर्म स्वीकार किया – **सम्प्रति**
- प्रसिद्ध रहस्यपूर्ण त्रिमूर्ति सदाशिव कहां स्थित है – **एलीफैंटा**
- समुद्र के पानी से कौन धातु निकाली जाती है – **मैग्नीशियम**
- चोरटेन किस धर्म से संबंधित शब्द है – **बौद्ध**
- देश में कहां पहला तिलापिया पार्वो वायरस रिपोर्ट किया गया – **तमिलनाडु**
- केन्द्रीय बीज टेस्टिंग व रेफेरल प्रयोगशाला कहां है – **वाराणसी**
- किस देश ने 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान शुरू किया – **चीन**
- वाइब्रेंट गुजरात इंटरनेशनल रोड शो कहां हुआ – **दुबई**
- डेटॉल में मौजूद पूर्तिरोधी यौगिक है – **एनलोरारॉक्सीलेनॉल**

### ब्रीफ खबरें

### जरूरतमंदों के बीच विधायक ने बांटे दीए

**कतरास ।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल के तत्वावधान में मंडल कार्यालय के समीप विधायक ढुल्लू महतो ने जरूरतमंदों के बीच मिट्टी का दीया वितरण किया. साथ ही लोगों से अधिक से अधिक प्राकृतिक मिट्टी के बने हुए दीया का इस्तेमाल कर कर दीपावली मनाने का आग्रह किया. वितरण कार्यक्रम के पश्चात कतरास थाना अटल बिहारी चौक के पास शहीदों के नाम दिपक जलाकर सेना वीर शहिदों के नाम दीपक जलाने का आवाहन कि.

### विधायक और पीएचडी पदाधिकारी ने की बैठक

**बहरागोड़ा ।** प्रखंड क्षेत्र के मौदा पंचायत अंतर्गत चौरंगी में अवस्थित पानी टंकी विगत कुछ महीनों से बंद पड़ा है. शुक्रवार को विधायक समीर कुमार मोहंती के चौरंगी पहुंचते ही ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर अवगत कराया था. जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने पीएचडी विभाग के एग्जीक्यूटिव से बात कर शनिवार दोपहर पीएचडी विभाग के पदाधिकारी व ग्रामीणों के संग एक बैठक किया गया. जहां पीएचडी विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि बहुत जल्द पेयजल समस्याओं का समाधान किया जायेगा.

### सभी को गर्म कपड़े दिए जाएंगे : सिंह

**घाटशिला ।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह शनिवार को घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के केंदोपोशी गांव सबर परिवार के बीच पहुंचे. भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार ने सबर परिवार के साथ दीपावली पर खुशियां मनाई. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाया जाए. पर्व त्यौहार पर उन्हें भी खुशियां मनाने के लिए उनके साथ हम खड़े हो इसी के आलोक में सबर बच्चों के बीच पटाखे मिठाइयां और भेंट कर खुशियां मनाई.

### रिश्वतखोरी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भाकपा ने डीसी को दिया आवेदन

# डीटीओ ऑफिस बन गया है रिश्वतखोरी का अड्डा:भाकपा

संवाददाता । गिरिडीह

गिरिडीह डीटीओ ऑफिस में व्याप्त मनमानी और रिश्वतखोरी के खिलाफ भाकपा माले ने जिले के डीसी को एक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. इस मामले को लेकर पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा की अगुवाई में एक टीम डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंची. मुलाकात नहीं होने पर डीसी के नाम लिखा आवेदन एसी विल्सन भेंगरा के हाथों सौंपकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया. भेंगरा ने आवेदन में उठाए गए बिंदुओं को काफी गंभीर बताते हुए इससे डीसी को अवगत कराने और कार्रवाई कराने का भरोसा दिया.

आवेदन सुपुर्द करने के बाद माले नेताओं ने कहा कि एक साधारण आदमी को इस समय डीटीओ ऑफिस में मामूली ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में 10 हजार से भी अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं. जिसमें रिश्वत के नाम पर ली जा रही बड़ी रकम



शामिल है. यही नहीं, फिटनेस, ट्रांसफर के नाम पर भी मनमानी वसूली हो रही है.

कहा कि यह इस जिले के लोगों के साथ अन्याय है. एक तरफ जब लाइसेंस तथा दूसरे परिवहन कागजातों की जांच तेज है और लोग इसे दुरुस्त करवाना चाहते हैं, तो दूसरी तरफ कागजात बनाने के नाम पर डीटीओ ऑफिस का यह हाल है. आरोप लगाया कि डीटीओ ऑफिस में वर्षों से जमे कर्मी तथा उनके लिए वसूली करने वाले ऑफिस से बाहर के भी कुछ लोग इस तरह का माहौल बना कर रखे हैं. इन्हें वहां से हटाना जरूरी है. यह भी कहा कि मौजूदा स्थिति बर्दाश्त से बाहर है. अगर इसमें सुधार नहीं हुआ तो पार्टी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देगी. भाकपा माले की टीम में उक्त के अलावा गिरिडीह प्रखंड ग्रामीण सचिव मनोज यादव, पालमो लोकल कमिटी के सचिव संजय चौधरी, संजय यादव, धर्मेंद्र यादव, कन्हैया सिंह, मो. अख्तर अली, रंजन वर्मा, चंदन कुमार, राजेश वर्मा, जितेंद्र कुमार, मनोज महतो, नारायण राय, अशोक दास, विजय कुमार और देवनारायण प्रसाद यादव सहित अन्य थे.

**दिया आवेदन**

- राजेश सिन्हा की अगुवाई में टीम समाहरणालय पहुंची
- एसी विल्सन को आवेदन दे कर वस्तुस्थिति बताया

### एचईसी पटरी पर आ जाएगा: जायसवाल

रांची । एचईसी सप्लाई ठेका मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा नेता विनय जायसवाल से मिलकर उनका आभार जताया. उन्होंने कहा कि सांसद संजय सेठ और भाजपा नेता विनय जायसवाल के अथक प्रयास से सभी एचईसी में कार्यरत लोगों को दीपावली जैसे पावन और रोशनी से जगमगाते पर्व को मनाने का मौका मिला. उन्होंने त्योहार से पहले दो महीने का वेतन दिलाने में अहम भूमिका निभाई. इस मौके पर भाजपा नेता जायसवाल ने कहा कि एचईसी वापस पटरी पर आ जाएगा और तीव्र गति से आगे बढ़ेगा. एचईसी एशिया में हीं नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और लॉचिंग पेड बनाकर चांद और सूरज पर अपना पताका फहरा चुकी है.

## सीएम हेमंत से मिले अविनाश देव, दीपावली की दी बधाई

संवाददाता । मेदिनीनगर/रांची



रांची स्थित आवास पर शनिवार को संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की. झामुमो नेता ने मिट्टी से बने दीये भेंट किये और दीपावली की बधाई दी. मौके पर अविनाश देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मिट्टी के दीये से बेहद प्रसन्न हुए. उन्होंने कहा कि मिट्टी के काम में लगे लोगों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है. अविनाश देव ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि प्रयास करना चाहिए कि दिवाली और दूसरे पर्वो में आसपास के कारीगरों द्वारा निर्मित सामान खरीदें, ताकि उनका घर भी खुशियों से भरा रहे.

## भाजपा सिद्धांत पर चलती है: लक्ष्मण

संवाददाता । राजधनवार

धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम गादी के भट्टासिंघा में भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की. बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. इस दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में तन मन से लग जाने की बात कही.

कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है, जो नीति और सिद्धांत पर चलती है. केंद्र की मोदी सरकार ने देश की जनता के साथ वादा किया था



कि गरीबों के लिए पांच वर्षों तक फ्री में अनाज देंगे. वो पूरा कर रहे हैं. इससे देश की करीब 80 करोड़ जनता को इसका लाभ आज तक मिलता आ रहा है . भाजपा जो कहती है वही करती है. जबकि अन्य पार्टी का कथनी और करनी में बहुत अंतर होता है. कहती कुछ है और करती कुछ है. इन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की बात कही. उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए. बैठक के बाद लक्ष्मण सिंह ने एक मिठाई की दुकान का उद्घाटन फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया. मौके पर सुबोध नारायण देव, अभय, बिनोद व अन्य लोग मौजूद थे.

## राज्यपाल बनने के बाद पहली बार झारखंड आए रघुवर दास

संवाददाता । रांची

ओडिशा के राज्यपाल बनने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पहली बार रांची आए. यहां एयरपोर्ट पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया. कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र, बुके और फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया. इस मौके पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया. स्वागत करने वालों में रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



संजय कुमार जायसवाल, परमा सिंह, हेमंत दास, प्रकाश राम, काजल प्रधान, ललित नारायण ओझा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, वरुण साहू और सूर्यप्रभात समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे. जबकि प्रशासन की ओर से रांची उपायुक्त और एसएसपी मौजूद थे.

### केएन त्रिपाठी पहुंचे दिवंगत चौकीदार के घर

चंदवा । राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मो. शाकिर शनिवार को अलग-अलग समय में दिवंगत चौकीदार सदीक अंसारी के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी. केएन त्रिपाठी ने परिजनों से कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाये कम है. हम सभी दुख की घड़ी में आपके साथ खड़े हैं. मौके पर से ही उन्होंने फोन पर चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार से बात कर हत्याकांड के संबंध में जानकारी ली तथा कांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की. मौके पर सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, शंभू व अन्य मौजूद थे.

## एबीवीपी ने नीतीश का पुतला फूंका

संवाददाता । लातेहार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लातेहार नगर इकाई ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया. समाहरणालय गेट के समीप आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व एबीवीपी के प्रदेश मंत्री रमेश उरांव ने किया. नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए रमेश उरांव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में जिस प्रकार की अश्लील व अभद्र टिप्पणी की है, वह शर्मसार करने वाला है. इससे महिलाओं की मान सम्मान को आधात पहुंचा है.



उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए. उन्होने कहा कि आज तक किसी नेता ने ऐसी अश्लील भाषा का प्रयोग किसी विधानसभा या संसद में नहीं किया था. बेशर्मी की सभी हदों को पार कर दिया. मौके पर सोनू गुप्ता, राहुल गुप्ता, सनोज गुप्ता, प्रभात कुमार, रोहित कुमार व उज्जैन कुमार समेंत एबीवीपी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### भाजपा नेता की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

**डुमरी (गिरिडीह) ।** छछन्दो पंचायत के हनुमानगढ़ में बीते दो माह से ट्रांसफार्मर के जल जाने की सूचना वहां के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव को मिला. जिस पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से बात कर ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को होने वाले समस्याओं से अवगत कराते हुए विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की अपील की थी. जिसपर पहल करते हुए विभाग ने 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया. जिसका उद्घाटन शनिवार को भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया.

## विधायक ने कबूतर उड़ा कर किया जलसे का आगाज



संवाददाता । लातेहार

बेतला नेशनल पार्क से सटे मुस्लिम बहुल पोखरी कला ग्राम के कर्बला के मैदान में राज्य स्तरीय पैगामे मदीना कॉन्फ्रेंस सह जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका आगाज बतौर मुख्य अतिथि मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह ने शांति का दूत कबूतर उड़ा कर किया. विधायक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सामाजिक सौहार्द बढ़ता है.

उन्होंने कहा कि हर धर्म व संप्रदाय हमें आपसी भाइचारा व एकता का संदेश देता है. हमें उन संदेशो को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है. उन्होंने इस आयोजन के लिए कमेटि को धन्यवाद दिया. कार्यक्रम ओलमा-ए-वारिश चिश्ती (बनारस), एनाउंसर सबीर बरकाती, नात खां (दक्षिण अफ्रीका), मुफ्ती साबीर रज़ा कादरी (बिहार), मौलाना सदाम चतुर्वेदी (गोरखपुर), अब्दुल सलाम कौसर (लोहरदगा), सैयद सागिल इमाम (हैदराबाद) व हजरत सैयद मौसाहिद असदक चिश्ती (बिहार) ने अपने अपने संदेश दिये. कहा कि इसे अपने जीवन में अमल करने की दरकार है. कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल समेत झारखंड राज्य के कई शहरों के लोगों ने भाग लिया. मौके पर हाजी मुमताज अली, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सईद अंसारी, समसुल अंसारी, हेसामुल अंसारी, अब्दुल मन्नान अंसारी, साबीर अंसारी, मोजिबुल रहमान, समीम अंसारी, पोखरी कला के मुखिया नीतू देवी व उप मुखिया सुल्तान अहमद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

**दिया संदेश**

- पोखरी ग्राम के कर्बला मैदान में हुआ कार्यक्रम
- विधायक रामचंद्र सिंह ने कबूतर उड़ाया




## ब्रीफ खबरें

### आईपीएस सुभाष बनाए गए डीजीपी के स्पेशल असिस्टेंट



**रांची।** सीबीआई में अस्थायी रूप से प्रतिनियुक्त 2015 बैच आईपीएस सुभाष चंद्र जाट को डीजीपी एआईजी कम स्पेशल असिस्टेंट बनाया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है. बता दें कि सुभाष चंद्र जाट को मणिपुर हिंसा की जांच के लिए सीबीआई की एसआईटी में अस्थायी रूप से प्रतिनियुक्त किया गया था.

### एनएच किनारे पड़े कूड़े से आ रही बदबू

**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच 18 तथा एनएच 49 के संगम स्थल पर सड़क किनारे कूड़े के ढेर से आ रही बदबू के कारण सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार छोटे-मोटे दुकानदार अपने दुकान से निकलने वाले कूड़े को रात के अंधेरे में सड़क किनारे ला कर फेंक देते हैं. जिससे कच्चे पदार्थ के सड़ने से बदबू फैल रही है. इसी सड़क से होकर लोग उड़ीसा तथा बंगाल आने-जाने का उपयोग करते हैं. लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक पदाधिकारी इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए कूड़े का उचित निपटान करने की व्यवस्था करें.

### बोनस की मांग को लेकर ठप की सफाई

**जमशेदपुर।** बोनस समेत कई अन्य मांगों को लेकर टाटानगर स्टेशन में सफाई का कार्य करने वाले 105 ठेका मजदूर हड़ताल पर चले गए हैं. सफाई कर्मियों की हड़ताल पर चले जाने से स्टेशन में साफ-सफाई का कार्य ठप हो गया है. स्टेशन में शनिवार सुबह कई स्थानों पर गंदगी फैली हुई दिखाई दी. इससे यात्री भी काफी परेशान रहे. हालांकि रेलवे ने प्लेटफॉर्म पर सफाई का जिम्मा कॉलोनियों में सफाई करने वाले कर्मचारियों को दिया है. बता दें कि जीएसआईएस एजेंसी द्वारा टाटानगर स्टेशन की साफ-सफाई की जाती है. एजेंसी के 105 कर्मचारी तीन शिफ्ट में सफाई ड्यूटी करते हैं. अब कॉलोनी में सफाई करने वाले मात्र 10 सफाई कर्मियों पर ही साफ-सफाई का जिम्मा है.

### रेडिमेड कपड़ों की दुकान में लगी आग

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना अंतर्गत करनडीह चौक के पास स्थित सरोज वस्त्रालय (रेडीमेड कपड़े की दुकान) में शुक्रवार की देर रात अचानक आग लग गई. अगलगी की इस घटना में दुकान में मौजूद कपड़े समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए. दुकान से धुआं उठता देखा कुछ लोगों ने दुकान के मालिक दीपक कुमार को इसकी जानकारी दी. वे भागते हुए शनिवार की तड़के 3 बजे मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को सूचना दी. इसके बाद झारखंड अग्निशमन विभाग की तीन दमकल तड़के 4 बजे मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया. काफी मशक्कत के बाद सुबह 7 बजे आग पर काबू पाया जा सका. दीपक कुमार ने बताया कि इस घटना में लगभग 40 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया.

### चौका थाना प्रभारी का किया अभिनंदन

**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड के प्रमुख गुरुपद मार्डी व भाजपा नेता समाजसेवी भूषण मुर्मू के नेतृत्व में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को चौका थाना प्रभारी का अभिनंदन किया. इस अवसर पर नव पदस्थापित थाना प्रभारी शैलेंद्र टुडू का गुलदस्ता देकर व अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मान किया गया. मौके पर ईचागढ़ प्रखंड के प्रमुख गुरुपद मार्डी ने कहा कि ईचागढ में पदस्थापित रहते हुए उनका कार्य सराहनीय रहा है. इस अवसर पर भाजपा नेता सह समाजसेवी भूषण मुर्मू ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने और क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी का पूरा सहयोग किया जाएगा.

---

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एमआईजी काली पूजा कमेटी के पंडाल का किया उद्घाटन

# उत्सव हमें एक-दूसरे से आत्मीय रूप से जोड़ते हैं : अर्जुन

संजीव मेहता। आदित्यपुर



**किया उद्घाटन**

- कार्यक्रम में बाबूलाल व सरयू राय थे मौजूद
- मां काली की ही कृपा से कोरना से मिली निजात : मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने एमआईजी काली पूजा कमेटी का देर शाम पूजा पंडाल का उद्घाटन किया. उनके साथ विधायक सरयू राय, प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री बाल मुकुंद सहाय, दिनेशानंद गोश्वामी, बडकुंवर गागराई, टाटा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, सहायक सचिव नीतेश राज, अमरप्रीत सिंह काले, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय सिंह, शंभूनाथ सिंह, भरत सिंह, राजेश शुक्ला, सरयूउ पासवान, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, विकास सिंह, जटा शंकर पांडेय, विजय शंकर मिश्रा, राम नारायण शर्मा, सुबोध श्रीवास्तव आदि मौजूद थे. अर्जुन मुंडा ने कहा कि 25 वर्ष पूरे होने पर संस्था के समस्त सदस्यों को बधाई देता हूं. बडी झंझावातों के बीच उत्सव मनाने के लिए देश के लोग जाने जाते हैं. मां काली सभी का कल्याण करे. मां काली की ही कृपा है कि कोरोना जैसी महामारी से देश को निजात दिलाई. इस विभीषिका में हमने कई अपनों को खोया है. आज हम पुनः नए लोगों से जुड़कर उत्सव मना रहे हैं. उत्सव हमें भावनात्मक तरीके से एक दूसरे से जोड़ती है.

#### खूंटी आने का आमंत्रण देने आया हूं : मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मैं सबों को मां काली का आशीष देते हुए प्रधानमंत्री के गौरव यात्रा कार्यक्रम में खूंटी आने का आमंत्रण देने आया हूं. समारोह का संचालन कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने किया. विधायक सरयू राय ने कहा कि इस संस्था का रजत जयंती है. जिसके लिए कमेटी को धन्यवाद. इस दौरान समाज के 5 प्रतिष्ठित व्यक्ति को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया. जिनमें कर्नल आरपी सिंह, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, डॉ मनोरम सिद्धेश, शिक्षाविद सत्य प्रकाश सुधांशु, रवि कुमार शामिल रहे. बता दें कि कमेटी के द्वारा 14 नवंबर को वृहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बिहार के मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, धनबाद के सांसद पीएन सिंह भी आएंगे. आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, महासचिव संजय पांडेय, उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, चेयरमैन अधिवक्ता समरेंद्र प्रताप सिंह, आदि सक्रिय रूप से लगे हैं.

---

### आओ जानें

## देश के प्रमुख हवाई अड्डे

| | |
|---|---|
| 1. इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | नई दिल्ली |
| 2. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | मुंबई |
| 3. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | नागपुर |
| 4. राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | हैदराबाद |
| 5. केंपागौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | बेंगलुरु |
| 6. मंगलौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | मंगलौर |
| 7. चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | लखनऊ |
| 8. लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | वाराणसी |
| 9. नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डा | कोलकाता |
| 10. बागडोगरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | सिलीगुड़ी |
| 11. गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | अमृतसर |
| 12. देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | इंदौर |
| 13. सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डा | अहमदाबाद |
| 14. सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | सूरत |
| 15. वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | पोर्ट ब्लेयर |
| 16. लोकप्रिय गोपीनाथ बोर्दोलोई हवाई अड्डा | गुवाहाटी |
| 17. बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | भुवनेश्वर |
| 18. कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | कोझीकोड |

---

### अवैध खनन मामला : सीबीआई की भी मामले में पड़ताल जारी

# पुलिस ने एफआईआर को असत्य बताया

सौरभ सिंह। रांची




साहिबगंज नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन को लेकर एसटी-एससी थाने में दर्ज कांड संख्या 6/22 को साहिबगंज पुलिस ने सुपरविजन में असत्य करार दिया है. सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आयी है. सूत्रों की मानें, तो ईडी इस मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से पूछताछ कर सकती है. ईडी ने नौशाद आलम को समन भेजकर 22 नवंबर को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है. पूछताछ में खुलासा हो सकता है कि एसपी ने इस केस को कैसे झूठा करार दिया. इधर सीबीआई की भी इस मामले में जांच पड़ताल जारी है.

**अपने बयान से मुकर गया था ईडी का गवाह विजय हांसदा :** ईडी का महत्वपूर्ण गवाह विजय हांसदा बीते 12 सितंबर को कोर्ट में अपने पूर्व के बयान से मुकर गया था. हांसदा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक गवाही देने कोर्ट आ गया था, जबकि ईडी ने उसे गवाही के लिए समन भी नहीं किया था.

हालांकि विजय हांसदा की गवाही पूरी नहीं हो सकी थी. इससे पूर्व इस मामले में दो लोगों की गवाही दर्ज की जा चुकी है. मामले की सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में चल रही है. बता दें कि 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा के साथ ही प्रेम प्रकाश, बच्चू यादव, पशुपति यादव व कृष्णा साहा ट्रायल फेस कर रहे हैं. पंकज मिश्रा बीते 19 जुलाई 2022 से जेल में बंद है. इसी मामले में विजय हांसदा ईडी का महत्वपूर्ण गवाह है.

#### विजय हांसदा ने 2022 में की थी शिकायत

बता दें कि विजय हांसदा ने साल 2022 में साहिबगंज नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन की शिकायत की थी. कोर्ट में दायर शिकायतवाद में विजय हांसदा ने बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत की थी. वहीं दिसंबर 2022 में इस मामले में केस दर्ज किया था.

**हांसदा 21 अगस्त को ट्रेन से गया था दिल्ली, 23 को लौटा**

सीबीआई ने मामले के अनुसंधान के दौरान विजय हांसदा के अंगरक्षक अजय कुमार का भी बयान लिया था. सीबीआई को छानबीन में पता चला कि विजय हांसदा ने नई दिल्ली के लिए धनबाद से 21 अगस्त को ट्रेन पकड़ा था. वह नई दिल्ली में अधिवक्ता से मिलने के बाद 23 अगस्त को वापस आया था. इस यात्रा के लिए ट्रेन का टिकट एसपी नौशाद आलम ने रांची पुलिस केंद्र के सार्जेंट से बुक करवाया था. अब ईडी इस मामले में नौशाद आलम से पूछताछ के बाद उस सार्जेंट से भी जल्द ही पूछताछ कर सकती है.

---

### कचरा निपटाने के लिए ट्राइसाइकिल रवाना की

**लातेहार।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-टू के तहत जैविक व अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटारे के लिए पहल की गई है. उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर ट्राई साईकिल रवाना किया. ये ट्राइसाइकिल सदर प्रखंड के चार पंचायतों (जलीमखुर्द, भुसुर, पेसरार, आरागुंडी) के लिए रवाना किया गया है. डीडीसी कच्छप ने बताया कि ट्राई साईकिल के उपयोग से गांव को साफ-सुथरा रखने में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में सफलता मिलेगी. वहीं ठोस कचरे यानी फिर से उपयोग में आने वाले सभी कचरे के निस्तारण से स्थिती और मजबूत होगी.

### चंपई ने जन्मदिन पर बांटे 2000 गरीबों में कंबल

**आदित्यपुर।** राज्य के कैबिनेट मंत्री चंपई सोरेन ने (आदिवासी कल्याण एवं परिवहन) ने शनिवार को 2000 गरीबों में कंबल बांट कर अपना 66वां जन्म दिन मनाया. लोगों ने महुलडीह और आदित्यपुर के इमली चौक स्थित कार्यालय में उन्हें शुभकामनाएं दीं. मंत्री चंपई सोरेन ने केक काटकर जन्मदिन मनाया. उन्होंने राज्यवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आम जनता का प्यार इसी तरह मिलता रहा तो अभी 10 साल और राजनीतिक में सक्रिय रहूंगा. कंबल वितरण में नगर अध्यक्ष दीपक मंडल, आप्त सचिव चंचल गोश्वामी, परमेश्वर प्रधान, सुभाष करवा आदि ने गरीबों को कंबल बांटा.

---

## 1.44 करोड़ से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की होगी स्थापना

संवाददाता। रांची

लोहरदगा सदर अस्पताल में एक करोड़ 44 लाख 6 हजार 900 रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना की जायेगी. वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत यह लैब बनेगा. स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरुण कुमार सिंह ने इसकी स्वीकृति दे दी है. योजना का कार्यन्वयन पीएम आयुष्मान भारत मिशन के अधीन भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीच किये गये एमओयू के तहत होगा. लैब बनने से मरीजों को पैथोलॉजिकल जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा.

**इस मद में खर्च होगी इतनी राशि**

| | |
|---|---|
| सिविल वर्क | 4349947 |
| प्लंबिंग वर्क | 1070632 |
| इलेक्ट्रिकल वर्क | 213396 |
| एचवीएसी वर्क | 1397874 |
| लैब इक्विपमेंट | 4898935 |

### बढ़ा तापमान, गुनगुनी ठंड में मनेगी दीपावली

**धनबाद।** बीते सप्ताह ठंड की दस्तक के बाद 11 नवंबर को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई. न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं दीपावली के दिन 12 नवंबर को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना जताई गई है. जिससे 48 घंटों में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 17 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाएगा. ऐसे में दीपावली की रात गुनगुनी ठंड रहने की संभावना है.

---

### पीएम मोदी का खूंटी दौरा, प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर

# एसपीजी ने एयरपोर्ट का लिया जायजा

संवाददाता। रांची

पीएम नरेंद्र मोदी आगामी 15 नवंबर को खूंटी दौरे पर आयेंगे. यहां से वे भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाकर उन्हें नमन करेंगे. इसके अलावा पीएम मोदी एक और कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. पीएम के खूंटी दौरे को लेकर प्रशानिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही है.

एसपीजी से लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय मिलकर दोनों कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर रही है. पीएम के कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाये इसको लेकर झारखंड पुलिस के अधिकारी लगातार खूंटी में कैंप कर रहे हैं.

इसी क्रम में शनिवार को एसपीजी की टीम में रांची एयरपोर्ट और खूंटी के दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया.



#### कार्यक्रम स्थल को छह जोन में बांटा गया है

पीएम नरेंद्र मोदी के खूंटी दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं. पीएम की सुरक्षा को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक आईपीएस, डीएसपी सहित 2000 से ज्यादा अधिकारियों और जवानों की तैनाती की जा रही है. कार्यक्रम स्थल को छह जोन में बांटा गया है. हर जोन में सुरक्षा के प्रभार आईपीएस अधिकारियों के जिम्मे है. आपातकालीन स्थिति के लिए प्रधानमंत्री के लिए दो कारकेड की भी व्यवस्था गयी है. कारकेड में बुलेट प्रूफ वाहन रहेंगे. मंच से हेलीपैड तक जाने के रास्ते को जोन पांच में रखा गया है. यह जोन नो मैंस लैंड की तरह होगा. इस रास्ते पर किसी को आने की इजाजत नहीं होगी.

---

# अनाज नहीं मिल रहा ग्रामीणों ने दिया आवेदन



संवाददाता। डुमरी

प्रखंड के परसाबेड़ा पंचायत के अम्बाडीह गांव के राशन कार्डधारियों ने अपने डीलर कैलाश रविदास पर बीते 6-7 माह से अनाज वितरण नहीं करने का आरोप लगाया है. कार्डधारियों ने प्रमुख डुमरी से शिकायत करते हुए अनाज वितरण कराने के दिशा में पहल करने की अपील की है. जिसके बाद प्रमुख शुक्रवार शाम को गांव पहुंचे और अवलोकन किया. जिसमें पाया गया कि कार्ड में फरवरी-मार्च तक अनाज वितरण संबंधी इंट्री है. राशन कार्डधारियों ने प्रमुख को बताया कि जब वे लोग डीलर से राशन की मांग की तो डीलर द्वारा कार्डधारियों से ई-पोश मशीन में अंगूठा लगवाकर कहा गया कि अनाज आने पर वितरण कर दिया जाएगा। इस दौरान पंचायत के मुखिया मो. हसमुद्दीन भी उपस्थित थे, जिन्हें प्रमुख ने मामले पर अपने स्तर से हस्तक्षेप करने को कहा.

### बीडीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**मनोहरपुर।** कोयल एवं कोयना नदी छठ घाटों व आसपास के क्षेत्रों में छठ महापर्व के मद्देनजर घाटों की साफ-सफाई एवं पहुंच पथ का निरीक्षण मनोहरपुर बीडीओ शक्तिकुंज एवं मनोहरपुर थाना प्रभारी अमित कुमार द्वारा शनिवार को किया गया. इस दौरान उन्होंने संत नरसिंह आश्रम मंदिर घाट, लाइनपार बनारसीनाथ शिव मंदिर घाट आदि विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिए तथा संबंधित छठ घाट समितियों को आवश्यकता अनुसार दिशा-निर्देश दी गई. इससे पूर्व आस्था के महापर्व छठ को लेकर मनोहरपुर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है. वहीं लोक आस्था के छठ घाट समिति के द्वारा भी साफ-सफाई को लेकर घाटों का निरीक्षण किया गया. साथ ही हर वर्ष की भांति छठ घाट स्थल के सुंदरीकरण को लेकर साफ-सफाई, एवं छठ व्रतियों के लिए निःशुल्क गाय का दूध, दातुन आदि आवश्यक पूजा सामग्री के वितरण की चर्चा की गई.

---

# डीटीओ समेत चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा

संवाददाता। धनबाद



**खास बातें**

- गौरी शंकर सिंह ने धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप
- अदालत से की प्राथमिकी दर्ज करवाने की प्रार्थना

जिला परिवहन पदाधिकारी, एचडीबी फाइनेंस सर्विस लिमिटेड सहयोगी नगर में रोड सरायढेला के शाखा प्रबंधक तथा जोड़ापोखर जेलगोड़ा निवासी मंटू रजवार एवं रितेश कुमार रजवार के खिलाफ जेलगोड़ा निवासी गौरी शंकर सिंह ने षडयंत्र रचकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है. इस संबंध में गौरीशंकर सिंह द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायत वाद कराई दर्ज है.

**मंटू रजवार को देते थे गाड़ी रखनेका किराया :** अदालत में दर्ज करवाई गई शिकायत वाद में लगाए गए आरोपों की जानकारी देते हुए वादी के अधिवक्ता धर्म बरनवाल ने बताया कि वादी द्वारा स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन संख्या जेएच 10 बी फाइनेंस करवाकर खरीदी गई थी. वादी द्वारा फाइनेंस कंपनी का पैसा चुका दिया गया. वादी के घर में गाड़ी रखने के लिए जगह नहीं थी इसलिए वह मंटू रजवार के यहां गाड़ी रखने लगा और इसके एवज में उसे किराया भी देता था.

**किराये पर चलवाने लगा गाड़ी :** मंटू रजवार वादी को बिना बताए गाड़ी को किराये पर चलवाने लगा जब वादी ने गाड़ी के संबंध में पूछताछ की एवं गाड़ी वापस करने को कहा तो मंटू रजवार ने स्वीकार किया कि गाड़ी को किराये पर भेजा है, कुछ दिनों के बाद वापस कर देंगे. कुछ दिनों के बाद मंटू रजवार ने वादी से गाड़ी की दूसरी चाबी की मांग की. 25 सितंबर 2023 को उसे पता चला कि मंटू रजवार ने छलपूर्वक जाली हस्ताक्षर बनाकर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं शाखा प्रबंधक एचडीबी फाइनेंस सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर गाड़ी को रितेश कुमार रजवार के नाम स्थानांतरित करवा दिया है. जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में पता करने पर मामला सत्य पाया तो पूछने पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया.

### ओवरब्रिज निर्माण छठ पूजा के बाद होगा शुरू

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरुडीह पंचायत सचिवालय में शनिवार को रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर ग्राम सभा हुई. इसकी अध्यक्षता मुखिया सपना कुमारी ने की. इस सभा में जिप सदस्य डॉ. सुरेन्द्र राज, रेलवे के आई डब्ल्यू अरुण कुमार सिंह, ओवरब्रिज निर्माण के प्रोजेक्ट मैनेजर विजय सिंह, प्रखंड के कर्मचारी कैलाश यादव, पंचायत सेवक धनपत कुमार, अमीन विनय महतो, पंसस सुशीला देवी सहित रैयत शामिल हुए. इस ग्राम सभा में अंचल कर्मियों ने रैयतों की भूमि से संबंधित गड़बड़ियों को सुधार कर पेश किया. पिछले 26 अक्टूबर को हुई ग्राम सभा में रैयतों की भूमि से संबंधित कई गड़बड़ियां पाई गई थी. इस ग्राम सभा में रेलवे के आईडब्ल्यू अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण के लिये रैयतों के कुल 26 प्लॉट में (2 एकड़ साढे. 31 डिसमिल) भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है.

---

**बैठक** विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# कई मामलों को ड्रॉप करने का दिया निर्देश

संवाददाता। बोकारो



झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरूआ, समिति सदस्य नारायण दास एवं गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने शनिवार को बोकारो जिला मुख्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, चास के अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता मेनका समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे. इस दौरान समिति के सभापति व सदस्य ने क्रमवार विधानसभा में उठाये गये जिले से संबंधित कुल 30 मामलों में अद्यतन कार्यों की जानकारी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों से ली. यह सभी मामले पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास, पर्यटन कला, गृह कारा एवं आपदा, राजस्व निबंधन, स्वास्थ्य चिकित्सा, नगर विकास, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, ग्रामीण कार्य, वन पर्यावरण, राजस्व निबंधन, उर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता विभागों से संबंधित था. सुनवाई के क्रम में कई मामलों को ड्रॉप करने का सभापति ने संबंधित विधानसभा अधिकारी को निर्देश दिया.

#### बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

मौके पर सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास राम प्रवेश राम, शशि शेखर, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला योजना पदाधिकारी छविबाला बरला, जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल मृणाल, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, आइटी मैनेजर संजय कुमार समेत सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

---

# बसों का ठहराव जिला परिषद के बस स्टैंड में हो : जिप उपाध्यक्ष

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)



जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बालूमाथ मुख्य पथ पर हमेशा जाम की स्थिति बने रहने पर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि जाम के कारण कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है. बार-बार यह मांग उठती रही है कि यात्री बसों का ठहराव बस स्टैंड में ही सुनिश्चित कराया जाए. उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बताया कि उन्होंने जिला परिषद की बैठक में इस मामले को उठाया था. उनके द्वारा जिला परिषद की बैठक में उठायी गयी मांग के आलोक में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लातेहार ने बालूमाथ अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं. आदेश दिया गया है कि बालूमाथ बस पड़ाव में अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों को एक सप्ताह के अंदर खाली कराते हुए बस पड़ाव में वाहनों का ठहराव सुनिश्चित करें.

#### सड़क पर जाम की स्थिति

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बालूमाथ बस पड़ाव की बंदोबस्ती वासुदेव साव के नाम है. पत्र में यह भी लिखा है कि विश्वसनीय सूत्रों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि बस पड़ाव में अनाधिकृत रूप से ट्रकों को काफी दिनों से खड़ा कर छोड़ दिया गया है. जिसके कारण वाहनों के परिचालन में कठिनाई होती है.

## वीआरएस को कर्मचारियों के लिए फायदे का सौदा बता रहा प्रबंधन

# टाटा मोटर्स की वीआरएस घोषणा पर यूनियन मौन

संवाददाता । जमशेदपुर

टाटा मोटर्स प्रबंधन ने जमशेदपुर प्लांट के 50 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों के लिए वोलेंट्री रिटायरमेंट स्कीम (वीआरएस) की घोषणा की है. प्रबंधन द्वारा वीआरएस को कर्मचारियों के लिए फायदे का सौदा कहा जा रहा है, जबकि वीआरएस की घोषणा से कर्मचारियों में दहशत है. कर्मचारियों को इस बात की आशंका है कि शुरुआत में यह ऐच्छिक होता है, लेकिन प्रबंधन द्वारा तय किए गए टार्गेट पूर्ण नहीं होने पर कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है. सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि प्रबंधन द्वारा वीआरएस स्कीम की घोषणा पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन मौन है. वहीं इस संबंध में टेल्को वर्कर्स यूनियन के हर्षवर्धन और आकाश दुबे ने वीआरएस पर आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि कंपनी में उत्पादन अच्छा है, कंपनी घाटे को कवर कर मुनाफा कमा रही है, वर्क ऑर्डर भी इतना है कि पूरा करने के लिए देर रात तक मजदूरों को रुकवा कर काम करवा रही है. ऐसे में वीआरएस क्यों? ऐसा प्रतीत होता है कि बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को जमशेदपुर प्लांट में भी लागू करने का दबाव जो झारखंड हाई कोर्ट द्वारा बनाया गया है, उसी की भरपाई के लिए यह कदम उठाया जा रहा है.



### खास बातें

- टेल्को वर्कर्स यूनियन ने वीआरएस पर आपत्ति जताई
- वीआरएस की घोषणा से कर्मचारियों में निराशा

### पुराने कर्मियों को नुकसान उठाना पड़ेगा : हर्षवर्धन

कंपनी का लक्ष्य 1500 पुराने कर्मियों को बाहर कर उसी पैसे में 3000 का स्थायीकरण करने का है. हर्षवर्धन ने कहा कि स्थायीकरण का नुकसान पुराने कर्मियों को उठाना पड़ेगा. वर्तमान यूनियन की कमजोर बारगेनिंग क्षमता का परिणाम है कि कंपनी रोजगार देने के स्थान पर रोजगार कम करने की बात कर रही है. वीआरएस अगर कर्मचारियों के लिए बहुत ही फायदेमंद है तो वर्तमान यूनियन के पदाधिकारियों को वीआरएस लेकर कर्मचारियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए.



वर्तमान यूनियन की कोई बारगेनिंग क्षमता नहीं है, बल्कि यह यूनियन प्रबंधन की बी टीम के तौर पर काम कर रही है. इससे हर बार कर्मचारी को केवल नुकसान उठाना पड़ रहा है. आज कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट है और यूनियन मौन है.

## लोग अन्याय के खिलाफ खड़े हों : हलधर

संवाददाता। महुदा

मुरलीडीह एवं भाटडीह में शनिवार को मजदूर नेता कॉमरेड साधन गुप्ता का 54वां शहादत दिवस मनाया गया. मुरलीडीह में में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो ने कहा कि कॉमरेड साधन गुप्ता के शहादत दिवस पर मजदूर किसान व आमजनों को इस राष्ट्र विरोधी सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प लेना होगा. उन्होंने कहा कि साधन गुप्ता ने मजदूरों के हित के लिए अंग्रेजों के शासन में आजीवन कारावास की सजा भुगती थी. आज सरकार लगातार किसान व मजदूर विरोधी कार्य कर रही है.

## विभाग ने पंचेत जलाशय में छोड़ा मछली का जीरा

**निरसा।** शुक्रवार 11 नवंबर को डीवीसी पंचेत के जलाशय में मत्स्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा मछली जीरा छोड़ा गया. मौके पर मौजूद विभागीय डिप्टी डायरेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया पंचेत जलाशय में 12.5 लाख मछली जीरा छोड़ा गया.









## दीपावली पर 24 घंटे मिलेगी बिजली : शिवेंद्र

**धनबाद।** शनिवार की सुबह से ही बिजली विभाग ने आंखमिचौली शुरू कर दिया. रोशनी के त्योहार में दिन भर विभाग की इस बेरुखी से लोग खासे परेशान रहे. सुबह 6 बजे से ही बिजली का आना-जाना लगा रहा. 10 मिनट की आपूर्ति के बाद आधे से एक घंटे की कटौती हो रही थी. नया बाजार, मनईटांड़, गांधी रोड, पुराना बाजार, पतराकुल्हि आदि क्षेत्रों में करीब 6 घंटे बिजली कटौती हुई. कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम से एक मिनट के लिए भी बिजली कटौती नहीं की जाएगी.

# सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया- धालभूमगढ़ मुख्य सड़क के पीडी बागान से भातकुंडा जाने वाली सड़क इतनी जर्जर है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल है. सड़क पर गड्ढों की भरमार है और नुकीले पत्थर उभर आए हैं. वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है. इससे भातकुंडा पंचायत के कई गांव के ग्रामीण परेशानियां झेल रहे हैं. ग्रामीण इसकी मरम्मत की मांग विगत कई साल से कर रहे हैं. परंतु इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है.



इससे ग्रामीणों में आक्रोश है. यह सड़क भातकुंडा, रांगामाटिया साढ़पुरा अन्य कई गांवों को जोड़ती है. सड़क की जर्जरता से प्रभावित क्षेत्र की जनता परेशान हैं. विद्यार्थियों को साइकिल से स्कूल आने में भी परेशानी होती है.

सड़क पर उभरे नुकीले पत्थरों के कारण साइकिल के टायर पंचर हो जाते हैं.कई गांव से गुजरते हुए यह सड़क कुचियाशोली के पास चाकुलिया के बिरसा मुंडा चौक से शीशाखुन होते हुए पश्चिम बंगाल जाने वाली सड़क से मिलती है. ग्रामीण इस सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे हैं.






## सड़क व चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

**निरसा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के तहत निरसा प्रखंड अंतर्गत सोनबाद पंचायत के कांटावन कॉलोनी से लुवाडीह तक लगभग 2 किलोमीटर तक 91 लाख रुपये की लागत एवं कुहका मध्य विद्यालय में बनने वाली चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार 11 नवंबर को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात शिलापट्ट का अनावरण नारियल फोड़कर किया गया. इस अवसर पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, जिला परिषद पिंकी मरांडी, मुखिया पुष्पा बाउरी, मुखिया रिंकू बाउरी, राम दयाल कोइरी, कृपा शंकर हेंब्रम, बासुदेव बाउरी, सेमल राय, फूलचंद महतो, रतु महतो, मंटू राय, दीपक महतो, दिनेश महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे.










**▼ ब्रीफ खबरें**

### बिजली मिस्त्री घायल, गिरिडीह रेफर किया

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई सरकारी गोदाम में शुक्रवार शाम वेल्डिंग का कार्य करने के दौरान बिजली मिस्त्री सीढ़ी से गिरकर घायल हो गया. घायल वेल्डिंग मिस्त्री की पहचान तिसरी निवासी ब्रह्मदेव विश्वकर्मा के रूप में हुई है. आस-पास के लोगों ने ब्रह्मदेव को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी ले गये. डॉ. महेश्वरम व स्वास्थ्यकर्मी चंदन ने उनका प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया.

### ट्रेलर और ऑटो में टक्कर, चालक घायल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइंयाडीह स्थित दुलाल भुइयां के आवास के पास शनिवार दोपहर ट्रेलर और ऑटो के बीच टक्कर हो गई. इस घटना में ऑटो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. गनीमत रही कि ऑटो में कोई यात्री नहीं था. हालांकि ऑटो चालक को हल्की चोट आई है. घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया. इधर, स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को जब्त कर थाना ले गई.

### मवेशी लदे पिकअप वाहन जब्त किए गए

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना पुलिस ने मवेशी लदे 5 पिकअप वाहनों को जब्त किया है. सभी पिकअप वाहन ओड़िशा से सिमडेगा-रांची के रास्ते बिहार जा रहा था. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और पांच वाहन को जब्त कर लिया. सभी को बरवाडीह के समीप पकड़ा गया है. वाहनों में भैंस लदी हुई थी. पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है.

### पलामू: धान के खेत में मिला नवजात का शव

**पलामू।** जिले के छतरपुर प्रखंड की सुशीगंज पंचायत के पासवान टोला में धान के खेत से एक नवजात को बरामद किया गया. नवजात बच्ची स्वस्थ्य बतायी गई है. सूचना मिलने पर गांव के अयोध्या पासवान और उसकी पत्नी नवजात को उठाकर अपने घर ले गए और उसे सुरक्षित रखा है. ग्रामीणों की बच्चे की चिकित्सकीय जांच करवायी गयी, जिसमें बच्ची स्वस्थ पायी गयी. ग्रामीणों के अनुसार शनिवार सुबह खेत से गुजरते समय बच्ची की आवाज सुनाई दी. ग्रामीणों ने देखा कि एक नवजात बच्ची खेत में पड़ी हुई है.

### बाजार में पकड़ाए पांच चोर, जमकर हुई पिटाई

**धनबाद।** धनतेरस और दीपावली को लेकर खरीदारी कर रहे लोगों की जेब से मोबाइल चोरी करते पांच पॉकेटमार हीरापुर हटिया बाजार से पकड़े गए. भीड़ ने पांचों पर हमला कर दिया. हमले के दौरान भगदड़ मच गई. लोगों ने पांचों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा. सभी लहूलुहान होकर गिर पड़े. इसी बीच किसी ने धनबाद थाना पुलिस को सूचना दे दी. खबर पाकर धनबाद थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पांचों को ले गई, जिसमें दो नाबालिग हैं.

### हाथियों ने ग्रामीण को कुचल कर मार डाला

**टुंडी।** मानियाडीह पंचायत के गोधा गांव के रहनेवाले सुकू टुडू (28 वर्ष) को जंगली हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार डाला. युवक अपने खेत में धान खा रहे हाथियों को भागने गया था. इसी दौरान युवक हाथियों के बीच फंस गया और हाथियों ने उसे कुचल दिया. फिर हाथियों ने जीतपुर गांव में हनुमान मंदिर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से हाथियों के झुंड ने तबाह कर दिया है. युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल है.

### कई दिनों से लापता विक्षिप्त बच्ची घर लौटी

**खूंटी।** तपकारा थाना क्षेत्र में कई दिनों से लापता एक विक्षिप्त बच्ची शनिवार को घर लौट आई. वह शुक्रवार की रात लगभग डेढ़ बजे तपकारा आनंदपुर रोड में भटक रही थी. झामुमो के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और समाजसेवी सुदीप गुड़िया ने तपकारा थाना प्रभारी विक्रांत कुमार को इसकी जानकारी दी. थाना प्रभारी आज महिला पुलिसकर्मियों के साथ बच्ची को लेकर को सोनपुरपुर गढ़ पहुंची और उसके परिवार को सौंप दिया.

# अलग-अलग सड़क हादसों में 2 की मौत, 3 घायल

संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह जिले में शनिवार को अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी है. वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं. दोनों मामले में हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया. संबंधित थाना की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. पहली घटना बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदर सरिया रोड स्थित अंबाडीह मोड़ के पास हुई है. यहां गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी. इस हादसे में कार सवार मजलाडीह निवासी युवक की घटनास्थल पर हो मौत हो गयी. वहीं कार पर सवार तीन



अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गये. सभी को बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है.

### ट्रक की चपेट आकर पत्रकार के पिता की मौत

दूसरी घटना मुफस्सिल थाना अंतर्गत सिहोडीह के पास घटी है. यहां अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से स्थानीय न्यूज चैनल के रिपोर्टर मनोज कुमार राम के पिता सरयू राम की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार, सरयू राम शनिवार को सिहोडीह में अपनी दुकान खोलने जा रहे थे. इस दौरान वो अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गये. आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## पकरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**गुमला।** गुमला जिले के कामडारा थाना स्थित पकरा रेलवे स्टेशन के पास पंचू साहू के पुत्र रमेश साहू की मौत ट्रेन से कटकर हो गयी. परिजनों ने बताया कि रमेश साहू मिर्गी और मानसिक रोग से पीड़ित था. बताया जाता है कि रमेश साहू पकरा बाजार गया हुआ था. उसे लाने उसके परिजन गये हुए थे. लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रमेश साहू रेलवे लाइन के आसपास घूम रहा था. इसी क्रम में वह पटरियों पर चला गया और एक ट्रेन की चपेट में आ गया. घटना की सूचना मिलते ही कामडारा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को परिजनों को सौंप दिया गया है

### आओ जानें
## ट्रायल कैदियों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 5001 | मणिपुर | 506 |
| अरुणाचल प्रदेश | 127 | मेघालय | 821 |
| असम | 6495 | मिजोरम | 609 |
| बिहार | 44187 | नागालैंड | 261 |
| छत्तीसगढ़ | 11963 | ओडिशा | 15619 |
| गोवा | 419 | पंजाब | 15643 |
| गुजरात | 10195 | राजस्थान | 16930 |
| हरियाणा | 14951 | सिक्किम | 328 |
| हिमाचल प्रदेश | 1574 | तमिलनाडु | 8709 |
| झारखंड | 17103 | तेलंगाना | 3946 |
| कर्नाटक | 10577 | त्रिपुरा | 472 |
| केरल | 3569 | उत्तर प्रदेश | 80557 |
| मध्यप्रदेश | 31712 | पश्चिम बंगाल | 20144 |
| महाराष्ट्र | 26171 | उत्तराखंड | 3906 |

### लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमां को मिली थी गुप्त सूचना
# रांची रेलवे स्टेशन से नक्सली आकाश नगेसिया गिरफ्तार

**खास बातें**

- भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर है
- रविंद्र गंझू पर कई थानों में मामला दर्ज है

संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा पुलिस ने भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू दस्ता का सक्रिय सदस्य आकाश नगेसिया उर्प समेश्वर नगेसिया को रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है. लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. एसपी ने आज शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली आकाश नगेसिया ने पूछताछ में कई जानकारियां दी है. इसके अलावा कई मामलों में संलिप्तता को भी स्वीकार किया है. पूछताछ में बताया कि 26 मार्च को सेरेंगदाग स्थित बड़का नदी में पुल निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार ने लेवी देने से मना किया था तो उसने आगजनी की घटना को अंजाम दिया था. इसके अलावा 22 मई को लेवी न देने पर हत्या करने की नियत से मुंशी पर गोलीबारी की थी. हालांकि वह बच निकला था. आकाश ने 11 दिसंबर 2022 को अपने सहयोगियों के साथ मिलकर स्वराज के ट्रैक्टर और रोटावेटर को उसके घर के बाहर से चोरी कर ली थी.



## लातेहार : अपराधियों ने निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन में लगाई आग

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के नामूदग पंचायत स्थित मानिकडीह ग्राम में अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार देर रात एक मिक्सर मशीन में आग लगा दी. स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन पूरी तरह जल गयी है. हालांकि इस घटना में अपराधियों का हाथ है या उग्रवादियों का, इसका पता नहीं चल पाया है. किसी संगठन ने भी घटना की जिम्मेवारी नहीं ली है. ग्रामीण कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की छानबीन में जुटी हुई है.



# अपराधियों ने युवक को मारी गोली

संवाददाता। बोकारो

जिले के हरला थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस गोलीबारी में युवक को दो गोली (एक पैर में और एक कमर के नीचे) लगी है. जख्मी हालत में उसे बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. घायल युवक की पहचान सेक्टर-9 महुआर निवासी शंकर रवानी के रूप में हुई है.

गोलीबारी के बाद अपराधी वहां से फरार हो गये. इधर, दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना से बोकारो के ग्रामीण दहशत में हैं.

**पहले से घात लगाकर बैठे थे अपराधी :** मिली जानकारी के अनुसार, बड़ा खटाल के सामने



बाइक सवार दो अपराधी पहले से ही घात लगाये बैठे थे. इसी बीच जब शंकर रवानी अपनी बुलेट से सेक्टर-4 की ओर जा रहे थे तो पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. दो गोली लगने की वजह से शंकर रवानी सड़क पर गिर गये. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से भाग निकले. ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी हरला थाना को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल को बोकारो जेनरल अस्पताल ले गयी.

### सहायक महिला पुलिस ने एसिड पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की

**रांची।** चतरा पुलिस लाइन में कार्यरत सहायक महिला पुलिस राखी कुमारी ने एसिड पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की. हालांकि समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से उनकी जान बची गयी. राखी कुमारी को चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. होश में आने के बाद राखी कुमारी ने बताया कि उन्हें आठ नवंबर को परेड के लिए बुलाया गया था. लेकिन पैर में दर्द होने के कारण वह नहीं जा सकी थी. बताया कि परेड खत्म होने के बाद कुछ साथियों ने पुलिस लाइन में ही उसके साथ मारपीट की. दर्द बढ़ने के कारण वो दूसरे दिन नौ नवंबर को भी परेड में नहीं जा सकी. उस दिन भी साथियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की. कहा कि अंत में परेशान होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया.

## रांची : रातू में महिला की लाठी से पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता। रांची

जिले के रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी स्थित बाड़ी टोला में एक महिला की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी. यह घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है. जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर महिला का उसके परिजनों के साथ विवाद हुआ. विवाद इतना बढ़ गया कि परिजनों ने महिला को लाठी डंडे से बेहरमी से पीटा. गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस घटना में शामिल आरोपियों की धर पकड़ में जुटी हुई है.

**क्या हैं मामला :** हुरहुरी बाड़ीटोला में आपसी विवाद को लेकर देवर टुन्नु उरांव और भतीजा पंकज उरांव ने लकड़ी की बेंत और लात-घूसे मार-मारकर अपनी चाची बिरसी उरांव

**खास बातें**

- घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है
- महिला का परिजनों के साथ हुआ था विवाद

(65 वर्ष, पति बिदई उरांव) की जान ले ली. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात 11 बजे भतीजा पंकज उरांव ने शराब के नशे में अपनी चाची बिरसी उरांव के घर सामने आकर गाली-गलौज कर संतोष उरांव को जान से मारने की धमकी दे रहा था. तभी संतोष उरांव घर से बाहर निकला और उसको हल्ला करने से मना किया. इसी बीच संतोष की मां बिरसी उरांव भी बाहर निकली. तब पंकज के परिवार के टुन्नू उरांव, पैलूस उरांव और धनिया देवी वहां आ गये और संतोष के साथ मारपीट करने लगे.

### प्रवीण राय हत्याकांड में पहलवान ने किया समर्पण

**धनबाद।** चासनाला साउथ कोलियरी निवासी सेल कमी प्रवीण कुमार राय हत्याकांड में उत्तर प्रदेश का कथित शूटर सोनू गोल उर्फ पहलवान ने अदालत में आत्म समर्पण कर दिया. अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजने का आदेश दिया है. प्रवीण कुमार राय की हत्या 14 जून 2023 को उनके कार्यालय के समीप गोली मारकर कर दी गई थी. मृतक के भाई जयप्रकाश राय के बयान पर पाथरडीह थाना में धीरज सिंह, धर्मेंद्र सिंह समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. शूटरों द्वारा प्रवीण राय को बचाने आए बगल के आदमी को भी गोली मार दी गई थी. जिसकी मौत इलाज के दौरान हो गई थी. पुलिस इस मामले में धीरज सिंह समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया था. यूपी एसटीएफ की टीम द्वारा एक कथित शूटर को गिरफ्तार किया गया था.

## बाइक सवार अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, एक घायल

संवाददाता। बोकारो

शहर में सेक्टर-4 से सेक्टर-9 जाने वाले रोड पर बड़े खटाल के पास शनिवार को बाइक सवार दो अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया. उन्होंने बुलेट सवार सेक्टर 9 महुआर बस्ती निवासी शंकर रवानी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. घटना के पीछे पुराना विवाद बताया जा रहा है. इस गोलीबारी की घटना में शंकर रवानी को दो गोली लगी, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं. फिलहाल उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शंकर के साथ अप्पू सिंह भी था जो बाइक चला रहा था. अप्पू सिंह एक हत्या के केस का गवाह भी है. जानकारी के अनुसार शंकर रवानी अपनी बाइक से सेक्टर 9 की ओर से

**खास बातें**

- घटना के पीछे पुराना विवाद बताया जा रहा है
- शंकर रवानी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था

सेक्टर 4 की तरफ आ रहे थे. इस दौरान अहले से घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने बड़ा खटाल के पास उनके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. हरला थाना प्रभारी प्रभाकर मुंडा ने बताया कि फायरिंग की इस घटना में शंकर रवानी को एक गोली कमर के नीचे और एक गोली पैर में लगी है. घायल शंकर रवानी भी अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है और पूर्व में जेल भी जा चुका है.

### महिला के बैग से उच्चकों ने 70 हजार रुपये उड़ाए

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद मुख्य बाजार में बाजार करने आई एक सीएसपी संचालक महिला के बैग में रखे 70 हजार रुपये उच्चकों ने उड़ा लिए. महिला शनिवार को बेंगाबाद बाजार में लगे साप्ताहिक हाट आई हुई थी. महिला ने अपने बैग के अंदर छोटे पर्स में 70 हजार रुपये रखा हुआ था. बाजार में खरीदारी करने के क्रम में उच्चकों ने उसके बैग का चेन खोलकर रुपयों से भरा पर्स निकाल लिया. समान खरीदने के बाद जब महिला ने पैसे निकालने के लिए बैग में हाथ डाला तो उसके होश उड़ गए. बैग के अंदर से उसका पर्स गायब था. घटना शनिवार शाम की है. पीड़ित महिला लक्ष्मी देवी बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर स्थित बोरोटांड़ की रहने वाली है. वह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में बैंक सखी के रूप में काम करती है. साथ ही महुआर में सीएसपी का संचालन करती है.

# 4 साइबर ठग गिरफ्तार, 2 फरार

संवाददाता। जामताड़ा

झारखंड सरकार द्वारा लांच प्रतिबिंब ऐप के जरीए मिली मोबाइल लोकेशन के आधार पर 10 नवंबर को जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्रन्तर्गत रंगाडीह (भागाबांध) एवं झिलुवा के नदी किनारे से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो साइबर अपराधी भाग निकला.

गिरफ्तार साइबर अपराधियों में रंगाडीह (भागाबांध) गांव निवासी नाजीर अंसारी व ताजमुल अंसारी एवं झिलुवा गांव निवासी कन्हैया मंडल व बीरबल मंडल शामिल है. इन आरोपियों के पास से 18 मोबाइल, 26 सिम, 01 आईपेड, 01 केटीएम मोटरसाइकिल व 02 डोंगल वाईफाई जब्त किया गया है. शनिवार को परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि



प्रतिबिंब ऐप के जरिए पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी. जिसमें पुलिस निरीक्षक विश्वनाथ सिंह के नेतृत्व तथा अन्य पुलिसकर्मी को शामिल किया गया था. इस दौरान नारायणपुर थानान्तर्गत ग्राम रंगाडीह (भागाबांध) एवं ग्राम झिलुवा के नदी किनारे तेजला सुंधिया में साइबर अपराधियों के विरूद्ध छापेमारी हुई थी. बताया कि चार साइबर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि 2 युवक भागने में सफल रहा. इनके विरूद्ध जामताड़ा साइबर अपराध थाना में कांड दर्ज किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया.

इधर, पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न बैंकों का अधिकारी बनकर लोन देने के नाम पर मोबाइल शेयरिंग एप जैसे एनी डेस्क, टीम व्यूवअर, रस्ट डेस्क डाउनलोड करवाकर कार्ड नंबर तथा बिजली लाइन काटने का मैसेज देकर ठगी करता था.

**दुखद** पार्सल गेट के समीप सात नंबर रेल ट्रैक पर शनिवार सुबह बरामद हुआ था शव

# टाटानगर स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

संवाददाता। जमशेदपुर

टाटानगर स्टेशन के पार्सल गेट के समीप सात नंबर रेल ट्रैक पर शनिवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ. सूचना मिलने पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. मृतक की पहचान शिव शंकर कुमार (34) के रूप में हुई है, जो शहर में रहकर मेकॉन लिमिटेड कंपनी में ठेका मजदूर के रूप में काम करता था. आशंका व्यक्त की जा रही है कि मालगाड़ी के सामने कूद कर युवक ने आत्महत्या कर ली है. घटना के बाद रेल पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त



मृतक की फाइल फोटो

की. मृतक मूल रूप से बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला था. टाटानगर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी ने बताया कि परिजनों ने आत्महत्या करने से इंकार किया

**खास बातें**

- शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया
- ठेका मजदूर के रूप में काम करता था
- परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की

है. लिखित शिकायत में कहा है कि शिव शंकर ट्रेन की चपेट में आकर (दुर्घटना) का शिकार हो गया है. इस मामले में रेल पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई कर रही है.

## लातेहार में मालगाड़ी की चपेट में आयी महिला, एक हाथ कटा



**लातेहार।** सीआइसी सेक्शन के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड के बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप बाबा चौक के पास शनिवार को एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला बुरी तरह घायल हो गयी. घायल महिला की पहचान सैदुप ग्राम के पुरानी बस्ती निवासी प्रकाश भेंगरा की 40 वर्षीय पत्नी बृजिनिया भेंगरा के रूप में की गयी है. इस दुर्घटना में उसका एक हाथ कट गया है. स्थानीय लोगों की मदद से उस महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह में भरती कराया गया. जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक इलाज किया. उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया. चिकित्सकों के अनुसार महिला खतरे से बाहर है.

# चार पहिया वाहनों के चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

संवाददाता। दुमका

पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए 6 चारपहिया वाहन एवं एक टोटो बरामद किया है. यह जानकारी शनिवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने पत्रकारों को दी. खेरवार बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी और वाहनों की बरामदगी दुमका और बिहार के विभिन्न जिलों से हुई है. एसपी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुसनिया डंगाल में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में अंतरराज्जीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ. दुमका सहित राज्य के अन्य जिलों से वाहन चोरी कर बिहार ले जाने और फर्जी चेसिस व इंजन नंबर पंच करवा कर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कम मूल्य पर बेचने का कार्यों का खुलासा हुआ. गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने बिहार के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए चार स्कार्पियो वाहन एवं एक टोटो और बैट्री को बरामद किया. गिरफ्तार आरोपितों दुमका जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुखराली निवासी कमल पाल, असहना निवासी नवीन कुमार सिंह, गिरिडीह के नगीना सिंह रोड निवासी सुबोध कुमार, बिहार के समस्तीपुर निवासी मो रब्बान, बक्सर निवासी कमलेश सिंह यादव और सारण जिला निवासी सोनू कुमार सिंह को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

**दीपोत्सव : ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे सिदगोड़ा, शुद्ध घी से पहला दीप जला कर बांटीं खुशियां**

# पूर्व संध्या पर 11 हजार दीपों से जगमगा उठा सिदगोड़ा का सूर्य मंदिर

संवाददाता। जमशेदपुर



दीपावली की पूर्व संध्या पर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर को अयोध्या की तर्ज पर रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है. शनिवार को सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर प्रांगण व पूरे मंदिर परिसर में 11 हजार देशी घी के दीये जलाए गए. इसमें बतौर मुख्य अतिथि ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास उपस्थित थे. राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर समिति के सदस्यों के संग दीपक जलाकर दीपावली की खुशियां साझा की. इस दौरान हजारों की संख्या में जले दीपों से पूरा मंदिर परिसर जगमग नजर आया. चारों तरफ दीप ही दीप नजर आ रहे थे और ऐसा लगा कि अमावस्या की काली रात को दीपों की रोशनी ने पूर्णिमा की रात में बदल दिया. जैसे-जैसे शाम ढलती गई वैसे-वैसे दीपक भी सुनहली रंगत के साथ जगमगा उठे.

### वोकल फॉर लोकल अभियान आगे बढ़ाने का आह्वान

पूर्व सीएम रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पहला दीपक जलाया और धीरे-धीरे दीपों की सुंदर कतार सज गय. इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने कई सुदंर रंगोली बनाकर दीपक सजाए. वहीं, उपस्थित मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने दीपक सजाकर एवं शानदार आतिशबाजी कर खुशियां मनाई. इससे पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ओडिशा राज्य के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित झारखंड वासियों को दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं व्यक्त कर सभी के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की. उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कुम्हार द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये सहित स्थानीय उत्पादों के अधिक से अधिक प्रयोग में लाकर गरीब वर्गों की दीपावली खास और खुशहाल बनाने की अपील की.

**आओ जानें**

## झारखंड का मधुबन

- परिचय – जैन धर्मावलंबियों का विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल है मधुबन.स्थान– गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड में मधुबन एक गांव है. गिरिडीह में विभिन्न पर्यटन स्थलों से यह एक है.
- जैन मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध मधुबन की गिनती गिरिडीह के प्रमुख पर्यटन स्थलों में की जाती है.
- दर्शनीय– मधुबन में 2000 वर्ष से अधिक प्राचीन जैन मन्दिरों को देखा जा सकता है. इन मन्दिरों में सामोशरण मन्दिर और भुमियाजी स्थान मन्दिर प्रमुख हैं.
- मन्दिरों के अलावा मधुबन में जैन संग्रहालय की यात्रा भी की जा सकती है. संग्रहालय में जैन प्रतिमाओं और महाकाव्यों की झलक देखी जा सकती है.
- संग्रहालय की बालकनी में एक दूरबीन भी लगाई गई है, जिससे पारसनाथ मन्दिर के मनोहर दृश्य देखे जा सकते हैं.
- सांस्कृतिक विशेषता– 4,479 फीट (1,365 मीटर) ऊंचे पारसनाथ पहाड़ी( शिखरजी) के आधार पर स्थित मधुबन, जैनियों के लिए काफी धार्मिक महत्व का स्थान है. दहराम मंगल विदापीठ मंदिर का निर्माण हाल ही में हुआ है.
- परिवहन – राष्ट्रीय राजमार्ग 14ए , जो स्थानीय रूप से इसरी–गिरिडीह रोड के रूप में लोकप्रिय है, मधुबन के पास से गुजरता है. भारतीय रेलवे ने राज्य में रेलवे विकास के लिए जनवरी 2017 में झारखंड के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इस समझौते में गिरिडीह–पारशनाथ–मधुबन लाइन भी शामिल है.





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सप्तम चन्द्र केतु है. जीवनसाथी से अनबन हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें.

**वृषभ** केतु रोग भाव मे हैं. रोग से बचें. असमंजस की स्थिति बनेगी. लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है.

**मिथुन** माता का ध्यान रखें. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. समय का उपयोग होगा और लाभ का वातावरण बनेगा.

**कर्क** मानसिक शांति की आवश्यकता है. घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा. आपके कार्य के प्रभाव से आय बनी रहेगी.

**सिंह** बेकार की बहस से बचें. कोई बड़ा कार्य होगा. पराक्रम लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. पर यात्रा टाले.

**कन्या** पुराने रोग को नजरअंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं. प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है. फल का दान करें.

**तुला** कहीं बाहर की यात्रा बन सकतीहै. सृजन-शीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे.

**वृश्चिक** खर्च से मन खिन्न होगा. निद्रा में दिक्कत होगी. पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं.

**धनु** परिवार में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी.

**मकर** पिता का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है.

**कुंभ** शनि को प्रसन्न करें. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है. थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं.

**मीन** बेकार की बहस से बचें. दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. संकटा स्तुति का पाठ करें. धर्म कर्म पर ध्यान दें.

### दीपावली की पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा

**गढ़वा**। गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय में शनिवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाली गयी. महावीर झंडों की शोभायात्रा श्री रघुनाथ अखाड़ा से निकली और संपूर्ण रंका क्षेत्र में भ्रमण करती रही. शोभायात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रोहिणी रमन सिंह, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया तथा श्री रघुनाथ अखाड़ा के पुरोहित बलराम पांडेय कर रहे थे. उल्लेखनीय है कि शोभा यात्रा विगत कई दशकों से श्री रघुनाथ अखाड़ा के प्रांगण से प्रत्येक वर्ष दीपावली की पूर्व संध्या पर निकाली जाती है. यह शोभायात्रा पूरे जिले के मात्र रंका में ही बड़े धूमधाम से निकाली जाती है. इस मौके पर रंका के दरोगा शंकर प्रसाद कुशवाहा और उनके टीम के लोग काफी सक्रिय रहे.

**तैयारियां : आज जलेंगे दीप, होगी मां लक्ष्मी की पूजा**

# खूब बिकी समृद्धि की प्रतीक धान की बाली

संवाददाता। रांची



दीपोत्सव के आलोक में दीपोत्सव और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के लिए शनिवार को राजधानी पूरी तरह से तैयार हो चुकी है. 12 नवंबर को संध्या दीप जलाये जाएंगे. वहीं सुख और सौभाग्य की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाएगी. इस अवसर पर शनिवार को राजधानी में विभिन्न स्थलों पर धान की बाली की खूब बिक्री हुई. वैसे तो इस पर्व में श्रद्धा और आनंद के लिए बहुत सारी वस्तुओं की आवश्यकता होती है, लेकिन शुभ शकुन और मां लक्ष्मी की पूजा में धान की बाली का विशेष महत्व है, क्योंकि धन को धन-संपदा का प्रतीक माना जाता है. यही कारण है कि धान की पूजा मां लक्ष्मी के साथ की जाती है. दीपावली पर्व में ही हाथों से बनाई गई बाली का अन्य सगुन में भी उपयोग किया जाता है. माता लक्ष्मी की पूजा के साथ ही सोहराई पर्व में भी इसका बहुत महत्व है.

उल्लेखनीय है कि धान का बाली को सगुन मानकर श्रद्धालु घर के मुख्य द्वार के बीच में टांगते हैं और पूजागृह में मां लक्ष्मी की तस्वीर के साथ रखते हैं.लोगों ने बताया कि ऐसा करने से घर में हमेशा धन की बरकत बनी रहती है. धन और अन्न का कमी नहीं होती. इस अवसर पर तमाड़ प्रखंड के बेचने वाले नेपाल पुरान ने बताया कि पूरे शहर में तमाड़ प्रखंड के 99 प्रतिशत लोग इस कारोबार में बाजार में बेचने आये हैं. एक व्यक्ति 500-600 धान की बाली बाजार में लाकर बेचता है. एक माला बनाने में 20-25 बाली का उपयोग किया गया है.इसे बनाने में 6 दिन से भी अधिक समय लगा है. रांची शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर बेच रहे हैं, जिसमें फिरायालाल, मेन रोड, कांटाटोली, कोकर, रातु रोड, मोरहाबादी शामिल है. कोकर में चार साल से दुकान लगा रहे है. 450 माला बनाने में 6 दिन का समय लगा है.तामाड़ प्रखंड के 99 प्रतिशत लोग इस कारोबारी से जुड़े हुए है.

सभी बाली हाथो से बनाई गई है.लक्ष्मी पूजा में इसका ज्यादा उपयोग किया जाता है.दरवाजा के बीच में टांगते है.ऐसा माना जाता है कि इस दिन लक्ष्मी सभी घरो में घुमते है.अमावस्या की रात लक्ष्मी घर घर घुमता है.दिवाली के दूसरे दिन में बैल के सिंग में टांग कर पूजा करते हैं.धान को लक्ष्मी मानकर पूजा करते हैं.

**खास बातें**

- लक्ष्मी पूजा और शगुन में होता है धान की बाली का विशेष उपयोग
- घर के मुख्य द्वार पर और पूजा घर में रखी जाती है धान की बाली

### गौरैया चिड़िया और धान की बाली

अन्न दाता के रूप में पूजा कर घर के दरवाजा पर टांगा हुआ धान को गौरेया चिड़िया खाने से घर में लक्ष्मी का वास माना गया है.

### झुमका मॉडल की खूब खरीदारी

बाजार में धान की बाली बेचने के लिए एक सप्ताह से तैयारी की जाती है.इसमें धान की माला की 9 प्रकार की डिजाइन बनाकर बाजार में लाया जाता है. उनमें पानपत्ता डिजाइन, भैसा माला, मोर, त्रिभुजकार डिजाइन,चारखोट डिजाइन, तितली मॉडल, झाडु मॉडल और झुमका मॉडल शामिल है.

### कालियाम पंचायत में बाल मेले का आयोजन

**चाकुलिया**। चाकुलिया प्रखंड की कालियाम पंचायत के कालियाम आंगनबाड़ी में शनिवार को यूनिसेफ एवं विक्रमशिला के संयुक्त तत्वावधान में बाल मेला का आयोजन किया गया. आयोजित बाल मेला में आंगनबाड़ी केंद्र कालियाम, गोहालडांगरा, धाधिका एवं कालाझारिया के नन्हे बच्चों ने बाल मेला में डांस, बाल गीत, कविता एवं कहानियों की मनमोहक प्रस्तुति दी. नन्हे बच्चों की सुंदर प्रस्तुति को बाल मेला में उपस्थित दर्शक एवं अभिभावकों ने सराहा. बच्चों एवं अभिभावकों की साझा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी मोहित महतो (कालियाम) प्रथम, द्वितीय, ठाकुरदास किस्कु (कलझारिया), घनीराम सोरेन, जोबा हेम्ब्रम ने प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त किया.

### विनेक्स क्लब ने तैयार किया भव्य पूजा पंडाल

**रांची**। विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति, बरियातू इस वर्ष काली पूजा महोत्सव धूमधाम बनाने जा रही है. क्लब द्वारा इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है, जिसमें मां श्यामा काली के रूप में दर्शन देंगी, मां की पूजा रविवार को रात्रि 11 बजे से शुरू होगी. सोमवार संध्या 7 बजे मां को खिचड़ी तथा मंगलवार को खीर का महाभोग मां को अर्पित किया जाएगा. 15 नवंबर को मां को हलवे का भोग लगाने के बाद मां की विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी. समिति के अध्यक्ष राणा रणधीर ने बताया कि विनेक्स क्लब श्री काली पूजा समिति के पंडाल का निर्माण कार्य रांची के ख्याति प्राप्त महेंद्र सवा फ्रेंड्स टेंट हाउस के माध्यम से किया जा रहा है. लाइट में सुंदर व्यवस्था की गई है, लाइट की व्यवस्था दुर्गा लाइट द्वारा की जा रही है.

## आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत मंच ने बांटी मिठाई



संवाददाता। चांडिल

आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच की चांडिल शाखा की ओर से शनिवार को नीमडीह प्रखंड के तेतलों खड़िया बस्ती में आदिम जनजाति परिवारों के बीच दीपावली के अवसर मिठाई का वितरण किया गया. दीपावली के मौके पर हाथ में मिठाई का डिब्बा पाकर आदिम जनजाति परिवार व बच्चों के चेहरे पर खुशी दौड़ पड़ी. इसके बाद मारवाड़ी युवा मंच चांडिल द्वारा चांडिल प्रखंड के शहेरबेड़ा व बनडीह गांव जाकर ग्रामीणों के बीच मिठाई का वितरण किया. दीपावली के पूर्व मंच का आनंद सबके लिए कार्यक्रम अच्छी पहल है.

मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष संजय चौधरी में कहा कि मंच समाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था हैं. इस वर्ष आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत संस्था की ओर से मिठाई व अन्य सामग्री का वितरण किया गया है. उन्होंने कहा कि युवा मंच चांडिल शाखा हमेशा सामाजिक कार्यो के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती आ रही है. आम लोगों ने भी युवा मंच चांडिल शाखा के इस आयोजन की प्रशंसा की. इस अवसर पर मुख्य रूप से आलोक बगड़िया, दुर्गा चौधरी, अश्विनी शर्मा, निकिता जालान, मोंटी चौधरी, हरीश सुलतानीया, रोहित चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे.

## दीये से रोशन होगा चांडिल अनुमंडल



संवाददाता। चांडिल

आधुनिकता के दौर में लोगों ने मिट्टी के दीयों को अंधेरे में धकेल दिया था, मिट्टी के दियों की पहचान बरकरार रखने के लिए कुम्हार भी अब आकर्षक व नये डिजाइन के दीये बना रहे हैं. वर्तमान समय में जैसे-जैसे लोगों को मिट्टी के दीयों की महत्ता के बारे में पता चला रहा है, लोग इनकी ओर आकर्षित हो रहे हैं और इनकी बाजार में मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है. त्योहारों में मिट्टी के दीया जलाने से घर में सुख, समृद्धि और शांति आती है और पर्यावरण को भी नुक्सान नहीं पहुंचता है. हमें अपनी प्राचीन कला को विलुप्त होने से बचाने के लिए दीपावली के पर्व को मिट्टी के दीयों की रोशनी से रोशन करना होगा.चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मिट्टी के सामान की मांग अधिक रहती है. दीपावली पहुंचने के साथ बाजार में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे है, जिसे बाजार में दिनभर भीड़ नजर आ रही है. चांडिल बाजार, चौका मोड़, रघुनाथपुर समेत अन्य स्थानों में मिट्टी के बने दीया और अन्य सामग्रियों की दुकाने सज गई हैं. लोग सुबह से ही दीया व अन्य सामग्री खरीद रहे हैं.

## आदित्यपुर में छठव्रतियों के बीच बंटेंगी 2000 चुनरी व साड़ियां

संवाददाता। आदित्यपुर



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 नवंबर से 18 नवंबर के बीच रोड नं-15, आदित्यपुर-2 स्थित मैदान में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से छठव्रती माता- बहनों के बीच 2000 चुनरी साड़ी, 2000 मिट्टी के चूल्हे, चूल्हा बनाने हेतु इंट, मिट्टी के अलावा 2000 लौकी, 50 क्विंटल आटा, आम की लकड़ी, चीनी, चावल इत्यादि का वितरण कूपन के माध्यम से किया जाएगा. इसकी जानकारी आज प्रेसवार्ता में दी. प्रेस वार्ता में पुरेंद्र ने बताया कि 13 और 14 नवंबर को आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति के कार्यकर्ता चयनित क्षेत्र में छठव्रती माता- बहनों के घर-घर जाकर कूपन का वितरण करेंगे. उन्होंने कहा कि 15 नवंबर से लेकर 18 नवंबर तक कूपन में दिए गए स्थान और समय पर पूजन सामग्री का वितरण अतिथियों के कार्यक्रमों द्वारा किया जाएगा. आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा यह भी बताया गया कि पूजन सामग्री छठव्रती या उनके परिवार के 18 वर्ष या उससे ऊपर के ही सदस्य को कूपन के आधार पर दिया जाएगा.

पुरेंद्र ने कहा कि कुल्लूपतांगा छठ घाट पर श्री श्री राम मंदिर नवयुवक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा लगाए जाने वाले शिविर में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति भी अपना सहयोग प्रदान करेगी, एवं छठ पूजा के अवसर पर 20 नवंबर को प्रातः 7:00 बजे छठ घाट पर छोटे बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा.

प्रेस वार्ता में पुरेंद्र नारायण सिंह के साथ टाटा वर्कर्स यूनियन के असिस्टेंट सेक्रेटरी नितेश राज, बैकुंठ चौधरी, देव प्रकाश देवता, संतोष कुमार शर्मा, पृथ्वी शर्मा, सौरभ कुमार गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, अधिवक्ता संजय कुमार, बैजू यादव, अजय कुमार ठाकुर, चंद्रकांत यादव, अरविंद कुमार सिंह, सूरज देव सिंह, ओम प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद थे.

**खास बातें**

- दो हजार लौकी, चूल्हे, आटा, चीनी का भी होगा वितरण
- घर-घर जाकर व्रतियों को दिया जाएगा सामानों का कूपन

**सोहराय** पर्व को लेकर सिंहभूम के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल, तैयारी अंतिम चरण में

# छात्रा ने मिट्टी के घर को बना दिया वंदे भारत एक्सप्रेस

संवाददाता। जमशेदपुर





सोहराय पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है. आदिवासी समाज के इस महान पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में तैयारी अंतिम चरण में है. सोहराय पर्व पर ग्रामीण अपने घरों को खूबसूरत अंदाज में सजाते हैं. मिट्टी से बने रंगों से अपने घरों के बाहर मनमोहक कलाकृति उकेरी जाती है. जिनकी चमक महंगे रंगों की तरह होती है. इस बार जमशेदपुर से सटे ग्रामीण क्षेत्र जोंद्रागोड़ा गांव की एक छात्रा ने सोहराय पर अपने मिट्टी के घर को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का रूप दिया है. मिट्टी के रंगों से झोपड़ी में बनायी गयी वंदे भारत एक्सप्रेस लोगों को आकर्षित कर रही है. बता दें कि संथाल समाज सोहराय पर्व को प्रमुखता से मनाते हैं.

पांच दिनों तक मनाया जाने वाला यह पर्व कृषि से जुड़ा हुआ है. घरों का रंग-रोगन करना व सजाना उनकी परंपरा है. इस पर्व में कृषि में साथ देने वाला पशु और नये फसल की पूजा होती है.

**खास बातें**

- सोहराय पर्व के अवसर होती है घरों की सफाई और रंगरोगन
- कृषि में साथ देनेवाले पशुओं और फसल की होती है पूजा

### ग्रामीणों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

जोंद्रागोड़ा गांव में गांव की एक छात्रा पूर्णिमा ने अपने मिट्टी के घर को देश की चर्चित ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस जैसा रूप दिया है. पूर्णिमा ने वंदे भारत को हूबहू अपने घर के बाहर उकेरा है. सफेद और नीले रंग से बनी ट्रेन की आकृति को देख ऐसा लगता है मानो गांव मे वंदे भारत खड़ी है. पूर्णिमा बताती है कि सोहराय को वे लोग विशेष रूप से मनाते हैं. घर की सफाई कर दीवारों का रंग-रोगन करते हैं. इसके लिए रंग वे लोग खुद बनाते है.

### 3000 वर्गफीट में बनाई भगवान श्रीराम की रंगोली

**जमशेदपुर**। आंध्र भक्त श्रीराम मंदिरम बिष्टुपुर में दिवाली के पावन अवसर पर भगवान श्री राम की 3000 वर्गफीट 60'× 50'की भव्य रंगोली कलाकार विवेक मिश्रा एवम टीम द्वारा बनाई गई. शनिवार को जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के विधायक सरयू राय द्वारा इसका विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर कलाकार विवेक मिश्रा ने बताया इसे बनाने में उन्हे सात दिन का समय लगा राम मंदिरम कमिटी के सदस्यों के सहयोग से इस विशेष कार्य का अवसर मिला. जिसके लिए मैं पूरे कमेटी को धन्यवाद देता हूं. जमशेदपुर में पहली बार इतनी बड़ी 60 फीट की रंगोली बनी है.इससे पूर्व विवेक ने दुर्गा पूजा एवम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भी रंगोली बनाई थी. विवेक ने बताया कि उन्होंने इसका कोई प्रशिक्षण नही लिया है सिर्फ शौकिया तौर पर ये करते है.

## मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया दीपों का उत्सव



संवाददाता। रांची

मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को खूंटी के तिरला गांव में दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत गांव के बच्चों के साथ खुशियों भरी दिवाली मनाई गई. ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा वहां मौजूद बच्चों के बीच कपड़े, मिठाई फुलझड़ी, बिस्किट्स चॉकलेट्स का वितरण किया गया. साथ ही ग्रामीण घरों में दीया, बाती तेल और मिठाई का वितरण कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं. ट्रस्ट के ट्रस्टी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा निरंतर इस तरह का प्रयास किया जाता है, ताकि हम वास्तविक जरूरतमंद बच्चों के बीच उनके हिस्से की खुशियों को बांट सकें.

● काली पूजा की तैयारी पूरी ● भव्य पंडाल और मां की प्रतिमा होगी आकर्षण का केंद्र ● हर ओर बिखरी है दीपोत्सव की सतरंगी छटा

# शहर से गांव तक मां की भक्ति में डूबा काली पूजा की धूम



**शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में काली पूजा की धूम है. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. मां काली की प्रतिमा के आलावा भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण के केन्द्र होंगे. कहीं केदारनाथ मंदिर की थीम पर पंडाल बन रहे हैं तो कहीं थाइलैंड के मंदिरों की कलाकृतियों को उकेरा गया है. पूजा कमेटियां अपने - अपने स्तर से इसकी तैयारी की है. काली पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है. शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में पुराने मंदिर को सजाकर नया रुप दिया गया है. कई स्थानों में महाप्रसाद का वितरण, भोग और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. बहरागोड़ा के सार्वजनीन काली पूजा कमेटी की ओर से पूजा के साथ दस दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है. जो इस क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है. दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश की भी पूजा होती है. दीपोत्सव पर घरौंदा, मिट्टी के खिलौने, दीये, गेंदा फूल, कमल गट्टा सहित अन्य पूजन सामग्रियों की काफी बिक्री होती है. इसे लेकर भी विभिन्न शहरों में बाजार सज गए हैं. धनतेरस से ही इसकी खरीदारी शुरु हो गई है. पटाखों की भी दुकानें सज गई है. लोग खरीदारी कर रहे हैं. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में दीपोत्सव से जुड़ी जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...**

## आज मध्य रात्रि मां काली की होगी पूजा, दर्शन के लिए भक्त आतुर

**राजधानी के काली पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार है. मां की आशीष बरसाती आदमकद प्रतिमाएं विराजमान कर दी गयी है. दीपोत्सव पर रविवार की रात राजधानी जहां रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाएयी, वहीं मां काली की आराधना और भक्ति से भी सराबोर होगी. मध्य रात्रि वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से श्रद्धालु मां की पूजा-अर्चना करेंगे. सोमवार को आम भक्तों के लिए पूजा पंडालों का पट खोल दिया जायेगा. फिर भक्ति के साथ पूजनोत्सव का शुरू हुआ आलम तीन दिनों तक चहुंओर छाया रहेगा. बंग समुदाय ही नहीं सभी सनातनी इसमें बढ़-चढ़ भक्ति के महासमुंद में गोता लगायेंगे.**

**मां भवानी क्लब काली पूजा समिति, रॉक गार्डेन कांके रोड :** यहां मां की मनमोहक प्रमिमा और साज-सज्जा देखते ही बनेगी. मां का दर्शन मदुरई के मीनाक्षी मंदिर के प्रारूप पर बने भव्य पंडाल में होगा. साथ ही विद्युतचलित प्रतिमाओं के माध्यम से बानर सेना द्वारा राम सेतु निर्माण का दृश्य बरबस ही लुभायेगा. विशाल बोर्ड पर विधित आकृति के माध्यम से नवनिर्मित अयोध्या के श्रीराम मंदिर का अवलोकन भी श्रद्धालु कर सकेंगे. अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि 12 नवंबर की रात मां की पूजा-अर्चना की जायेगी. सोमवार को उद्घाटन के साथ आम भक्तों के लिए पूजा पंडाल का पट खोल दिया जायेगा. 14 नवंबर की शाम 31 सुहागिनों द्वारा गंगा आरती उतारी जायेगी. बुधवार को भंडारा और भोग वितरण के बाद मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा. दिनेश सिंह तोमर, उमेश सिंह, रामलखन राम, राकेश पांडेय, रंजीत चौबे, अरविंद गुप्ता, नयन प्रमार आदि पूजा के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

**शक्ति क्लब काली पूजा समिति, न्यू एजी कॉलोनी कडरू :** भव्य दरबार में विराजमान मां का आदमकद स्वरूप देखते ही बनेगा. काल्पनिक मंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल, विद्युत सज्जा तो लुभायेगा हीं, खाने-पीने के स्टाल और कई तरह के झूलों का अलग ही आकर्षण रहेगा. राजा चक्रवर्ती ने बताया कि 14 नवंबर की शाम बच्चों के लिए कार्यक्रम होंगे. बुधवार की शाम सूर संगम का आयोजन किया जायेगा. सुभष मजुमदार और साथी भक्ति गीतों का कार्यक्रम पेश करेंगे. 16 नवंबर को मां की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जायेगा. अध्यक्ष अशोक तिवारी, सचिव राजेश गुप्ता ने दर्शनार्थियों से पूजनोत्सव में भाग लेने की अपील की है.

**इंद्रपुरी काली पूजा समिति, बिड़ला मैदान रातू रोड:** मां भव्य दरबार में विराजेंगी. काल्पनिक मंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल की साज-सज्जा देखते ही बनेगी. रंग-गिरंगी लाइटों से रौशन पूजा स्थल पर चकरी काटते कई तरह के बड़े-छोटे झूले दर्शनार्थियों को बरबस ही आकर्षित करेंगे. दिलीप गुप्ता, संदीप राणा, रंजीत श्रीवास्तव, बंटी साहू आदि पूजा के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

**न्यू काली पूजा समिति, काली मंदिर रोड डोरंडा :** पूजा पंडाल का पट रविवार की शाम सात बजे उद्घाटन के साथ आम भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा. भक्त दरबार में विराजमान मां काली का दर्शन मनमोहक होगा. साथ ही पूजा स्थल पर की गयी लाइटिंग की मनोहारी छटा देखते ही बनेगी. संरक्षक नवरत्न वाली, टापू घोष ,संजय घोष अध्यक्ष शंभू गुप्ता ,महामंत्री अजय घोष ,कोषाध्यक्ष मनोज मालाकार, मीडिया प्रभारी रोहित शारदा, वापी घोष ,बिट्टू घोष ,बबलू दास ,राजा सिंह , दीनू,विक्की घोष, राहुल घोष, विकास ,बॉबी, मनोज नायक, रणधु उरांव,नितेश गुप्ता ,राजेश झा, सुमो घोष आदि पूजा आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

**काली पूजा स्वागत समिति, किशोरगंज हरमू रोड :** काल्पनिक मंदिर के प्रारूप पर आधारित पूजा पंडाल के दरबार में मां काली का मनभावन प्रतिमा का अलग ही आकर्षण होगा. यहां महाआरती और भोग वितरण का विशेष् आयोजन किया जा रहा है. दिलीप वर्मा ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के नवनिर्माण की खुशी में इस बार महाआरती का आयोजन किया जा रहा है. इस बार की पूजा इसी भाव को समर्पित है. सोमवार की शाम सात बजे 1001 मातृशक्तियों द्वारा मां की आरती उतारी जायेगी. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

**हेसल काली पूजा समिति, रातू रोड :** चट से बने पूजा पंडाल की आभा देखते ही बनेगी. मां काली का दरबार भी आकर्षक होगा. सुरेंद्र साहू ने बताया कि रविवार की रात मां की पूजा-अर्चना के बाद आम भक्तों के लिए पंडाल का पट खोल दिया जायेगा. दूर तक की गयी विद्युत सज्जा दर्शनार्थियों को लुभायेगी. पूजा स्थल रंग-गिरंगी लाइटों से जगमगायेगा. पूजनोत्सव के दौरान भक्ति संध्या और मां के विषेष भोग का खास आयोजन किया जायेगा.

---

**बहरागोड़ा**



बहरागोड़ा काली संघ क्लब, पाटपुर सार्वजनिन काली पूजा कमेटी

## केदारनाथ की थीम पर पूजा पंडाल होगा आकर्षण का केंद्र

बहरागोड़ा काली संघ क्लब भवन में पाटपुर सार्वजनीन काली पूजा कमेटी 1984 से मां काली की पूजा करती आ रही है. इस बार केदारनाथ धाम के स्वरुप में पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है. जिसमें श्री राम के राज्याभिषेख की थीम पर मां काली की भव्य मूर्ति आकर्षण का केंद्र रहेगी. साथ ही 12 से 21 नवंबर होने वाली काली पूजा सह काली मेला का आयोजन काली संघ मैदान में किया गया है. जिसमें झूला, दोला, विभिन्न प्रकार की दुकानें, बच्चों के मनोरंजन के साधन तथा विभिन्न स्टॉल लगेंगे. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. जिसको सफल बनाने के लिए कमेटी की ओर से अध्यक्ष बाप्तु साव, उपाध्यक्ष मदन मदीना व बिमान जाना, सचिव रास बिहारी साउ,कोषाध्यक्ष अपूर्व सुंदर दास ,सह कोषाध्यक्ष मिलन ओझा आदि लगे हुए हैं.



मां तारा संघ, बहरागोड़ा श्मशान काली पूजा कमेटी का पंडाल

## पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन

बहरागोड़ा श्मशान काली पूजा कमेटी मां तारा संघ द्वारा वर्ष 1992 से काली पूजा का आयोजन किया जाता रहा है. यहां पूजा बहुत धूम धाम से होती है. इस वर्ष भी आकर्षक पंडाल के साथ भव्य मूर्ति का निर्माण किया गया है.साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्मशान काली में बलि प्रथा के तहत पूजा होगी. भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा. वहीं भक्त जनों के लिए आकर्षक विद्युत सज्जा,महाप्रसाद वितरण एवं कई सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इन सारे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष झाड़ेस्वर दंडपात, उपाध्यक्ष पप्पू राउत, सचिव राजकुमार कर उप सचिव राजीब राउत,श्रीकांत सीट एवं कोषाध्यक्ष पीयूष कांति भुइयां आदि लगे हुए हैं.

**बोकारो**



## काली मंदिरों में पूजा की तैयारी पूरी,भक्तों में है खासा उत्साह

दीपावली एवं काली पूजा की तैयारी पूरे बोकारो जिले में धूमधाम से की गई है. बोकारो शहर के सेक्टर 9 काली बाड़ी से लेकर सेक्टर 2 स्थित काली मंदिर, चास, जैनामोड़ पाथुरिया, पेटरवार, चंदनकियारी, कसमार प्रखंड के सुरजुडीह, मोचरो समेत अन्य दर्जनों स्थानों में निर्मित काली मंदिरों में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गयी है. इधर काली पूजा को लेकर बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है. कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह में प्राचीन काली मंदिर में आठ फीट की प्रतिमा बनाई गई है. पूजा कमेटी के सदस्य रथिंद्र मुखर्जी ने बताया कि 12 नवंबर की रात्रि मां काली की पूजा अर्चना की जाएगी.

13 नवंबर की शाम स्थानीय पुरनाबांध में प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम है. इधर जरीडीह प्रखंड के पाथुरिया में भी काली पूजा को लेकर गांव से लेकर मंदिर में आकर्षक साज सज्जा के साथ बिजली की प्रकाश व्यवस्था की गई है. काली पूजा के अवसर पर पौराणिक जात्रा पाला का भी आयोजन किया जाएगा. कसमार प्रखंड में सुरजुडीह, मोचरो के अलावे 21 स्थानों में काली पूजा की जा रही है.

---

**जमशेदपुर**

## 1930 से होता आ रहा है काली पूजा का आयोजन, इस बार भी खास है तैयारी

**टेल्को के मनीफिट में सार्वजनिक काली पूजा कमेटी द्वारा 1930 से पूजा का आयोजन किया जा रहा है. पहले पूजा का आयोजन छोटे रूप से किया जाता था, पर अब इसे भव्य रूप से मनाया जाता है. इस पूजा में आस-पास के अलावा बाहर से भी श्रद्धालु पूजा करने आते हैं. इसका उद्घाटन विधायक सरयू राय करेंगे. यहां सात दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा. पूजा कमेटी के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, सचिव धर्मेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, राकेश सिंह, अमरेंद्र प्रताप, मंटू, बासु दा समेत अन्य पूजा आयोजित करने में लगे हुए हैं.**



### श्री श्री काली पूजा कमेटी, नव युवक चेतना मंच

जमशेदपुर के गोलमुरी में श्री श्री काली पूजा कमेटी, नव युवक चेतना मंच द्वारा भव्य तरीके से काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है. इस बार और भव्य पंडाल और मूर्ति का निर्माण हुआ है. महाप्रसाद का आयोजन किया गया है जो इस बार 13 नवम्बर को है. जिसमें कम से कम 4 हजार भक्त महाप्रसाद ग्रहण करेंगे. कमेटी के मुख्य संरक्षक कमल किशोर, संस्थापक मंटू तिवारी, मुख्य संयोजक अंजनी पांडेय और अध्यक्ष रामेश्वर कुमार हैं.



### 1976 से हो रहा है काली पूजा का आयोजन

मानगो त्रयंबक हनुमान मंदिर (बड़ा हनुमान मंदिर) के काली पूजा पंडाल का उद्घाटन मंत्री बन्ना गुप्ता करेंगे. यहां साल 1976 से काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है. इस बार पूजा समिति द्वारा मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके ऊपर शिव जी बिराजमान होंगे. काली पूजा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है. घरों में भी पूजा को लेकर तैयारी की गई है.



### भवानी यूथ क्लब ,1971 से हो रही है पूजा

मानगो के ही जवाहरनगर रोड नंबर चार में भवानी यूथ क्लब द्वारा काली पूजा का आयोजन किया जाता रहा है. साल 1971 से यहां काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है. पंडाल का उद्घाटन मंत्री बन्ना गुप्ता करेंगे. यहां तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. इसके अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार और कोषाध्यक्ष सोनू मंडल हैं.

**बेंगाबाद**

## 15 वर्षों से धूम धाम से हो रही काली पूजा

बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के हरिला पंचायत स्थित गंगटी में पिछले 15 वर्षों से काली पूजा खूब धूम धाम से मनाई जा रही है. इस वर्ष भी पूजा हो रही है. दीपावली के अवसर पर यहां मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है. काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और मां काली की पूजा करते हैं. इस अवसर पर यहां मेला भी लगता है और आस पड़ोस के गांव के अलावे दूर दराज इलाके के लोग भी यहां पहुंचते हैं. स्थानीय निवासी चुटारी सिंह यहां मुख्य पुजारी की भूमिका निभा रहे हैं. उन्हीं की अगुवाई में प्रत्येक वर्ष यहां काली पूजा सम्पन्न कराई जाती है.



---

**देवघर**

## 600 साल पुरानी है पथरोल मंदिर, सैकड़ों कहार गए थे मां को डोली में लाने के लिए

- काल कोठरी में रखे जाने के बाद भी राजा निकले थे जिंदा, सजा देने वाले शासक ने माना घटवाल स्टेट को है देव शक्ति का आर्शीवाद
- घटवाल स्टेट के राजा दिग्विजय के स्वपन आने के बाद हुई मां की स्थापना
- एक काले पत्थर से बनी है पथरोल मंदिर की मां काली
- राइफल से सलामी देने की है परंपरा
- अगर कोई बलि देने नहीं आता तो राज परिवार के घर बलि दी जाती है
- ऐसा कोई दिन नहीं जब बलि नहीं दी जाती



देवघर जिला का पथरोल काली मंदिर अपने में दिलचस्प कहानी समेटे हुये है. जिला के मधुपुर अनुमंडल के पथरोल स्थित काली मंदिर की स्थापना के पीछे अलोकिक कहानी है. कहते हैं कि इस मंदिर में मा काली की मूर्ति की स्थापना तत्कालीन घटवाल स्टेट के राज दिग्विजय के स्वप्न के बाद किया था. स्वपन आने से पहले भी एक दिलचस्प घटना घटी थी. कहते हैं राज दिग्वजिय सिंह जब लगान जमा करने के लिये मुर्शीदाबाद गये तब उनकी नजर झरोखे में खड़ी रानी पर पड़ी जिसे राजा ने देख लिया था. तब नाराज राजा ने दिग्विजय सिंह को एक कालकोठरी में डाल दिया. जहां से कोई बच कर निकल नहीं सकता था. लेकिन दूसरे दिन राजा जिंदा मिले. जिसके बाद मुर्शीदाबाद के राजा को लगा कि कहीं न कहीं घटवाल स्टेट के राजा को देवी शक्ति का आशीर्वाद मिला है. कहा यह भी जाता है कि इस घटना के बाद घटवाल स्टेट का लगान माफ कर दिया गया था. इस घटना के बाद जब राजा दिग्विजय वापस मधुपुर पथरौल लौटे तो उन्होंने स्वप्न देखा. जिसमें बंगाल के दक्षिण नेश्वर में एक ही काले चट्टान से बनी काली मां की मूर्ति दिखाई और उसे लाकर पथरौल स्थापित करने की बात कही गयी. तब राजा दिग्विजय सिंह 600 कहारों के साथ उस स्थान पर पहुंचे और डोली में लेकर काली मां की मूर्ति को पथरौल लाया गया. तब से दिपावली के मौके पर विशेष पूजा अर्चना होती आ रही है. बताया जाता है कि यहां भी कहा कि पुजारी वीर भूमि के वासी होंगे.आज भी उस परिवार के वंशज मा काली की पूजा करते हैं. इतना ही नहीं, मां काली को हर दिन एक बकरे की बलि देने की प्रथा चलती आ रही है. अगर कोई अन्य यहां बलि देने नहीं आ पाता है तो राज परिवार के घर से एक बलि दी जाती है. साथ ही रायफल से सलामी देने की परपरा है. कहा जाता है कि यहां पांच दीपक जलाने से मन की मनोकामना पूरी होती है. दीपावली के मौके पर बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा से मा के भक्त पहुंचते हैं. वैसे दीपावली के पहले से ही यहां मेले जैसा रौनक दिखने लगती है. मां के भक्त दीपावली के पहले से ही यहां पहुंचने लगते हैं. लाखों लोग यहां आते हैं.



काली पूजा स्वागत समिति, किशोरगंज हरमू रोड.





शक्ति क्लब काली पूजा समिति, न्यू एजी कॉलोनी कडरू.

---

**हजारीबाग**

## श्मशान काली की होती है विशेष पूजा-अर्चना



काली पूजा को लेकर हजारीबाग में तैयारी पूरी हो गई है. खिरगांव स्थित श्मशान काली में भव्य पूजा अर्चना की जाएगी. जहां लगभग 75 हजार से अधिक लोग दर्शन करने के लिए काली पूजा के दिन पहुंचते हैं .इसकी तैयारी भी एक महीने से चलती है. माना जाता है कि हजारीबाग श्मशान काली सिद्ध पीठ है. जहां दूर दराज से तांत्रिक भी साधना करने के लिए इस दिन पहुंचते हैं. भूतनाथ मंडली की ओर से तैयारी की जाती है. उनके अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने जानकारी दि कि इस वर्ष बड़े धूमधाम के साथ काली पूजा की जाएगी .शनिवार रात के 8:45 से मां का आवाहन किया जाएगा. रविवार को रात्रि 8:30 बजे महाकाली की पूजा प्रारंभ होगी और 1:03 में बलि होनी है. संध्या 6 बजे से भजन शुरू होगा जो रात्रि 8 बजे तक चलेगा. जिसमें स्थानीय कलाकार भजन करेंगे. प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संध्या 7:00 बजे से रात्रि के 11:00 बजे तक चलेगा. 50 हजार से अधिक लोग भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते हैं. सोमवार 13 नवंबर को सुबह 4 बजे से 9 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. इस बार अनुमान है कि लगभग 80 से 90 बलि काली पूजा में दी जाएगी.

इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यह तंत्र पीठ है, जहां पंच मुंडी आसन गर्भ गृह के अंदर है. मंदिर की खास बात यह है कि श्मशान परिसर के अंदर भी एक भूमिगत मंदिर है. जहां विशेष पूजा की जाती है. इस भूमिगत मंदिर के अंदर सामान्य लोगों को जाना वर्जित है. मंदिर के पुजारी और तंत्र सिद्धि करने वाले व्यक्ति ही यहां सिद्धि करने के लिए प्रवेश करते हैं. साथ ही पुजारी उन भक्तों को भूमिगत मंदिर में ले जाते हैं जो नियम का पालन करते हैं. जबकि महिलाओं का मंदिर में प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित है. अमावस्या की रात इस मंदिर का पट खोला जाता है और इस दिन तंत्र मंत्र के साधक यहां पूजा करते हैं. इस भूमिगत मंदिर के अंदर मूर्ति पूजा नहीं होती है. कई साल पहले इलायची बाबा ने पंचामुंडी आसान की स्थापना की थी. एक बड़े तपस्वी और सड़क के रूप में हजारीबाग और आसपास इलाके में जाने जाते थे. उसे समय से आज तक तांत्रिक विधि से ही देवी की पूजा की जाती है .काली पूजा के दिन कपाट खोलकर नियम पालन करते हुए पंचामुंडी आसन का दर्शन आम जनता करते हैं. इसके बाद किसी को भी जाने की इजाजत नहीं होती है.

वहीं हजारीबाग रामनगर में भी काली पूजा धूमधाम के साथ मनाई जाती है. जहां रविवार को रात्रि 8 बजे से पूजा प्रारंभ होगी. यहां बलि प्रथा नहीं है. देर रात तक पूजा होने के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है और दूसरे दिन भंडारा की व्यवस्था की जाती है, जहां भक्त आकर प्रसाद ग्रहण करते हैं.

हजारीबाग का प्रसिद्ध कालीबाड़ी मंदिर में भी काली पूजा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं. यह बेहद प्राचीन मंदिर है. हजारीबाग और आसपास के लोगों को इस मंदिर से आस्था भी है. ऐसे में दूर-दराज से भक्त यहां दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं. यहां बलि प्रथा का रिवाज है. दीपावली के दिन रात के 8 बजे से विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ होगी जो मध्य रात्रि तक चलेगी.

---

**धनबाद**



हीरापुर पार्क मार्केट में बना काली पूजा पंडाल.

## पार्क मार्केट की काली पूजा होगी आकर्षण का केंद्र

धनबाद के हीरापुर स्थित पार्क मार्केट में 1980 से श्री श्री श्यामा पूजा कमेटी द्वारा काली पूजा की जा रही है. इस वर्ष नाइजीरियन फिश फेस्टिवल की थीम पर पंडाल का निर्माण किया गया है . पूजा में करीब 20 लाख का खर्च आएगा. जिसका वहन हटिया चैम्बर ,पार्क मार्केट चैम्बर ओर कमेटी के लोग करते हैं .पूजा को लेकर कमेटी के संरक्षक विकास रंजन सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बताया कि पूरे झारखंड में धनबाद पार्क मार्केट का पंडाल आकर्षण का केंद्र होता है. कमेटी के लोग हर वर्ष नई थीम पर पंडाल का निर्माण करते हैं . पूजा 3 दिनों तक होती है . प्रसाद के तौर पर 4 से 5 हजार भक्तों के बीच खिचड़ी और खीर भोग का वितरण किया जाता है .



जेसी मलिक रोड स्थित नेपाली काली मंदिर में मां की प्रतिमा.

## सपने में मां ने कहा- मैं खुद करवाउंगी मंदिर का निर्माण

धनबाद के जेसी मलिक रोड स्थित नेपाली काली मंदिर की स्थापना 50 वर्ष पूर्व हुई थी. तब मंदिर के पुजारी नेपाल चंद्र बनर्जी को मां काली का सपना आया जिसमें मां काली ने कहा कि तुम पूजा में लीन रहो मैं खुद मंदिर का निर्माण अपने भक्तों से करवा दूंगी. इसके बाद सामूहिक प्रयास से वर्ष 1971 में छह फुट ऊंची मां दक्षिणा काली और वर्ष 1976 में सात फीट ऊंची मां चंडी काली की प्रतिमा की स्थापना मंदिर में की गई. मंदिर के वर्तमान पुजारी हरधन बनर्जी एवं ब्रह्मानंद बनर्जी ने बताया कि मंदिर के स्थापना काल से ही काली पूजा के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा की परंपरा चली आ रही है. इस वर्ष भी काली की पूजा के अवसर पर 12 नवंबर को रात भर मां काली की आराधना की जाएगी. सुबह चार बजे भोग लगाया जाएगा. इसके बाद प्रसाद का वितरण होगा. मंदिर की विशेषता यह है कि यहां पशुओं की बलि की परंपरा नहीं है.



श्री श्री 108 अखंड ज्योति काली मंदिर

## अखंड ज्योति काली मंदिर जहां पूरी होती है मनोकामना

धनबाद के हीरापुर कचहरी रोड स्थित पोस्टल क्वाटर में श्री श्री 108 अखंड ज्योति काली मंदिर कमेटी द्वारा 1934 से मां काली की पूजा की जा रही है . 1971 में उक्त स्थल पर मंदिर का निर्माण किया गया .29 वर्षों से मां की अखंड ज्योति जल रही है.कमिटी के सदस्य उमाकांत पोद्दार ने बताया कि जिले में श्री श्री 108 अखंड ज्योति काली मंदिर काफी प्रसिद्ध है . दूरदराज से लोग पूजा के लिए यहां आते हैं .इस मंदिर में मांगी गई मनोकामना पूर्ण होती है .जिसके बाद भक्त मंदिर में गुप्तदान देते हैं . पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी के भोग क वितरण किया जाता है. इस बार भी पूजा में काफी संख्या में श्रद्दालुओं की भीड़ जुटने वाली है.

**चाईबासा**



श्री श्री सार्वजनिन काली पूजा समिति अमला टोला.

## थाइलैंड मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है पूजा पंडाल

श्री श्री सार्वजनिन काली पूजा समिति अमला टोला के द्वारा काली पूजा पंडाल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और शनिवार देर शाम इसका उद्घाटन राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया. 51 वें वर्ष में प्रवेश कर चुके इस पूजा समिति के द्वारा पूजा को आकर्षक बनाने के लिए थाईलैंड के मंदिरों की तर्ज पर आकर्षक पंडाल तैयार किया गया है .पंडाल निर्माण की बड़ी बात यह है कि इसका निर्माण चटाई से किया गया है, जिस पर रंग बिरंगी कलाकारियां की गई है. इसके अलावा आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है. कोलकाता से पंडाल निर्माता तथा विद्युत साज के निर्माता दिन-रात एक कर इसे अंतिम रूप दिया है. इस पूजा समिति के मुख्य संरक्षक राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर हैं. अध्यक्ष सुनील कुमार साव,इनके अलावा संरक्षक पवित्र भट्टाचार्य तथा रमेश खिरवाल उर्फ लड्डू , सचिव त्रिशानु राय , तथा अभिषेक मिश्रा कोषाध्यक्ष दीपक खिरवाल बनाए गए हैं जबकि सदस्यों में वेदांत खिरवाल के अलावा अन्य लोगों को भी शामिल किया गया है.

**मुख्य आकर्षण :** वाराणसी की तर्ज पर गंगा आरती की प्रस्तुति, बाबा मंदिर के पास स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, पिल्लई हाल मैदान में लेजर शो के माध्यम से गंगा आरती की प्रस्तुति आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे.

**आदित्यपुर**

## आदित्यपुर में पूजा की धूम, लुभा रहे भव्य पंडाल



सार्वजनिक काली पूजा कमेटी एमआईजी -एलआईजी में बना पंडाल.

### पुराने मंदिर की आकृति का भव्य पंडाल इस बार भक्तों को लुभाएगा

सार्वजनीन काली पूजा कमेटी फुटबॉल मैदान में 1972 से काली पूजा हो रही है. इसके संस्थापक स्वर्गीय बिशु घोष, हरे किष्टो घोष और सुशील मंडल थे. यहां पुराने मंदिर की आकृति का भव्य पंडाल बना है. जिसका उद्घाटन 12 नवंबर की शाम 7 बजे मंत्री चम्पई सोरेन करेंगे. कमेटी में अध्यक्ष पवित्र कुमार बर्मन उर्फ गोरा दा, कोषाध्यक्ष माणिक दास, महासचिव सुनील सिंह, संरक्षक सुशील मंडल, अंजन दास, रवि श्रीवास्तव, प्रसेनजीत घोष आदि शामिल हैं.

**सार्वजनिक काली पूजा कमेटी एमआईजी -एलआईजी- जनता रो हाउस :** यहां 1998 से मां काली की पूजा हो रही है. इस वर्ष यहां रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है. कमेटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, महासचिव संजय कुमार पांडेय, चेयरमैन अधिवक्ता समरेंद्र प्रताप सिंह हैं. पंडाल का उद्घाटन 11 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे. यहां 14 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि होंगे.

**सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब एस टाइप आदित्यपुर :** यहां 1972 से सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब के जूनियर सदस्यों के द्वारा मां काली की पूजा अर्चना हो रही है. पंडाल का उद्घाटन 12 नवंबर को होगा. यहां पूजन के उपरांत भजन संध्या और खीर- खिचड़ी महाभोग का वितरण वृहत पैमाने पर किया जाता है.

**चक्रधरपुर**

## बंगाल क्लब काली पूजा समिति मना रही स्वर्ण जयंती समारोह



चक्रधरपुर टाउन का काली मंदिर.



इतवारी बाजार स्थित बंगाल क्लब काली मंदिर.

चक्रधरपुर में प्रत्येक वर्ष श्रद्धा भाव के साथ माता काली पूजा की जाती है. इस वर्ष भी पूजा की तैयारी की गई हैं. चक्रधरपुर के विभिन्न स्थानों पर माता काली मंदिर के अलावे कई जगहों पर पंडाल का निर्माण कर पूजा अर्चना की जाती है. अमावस्या पर होने वाली काली पूजा में देर रात तक श्रद्धालु मंदिर व पूजा पंडाल में पूजा अर्चना के लिए जुटे रहते हैं. चक्रधरपुर के इतवारी बाजार के समीप स्थित बंगाल काली पूजा समिति इस वर्ष स्वर्ण जयंती समारोह मना रहा है.यहां वर्ष 1963 से मंदिर में माता काली की पूजा अर्चना की जाती रही है. इस वर्ष स्वर्ण जयंती समारोह पर भक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जहां विभिन्न जगहों से पहुंचकर गायक, कलाकार पहुंचकर अपनी प्रस्तुति देंगे. स्वर्ण जयंती समारोह को लेकर आकर्षक साज सज्जा की गई है.वहीं चक्रधरपुर के श्मशान काली मंदिर, टाउन काली मंदिर, पोर्टरखोली काली मंदिर, रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित काली मंदिर, आरई कॉलोनी काली मंदिर, टोकलो रोड स्थित काली मंदिर, रिटायर्ड कॉलोनी कली मंदिर समेत अन्य कई मंदिरों में पूजा अर्चना की जाएगी.वहीं चक्रधरपुर के रेलवे स्टेशन, इतवारी बाजार, लोको कॉलोनी, बीएसएनएल कार्यालय के समीप सहित अन्य प्रतिमा स्थापित कर माता काली की पूजा अर्चना होगी. इसे लेकर समिति के सदस्य द्वारा पंडाल का निर्माण किया गया है.

# दीपावली पर बाजार में ग्रीन पटाखों की बढ़ी मांग

संवाददाता। जमशेदपुर

दीपावली में प्रदूषण ज्यादा ना बढ़े इसके लिए लोग अब काफी जागरूक हुए हैं और उनका रुझान ग्रीन पटाखों की तरफ ज्यादा है. ग्राहक इस बार खासकर इको फ्रेंडली ग्रीन पटाखों की मांग कर रहे हैं. इधर, पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एक तरफ जहां सरकार और जिला प्रशासन जागरूकता के लिए कई अभियान चला रहे हैं. वहीं पटाखों से फैलने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने झारखंड में सिर्फ दो घंटे आतिशबाजी करने की छूट दी है.



ग्रीन पटाखे की तरफ बढ़ा रुझान

प्रदूषण को देखते हुए इस साल बाजार में आकर्षक ग्रीन पटाखे उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे हैं. दुकानदारों का कहना है कि अन्य पटाखों की अपेक्षा ग्रीन पटाखे की मांग ज्यादा है. ग्रीन पटाखों के डिब्बे पर हरे रंग का एक नया लोगो जारी किया गया है, जिससे उसकी पहचान की जा सके. हालांकि प्रदूषण रहित ग्रीन पटाखों की कीमत सामान्य पटाखों से थोड़ी ज्यादा है, परंतु उनकी मांग ज्यादा है. दुकानों में फुलझड़ी से लेकर रॉकेट, लड़ी, अनार और आकाशिय साउंड के साथ अन्य किस्म के पटाखे उपलब्ध हैं. ग्राहक भी ग्रीन पटाखों वाला लोगो देखकर पटाखे खरीद रहे हैं. ग्राहकों का कहना है कि प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखे ही खरीद रहे हैं.

### ग्रीन पटाखे की ऐसे कर सकते हैं पहचान



असली ग्रीन पटाखे की पैकिंग काफी अलग होती है. इन पटाखों में सर्टिफिकेट और बारकोड डब्बे पर ही अंकित रहता है. इसे स्कैन करने पर पता लगेगा कि इस पटाखे में क्या-क्या मिलाया गया है. ज्यादातर लोगों को ग्रीन पटाखे की पहचान नहीं होती है. ऐसे में वे कई बार केमिकल युक्त और गंभीर गैस निकालने वाले पटाखे खरीद लेते हैं. इस कारण प्रदूषण भी काफी बढ़ जाता है. ग्रीन पटाखे आम पटाखों के मुकाबले सुरक्षित भी होते हैं. हालांकि ग्रीन पटाखे आम बिकने वालों पटाखों से थोड़े महंगे होते हैं.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- झारखंड राज्य का उत्तर से दक्षिण विस्तार कितना है – 380 किमी
- टाटा समूह कहां ईवी बैटरी सेल गीगा फैक्टरी स्थापित करेगा – यूनाइटेड किंगडम
- किसे सोमालिया में भारत का एंबेसडर नियुक्त किया गया है – नामग्या खम्पा
- ग्रोथ एंड फाइनेंस नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं – सी रंगराजन
- झारखंड की कौन नदी कीकट नाम से प्रसिद्ध है – पुनपुन
- किस राज्य सरकार ने पहली बार ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र जारी किया – राजस्थान
- कौन राज्य सरकार 948 विरासत वृक्षों के सौंदर्यीकरण का कार्य करेगी – उत्तर प्रदेश
- झारखंड की न्यूनतम महिला साक्षरता जिले का नाम क्या है – पाकुड़
- संगाई त्यौहार कहां मनाया जाता है– मणिपुर

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरूआ, समिति सदस्य नारायण दास एवं गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने शनिवार को बोकारो जिला मुख्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में डीडीसी कीर्तीश्री जी., चास के अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया व अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप शेखावत समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे. इस दौरान समिति के सभापति व सदस्य ने विधानसभा में उठाये गये जिले से संबंधित कुल 30 मामलों की जानकारी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से ली.

### धर्म महासम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

**बेरमो।** लुगुबुरु घंटाबाडी धोरोमगाढ़ के दोरबार चट्टानी स्थित मेडिटेशन हॉल में समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष बबुली सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई. बैठक में 26 - 27 नवंबर को होने वाली दो दिवसीय 23वें अंतरराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन की तैयारी की समीक्षा की. वहीं इस महाधर्म सम्मेलन को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए कई अहम निर्णय लिये गये. समिति की ओर इस महाधर्म सम्मेलन में आने वाले संथाल श्रद्धालुओं से अपनी पारंपरिक परिधान में भाग लेने का आह्वान किया. कहा कि यह संतालियों के आस्था और विश्वास का केंद्र है. इसलिए संथाल धर्मप्रेमियों को अपने पारंपरिक पोषक में आना होगा.

### भारत भ्रमण पर निकले योगेंद्र पहुंचे बाबा नगरी

**देवघर।** महाराष्ट्र के पुणे के रहने वाले शिव भक्त योगेंद्र बाइक से ही भारत भ्रमण पर निकले हैं. वह बाइक से भारत के विभिन्न ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को निकले हैं. वह सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करेंगे. केदारनाथ से उनकी यात्रा की शुरुआत हुई. काशी विश्वनाथ के दर्शन के बाद शनिवार को योगेंद्र बाबा नगरी देवघर पहुंचे. योगेंद्र अपनी बाइक में तिरंगा लगाकर देशभक्ति के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं. साथ ही वह देश के किसानों को भी जागरूक कर रहे हैं. योगेंद्र किसानों से मिट्टी में यूरिया का उपयोग न करने की अपील कर रहे हैं. योगेंद्र का कहना है कि रासायन के प्रयोग से मिट्टी दूषित हो रही है. साथ ही इससे उपजे अनाज खाने से लोग स्वास्थ्य समस्या से भी पीड़ित हो रहे हैं.

### काली मूर्ति की स्थापना राजा दिग्विजय सिंह ने कराई थी

**देवघर।** देवघर जिले का पथरोल काली मंदिर अपने आप में कई दिलचस्प कहानियां समेटे हुए है. जिले के मधुपुर अनुमंडल के पथरोल स्थित काली मंदिर की स्थापना के पीछे एक अलौकिक कहानी है. ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर में देवी काली की मूर्ति की स्थापना तत्कालीन घाटवाल राज्य के राजा दिग्विजय सिंह ने की थी. यहां पहले, आपरूपी मां काली मंदिर की जगह सिर्फ बेदी की ही पूजा की जाती थी. जिसके बाद मां काली ने सपने में आकर राजा दिग्विजय सिंह को कोलकाता कालीघाट से प्रतिमा लाकर स्थापित करने का आदेश दिया था. जिसके बाद उन्हें डोली से कंधे पर लादकर पूरे विधि-विधान के साथ लाया गया और वीरभूम जिले के पुरोहित से स्थापना कराया गया जो आज तक यहां विराजमान हैं. दिवाली के मौके पर यहां विशेष पूजा होती है. आज भी उस परिवार के वंशज मां काली की पूजा करते हैं.

### संगीत व पटाखों से गुलजार हुआ विद्यालय परिसर

**कोडरमा।** नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है मुट्ठी में है तकदीर हमारी.. गीत की धुन पर फुदकते-थिरकते बच्चों ने समां बांध दिया. क्लोरोफिल स्कूल के परिसर में दीपावली के अवसर पर मासूमों ने अनूठी छटा बिखेरी. साथ ही अलग अलग क्लास में बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई. दीया मेकिंग, गणेश-प्रतिमा प्रतियोगिता,कविता पाठ प्रतियोगिता और संस्कृत में श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.कविता पाठ में प्रथम स्थान परअन्या शैरोन मिंज, द्वितीय स्थान पर श्रेया कुमारी जबकि तृतीय स्थान पर दो बच्चे रुचिका वर्मा और तोशानी आनंद रहीं.वहीं दीया मेकिंग में पहले स्थान पर आध्या सिंह, द्वितीय स्थान पर आरवी और तृतीय स्थान पर आयत और आयशा रही.

## पीएम की जनसभा की तैयारियों का बाबूलाल मरांडी ने लिया जायजा

# मोदी ने जो सम्मान आदिवासियों को दिया, किसी ने नहीं दिया




संवाददाता। चाईबासा

15 नवंबर को जनजातिय गौरव दिवस के अवसर पर खूंटी में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर जिले में हो रही तैयारी का प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जायजा लिया. इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया. मौके पर पूर्व विधायक, प्रदेश सदस्य, पार्टी के जिला पदाधिकार, मोर्चा के पदाधिकारी, प्रवासी, कार्यक्रम प्रभारी, सभी मंडल अध्यक्ष तथा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण शामिल हुए.

बैठक में सभी पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि पश्चिमी सिंहभूम जिले से 50,000 की संख्या में लोग वहां उपस्थित होंगे हम सभी इसके लिए जोर-शोर से लगे हुए हैं. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 15 को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं झारखंड वासियों के लिए बड़ा सौभाग्य का दिन है क्योंकि उस दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है और जयंती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं. देश की स्वतंत्रता में आदिवासी महापुरुषों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले किसी ने भी आदिवासियों के बलिदान को महत्व नहीं दिया और वह सम्मान नहीं दिया. 15 नवंबर को देश ही नहीं पूरा दुनिया देखेगी की आदिवासी वेशभूषा में हम आदिवासी अपने देश के प्रधानमंत्री का स्वागत कैसे करेंगे.

### महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से प्रभावित होकर कई महिलाओं ने जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा. प्रदेश अध्यक्ष ने महिलों का स्वागत किया. बैठक में जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा, पूर्व विधायक बड़कुंबर गगराई, पूर्व विधायक गुरु चरण नायक, पूर्व विधायक शशि भूषण सामड, पूर्व प्रत्याशी मनोज लेयांगी, शिवा बोदरा, भूषण पाट पिंगुवा, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गीता बालमुचू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मालती गिलुवा, विजय मेलगांड़ी, संजय पांडे, अशोक सारंगी, जिला महामंत्री जगदीश पाट पिंगुवा, जिला महामंत्री प्रताप कटियार, जिला उपाध्यक्ष ललित मोहन गिलुवा, जिला मीडिया प्रभारी विप्लव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेशचंद नंदी, विपिन पूर्ति, युवा मोर्चा जिलाअध्यक्ष चंदन झा, मंडल अध्यक्ष पंडित महतो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दुर्गावती बोईपाई, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन सुंडी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू हाजरा, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनूप सुल्तानिया, रामानुज प्रसाद शर्मा, पवन पांडे, रवि विश्वकर्मा, नवीन गुप्ता, सभी मंडल अध्यक्ष , सभी मोर्चा के पदाधिकारी, प्रभारी, प्रवासी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# डीसी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

संवाददाता। गोड्डा

जिला के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के घटियारी पंचायत के तसरिया मैदान में जिला के उपायुक्त जिशान कमर ने अधिकारियों के साथ पहुंचकर पीवीटीजी परिवारों के बीच जाकर आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. साथ ही उनके बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. यह क्षेत्र सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के अधीन आता है.

चुनावी वर्ष होने की वजह से सीएम के इस क्षेत्र पर प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है. खुले मैदान में जमीन पर ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी बातों को सुना और समस्या का निदान करने का आदेश अधीनस्थ पदाधिकारी को दिया. मैदान में सीएम के बड़े-बड़े



कटआउट एवं पोस्टर रखे गए थे. विभाग के द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई.

कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित उपज योजना के तहत विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समुदाय की सखी दीदियों को आय संवर्द्धन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में डीसी के द्वारा वर्तमान में पीवीटीजी परिवारों को मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई. उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध मे पीवीटीजी परिवारों को अवगत कराते हुए कहा कि राशन कार्ड पेयजल आवास शौचालय बिजली सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में किए जाएंगे. जिन किसी को भी किसी भी प्रकार की समस्याएं हैं वे आगामी शिविर में आकर अपनी समस्याओं को रख सकते हैं. आपकी योजना - आपकी सरकार -आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक आपके पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे.

# संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में मनाया गया दीपोत्सव व छठ

संवाददाता। घाटशिला

संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में शनिवार को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दीपावली व सूर्योपासना का महापर्व छठ के उपलक्ष्य में मनाया गया. कक्षा आठवीं के शुभाशीष बनर्जी ने संस्कृत में मां चंडिका पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत की. कक्षा चौथी तथा पांचवी के बच्चों की रामायण नृत्य-नाटिका प्रस्तुति ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया. छठ की महिमा दर्शाते नृत्य व गीत ने समां बांध दिया.

विद्यालय सचिव एस के देवड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार हमें कुरीतियों तथा अज्ञानता को मिटाकर ज्ञान के प्रकाश से रोशन करने की प्रेरणा देता है. इस दौरान विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल, प्रधानाचार्या नीलकमल सिन्हा,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रामजी चौमाल, मैनेजर प्रसनजीत कर्मकार तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण व छात्र मौजूद थे. सौमिता सनातनी, नीलिमा सरकार, अर्पिता गोस्वामी, मौसमी बनर्जी, सोमनाथ दे ने विशेष भूमिका निभाई. धन्यवाद ज्ञापन सह शैक्षिक प्रभारी साश्वती राय पटनायक द्वारा दिया गया. कार्यक्रम का संचालन ग्यारहवीं की स्वास्तिका व तरुण द्वारा किया गया.

### दीपावली आते ही शुरू हो गया है जुए का खेल

**पलामू।** रविवार को दीपावली का त्योहार है. पलामू जिले में शनिवार से ही जुए का खेल शुरू हो गया. मेदिनीनगर, चैनपुर, सदर, सतबरवा, पांकी, हरिहरगंज हुसैनाबाद और छतरपुर के कई इलाकों में लाखों रुपये का जुआ खेला जायेगा. जानकार बताते हैं कि जुआ का खेल दिवाली से लेकर छठ तक चलता रहेगा. कई इलाकों में बिहार के जुआड़ी आते हैं. इस खेल में गरीब-मजदूर से लेकर सफेदपोश व दबंग लोग भी जुआ खेलते हैं. जुआ खेलने वालों से बतौर मोटी रकम वसूली जाती है. ऊपर से लेकर नीचे तक मैनेज किया जाता है. अनुमान है कि कुछ थाना क्षेत्रों में 5 से 10 लाख रुपये तक जुआ खेला जायेगा.

# कई वार्डों में चलाया गया स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली अभियान



संवाददाता। धनबाद

धनबाद नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान अंतर्गत शनिवार को धनबाद क्लब के आगे प्रदर्शनी लगाई गई. जिसमें नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने इकोफ्रेंडली प्रोडक्ट की खरीदारी कर प्रमोशन किया. इसके साथ ही उन्होंने धनबाद वासियों से अपील किया कि एसएचजी महिलाओं द्वारा निर्मित दीवाली उत्पादों को ख़रीदारी कर उन्हें उत्साहित करें. मौके पर सहायक नगर आयुक्त एवं नगर प्रबंधक मौजूद थे. बता दें कि विभिन्न निगम शाखा एवं स्टेकहोल्डर अलग अलग कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसका संदर्भ एकल प्लास्टिक का उपयोग ना करने की अपील ,एकोफ्रिण्डली प्रोडक्ट का इस्तेमाल ,मिट्टी से बनी दिया एवं मूर्ति का प्रयोग करने की अपील, पटाका का इस्तेमाल ना करने की अपील की गई.

# खेल जीवन का अभिन्न अंग: प्रभात

संवाददाता। लातेहार

शहर के भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन, सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा, इवेंट मैनेजर राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, विभिन्न खेलों के इवेंट कॉर्डिनेटर रवि प्रकाश तिवारी, बसंत कुमार, शकुंतला पाल, सुशील कुमार दुबे, रूक्मणि, आसिफ और कुंदन मौजूद रहे. प्राचार्य प्रभात रंजन ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है. खेल से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहते हैं.

यह हमारे अंदर नयी उर्जा व स्फूर्ति का संचार करता है. प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में एक्टिविटी गेम डोमिनोज़, अक्षर चयन, तुकबंदी, ब्रेन स्टॉर्मिंग, क्यूरियस कॉर्नर व फन विद पिक्चर जैसे कई मनोरंजक



प्रतियोगिता करायी गयी. कक्षा तीन से ऊपर के बच्चों के लिए बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, फुटबॉल, शतरंज व लूडो जैसे खेलों का आयोजन किया गया.

बच्चों ने दीपावली व छठ पर्व के थीम पर हाउस बोर्ड डिस्प्ले किया. क्रिकेट मैच में कक्षा सात की टीम विजयी रही. मैन ऑफ द मैच गगन भारद्वाज को आंका गया. बैडमिंटन में जूनियर वर्ग में साक्षी व आयुषी कुमारी, सीनियर वर्ग में तान्या कुमारी और कीर्ति कुमारी, छात्र जूनियर वर्ग में श्रेष्ठ कुमार व अरनव और सीनियर वर्ग में दानिश व शौर्य ने खिताब जीता. दीया मेकिंग एंड डेकोरेशन प्रतियोगिता में रवि और समूह, सोनाक्षी और समूह, राजनंदनी और समूह ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार जीता. रंगोली में नंदिता और समूह, आयुषी और समूह ,सुरभि और समूह ने प्रथम, द्वितीय तृतीय पुरस्कार जीता. हाउस बोर्ड डिस्प्ले प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर दयानंद सदन, औरोबिंदो सदन व विवेकानंद सदन रहे.

# एनटीटीएफ तकनीकी संस्थान में दिवाली फेस्ट का आयोजन

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनिकी संस्थान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीवाली मेला का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत कॉलेज की प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय ने की. इस मेले में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें रंगोली मेकिंग, दिया मेकिंग, स्वयं निर्मित दिवाली घर, तोरन मेकिंग आदि शामिल हैं.

तीन दिवसीय यह फेस्ट 8 से 10 नवंबर तक चला, जिसमें पहले दिन 8 नवंबर को दिया सजावट, तोरण मेकिंग प्रतियोगिता, दूसरे दिन 9 नवंबर को दिवाली घर मेकिंग प्रतियोगिता एवं अंतिम दिन शनिवार को पूजा स्थान सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच शिक्षा के साथ संस्कार का भी समावेश करना रहा. कार्यक्रम में स्मृति, मृणमोय, लक्ष्मण समेत सभी शिक्षक शामिल हुए.

**ये हुए पुरस्कृत**

तोरण बनाना : प्रथम-आस्था, प्रीति, हंसिका, निशि
द्वितीय- विशाल,सुखबीर,सोनल
तृतीया- परी, मुस्कान
दीया सजावट : प्रथम-श्रीति, अंकिता, काजल
दिवाली घर बनाना : प्रथम-विशाल ग्रुप
द्वितीय-ज्योति ग्रुप
तृतीया-आकांक्षा ग्रुप व अंशुमन ग्रुप.



## अनाबद्ध निधि से 16 लाख की लागत से सुलभ शौचालय और स्नानागार बनाया गया था

# तीन साल से बेकार पड़ा है जैनामोड़ बस स्टैंड का शौचालय

संवाददाता। जरीडीह

स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक-एक परिवार को खुले में शौच और गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार लाखों-करोड़ों खर्च कर रही है. मगर जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण सरकार की मंशा पर पानी फिर जा रहा है. ऐसा ही एक मामला बोकारो के जरीडीह प्रखंड के बस स्टैंड से सामने आया है. यहां अनाबद्ध निधि से लगभग 16 लाख की लागत से तीन साल पहले सुलभ शौचालय एवं स्नानागार बनकर पूरी तरह से तैयार है.

मगर अनदेखी के कारण इसका अबतक उद्घाटन ही नहीं हुआ है. जिस वजह से स्टैंड में पहुंचनेवाले



यात्री व आम लोग को खुले में शौच जाने को विवश हैं. इस पर जिला प्रशासन, स्थानीय प्रखंड प्रशासन, विधायक से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन हैं. योजना का शिलान्यास तत्कालीन विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने वर्ष 2019 में किया था.

योजना के संवेदक नरेंद्र महतो ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व ही योजना को पूरा कर विभाग को सौंप दिया गया है. सीपीआई से जुड़े अखिल भारतीय किसान सभा के प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो ने कहा कि यह सुलभ शौचालय विगत 3 वर्षों से बनकर तैयार है, लेकिन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण आज तक चालू नहीं हो पाया है, जो काफी निंदनीय है. इस योजना के चालू हो जाने से यात्रियों, स्थानीय व्यवसायी व आमजनों को काफी सहूलियत होगी. ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को स्थानीय विधायक अनूप सिंह के संज्ञान में लिया गया है.

**सुविधा नहीं**

- सुलभ शौचालय तीन साल पहले बनाया गया था
- उद्घाटन नहीं होने से लोगों को खुले में जाना पड़ता है

## पेज एक का शेष

### प्रखंड- अनुमंडल वाले मामले पेंडिंग हैं ...

फिर वह सवाल गैर सरकारी संकल्प समिति के पास चला जाता है. समिति के अध्यक्ष केदार हाजरा कहते हैं कि सड़क, बिजली, पानी, पुल-पुलिया जैसे मामलों पर लाये गये गैर सरकारी संकल्पों पर तो कार्रवाई होती है, लेकिन प्रखंड और अनुमंडल का मामला कैबिनेट से जुड़ा हुआ है. इस वजह से प्रखंड-अनुमंडल वाले मामले समिति में पेंडिंग हैं.

**विधानसभा में रिपोर्ट पेश करने की बाध्यता नहीं : सीपी सिंह**

भाजपा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह ने कहा कि समितियों को विधानसभा में रिपोर्ट पेश करने की कोई बाध्यता नहीं है. समिति को नियमित रूप से बैठकें करने के साथ ही साथ इनसाइड -आउटसाइड टूर करना जरूरी है. समितियां एक तरह से छोटी सी सदन हैं. जो काम विधानसभा के छोटे से सत्र में नहीं हो पाता है, वह इन समितियों के जरिए होता है.

## ब्रीफ खबरें

### नवादा जेल में डीएम एसपी ने की छापेमारी

**नवादा ।** नवादा मंडल कारा में शनिवार को डीएम आशुतोष कुमार वर्मा व एसपी अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में सघन छापेमारी की गई. इस दो घंटों की छापेमारी में पुलिस ने जेल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली है. वहीं पुलिस ने छापेमारी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया. इस छापेमारी में बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए. सभी जवानों ने मिलकर जेल के एक-एक वार्ड और शौचालयों की सघन तलाशी ली. जवानों ने छापेमारी के दौरान जेल के भीतर सभी वार्डों को खंगाला लेकिन किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुई.

### छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जिले के करजा थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत के कसवा टोला में कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया. पुलिस यहां शराब पार्टी की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी. इस घटना में बड़कागांव दक्षिणी पंचायत के मुखिया पुत्र मनीष गुप्ता पर भी पुलिस की पिटाई का आरोप है. फिलहाल पूरे मामले की जांच चल रही है. दरअसल पुलिस को जानकारी मिली थी कि बड़ी संख्या में असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब पार्टी चल रही है और जुआ खेला रहा है. जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची.

### सड़क किनारे पलटी बस, 17 घायल

**गया ।** गया में एक स्कूल बस पलटने से दर्जनों छात्र-छात्राएं घायल हो गए. वहीं कई लोगों की गंभीर चोटें लगी हैं. यह घटना डीएवी कैंट से पहले को-ऑपरेटिव पब्लिक स्कूल का बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटी खा गई. इस पर स्कूल जा रहे 17 छात्र-छात्राएं और शिक्षक घायल हो गए. इन्हें इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम हो रहा था.



पटना में शनिवार को दिवाली त्योहार के लिए अपने गृहनगर जाने के लिए लोगों की भीड़भाड़ वाली ट्रेन.

### ट्रक ने तीन को कुचला एक व्यक्ति की मौत

**बेगूसराय ।** बेगूसराय-जीरोमाइल खंड पर रविवार की सुबह स्कॉर्पियो की टक्कर से सड़क पर गिरे तीन लोगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया. जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. मृतक महिला की पहचान मुंगेर जिला के सीतारामपुर नजीर गांव प्रदीप सिंह की पत्नी संजू देवी के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि मुंगेर जिला के सीतारामपुर नजीर गांव से महिला सहित तीन फुटकर दुकानदार शनिवार सुबह सब्जी लाने मैजिक से दलसिंहसराय जा रहे थे. इसी दौरान एनएच पर बथौली के समीप स्कॉर्पियो ने मैजिक में पीछे से ठोकर मार दिया.

## आओ जानें

### बिहार के सबसे बड़े और सबसे छोटे जिले

**बड़े जिला पश्चिम चंपारण**

हिमालय के तराई क्षेत्र में बसा चंपारण का नाम चंपा + अरण्य से बना है जिसका अर्थ होता है– चम्पा के पेड़ों से घिरा जंगल. चंपारण जिले को ही दो भागों में विभाजित करके पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण का निर्माण हुआ. पश्चिमी चम्पारण के उत्तर में नेपाल और दक्षिण में गोपालगंज जिला स्थित है. इसके पूर्व में पूर्वी चंपारण है, जबकि पश्चिम में यूपी की सीमा जुड़ती है. बिहार के कुल वन्य क्षेत्र का सबसे बड़ा हिस्सा पश्चिम चंपारण में है.

**छोटा जिला शिवहर**

बिहार के सबसे छोटे जिले शिवहर के जर्रे–जर्रे में आस्था और भक्ति है. इस स्थली का अपना पौराणिक और धार्मिक इतिहास है. कहते हैं कि यह स्थली पर भगवान शिव और हरि के मिलन की भूमि है, इसीलिए इसका नाम शिवहर पड़ा. रामायण और महाभारत काल से भी इसका सीधा संबंध रहा है. जिला बनने से पहले तक यह सीतामढ़ी जिला का अनुमंडल हुआ करता था.

नौकरी के बदले जमीन घोटाला का मामला

# लालू परिवार के सहयोगी अमित कात्याल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता । नयी दिल्ली/पटना**

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने लालू परिवार के कथित 'सहयोगी' व एके इंफोसिस्टम के प्रमोटर अमित कात्याल को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी ने अमित कात्याल को शुक्रवार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी. इसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. कात्याल को आज स्थानीय अदालत में पेश किया जा सकता है. ईडी अदालत से अमित कात्याल को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांग सकती है. अगर कोर्ट ईडी की मांग को स्वीकार कर लेता है तो नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में कई अहम खुलासे हो सकते हैं.

**दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी के समन के खिलाफ दायर याचिका की थी रद्द :** बता दें कि अमित एक व्यवसायी हैं और एके इंफोसिस्टम के प्रमोटर हैं. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में कात्याल और एके इंफोसिस्टम दोनों ईडी और सीबीआई की जांच के दायरे में हैं. ईडी ने कात्याल को कई बार समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन वो पिछले दो महीने से ईडी के समन की अनदेखी कर रहे थे. कात्याल ने दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी के समन को रद्द करने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था.

**लालू परिवार के करीबी हैं कात्याल :** जांच एजेंसी के अनुसार, कात्याल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी के साथ-साथ एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व निदेशक भी हैं. एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड इस मामले में कथित तौर पर एक लाभार्थी कंपनी है और इसका रजिस्टर्ड पता दक्षिणी दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एक आवासीय इमारत है. जिसका इस्तेमाल तेजस्वी कर रहे थे.

**लालू और राबड़ी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है सीबीआई :** बता दें कि नौकरी के बदले जमीन घोटाले में सीबीआई ने तीन जुलाई को नयी चार्जशीट दायर की थी, जिसमें तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया था. इससे पहले सीबीआई द्वारा दायर चार्जशीट में तेजस्वी का नाम नहीं था. हालांकि लालू, राबड़ी, मीसा भारती सहित अन्य आरोपियों का नाम पहले से ही चार्टशीट में थी. सभी को बेल भी मिल चुकी है. वहीं 12 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लालू के खिलाफ केस चलाने की अनुमति सीबीआई को दी थी.

**ईडी और सीबीआई दोनों कर रही मामले की जांच :** बता दें कि जमीन के बदले नौकरी मामले में सीबीआई की टीम लालू और उनके करीबियों के घर छापेमारी की थी. सीबीआई के अधिकारी राजद प्रमुख और उनके परिवार वालों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं. सीबीआई की टीम ने लालू यादव से दिल्ली में पूछताछ की थी. वहीं बिहार में राबड़ी देवी के आवास भी सीबीआई टीम पूछताछ करने गयी थी. ईडी भी इस मामले की जांच कर रही है. ईडी ने लालू यादव, उनके करीबियों और अन्य आरोपियों के घर पर छापेमारी की थी. ईडी ने दिल्ली, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पटना और रांची में कई ठिकानों पर भी रेड मारी थी. ईडी ने ट्वीट करके बताया था कि छापेमारी में 1 करोड़ रुपये की नकदी, डेढ़ किलो से ज्यादा के सोने के गहने, 540 ग्राम सोना, अमेरिकी डॉलर समेत कई चीजें बरामद हुई.

### ईडी का दावा, 600 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के कई साक्ष्य मिले

बता दें कि ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर प्रिवेंशन आफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है. जमीन के बदले नौकरी घोटाले में ईडी ने अब तक 600 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के साक्ष्य मिलने का दावा किया है. ईडी के अनुसार, अपराध से बनायी गयी संपत्तियों में से 350 करोड़ की अचल संपत्ति है. जबकि 250 करोड़ बेनामी लोगों के माध्यम से लालू यादव के परिवार के पास आये. ईडी के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ग्रुप डी की नौकरियों के बदले मात्र 7.5 लाख में लिये चार जमीन को राजद के पूर्व विधायक सैयद अबु दोजाना को 3.5 करोड़ में बेचा गया. राबड़ी देवी ने इसका अधिकांश हिस्सा तेजस्वी यादव को ट्रांसफर कर दिया था. इसके भी साक्ष्य ईडी के पास मौजूद हैं.

सहरसा : धनतेरस की खरीदारी कर लौट रहे थे इंजीनियर

# बिजली विभाग के जेई को मारी गोली

**संवाददाता । सहरसा**

सहरसा में धनतेरस की खरीददारी कर अपने अपने घर लौट रहे बिजली विभाग के कनीय अभियंता को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी है. इस घटना में कनीय अभियंता गंभीर रूप घायल हो गया. जिसे स्थानीय लोगों ने सहरसा के गांधी पथ स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना जिले के सिमरी बख्तियारपुर की है. घायल जेई सिमरी बख्तियारपुर के कठडूमर पीएसएस में कार्यरत है. कनीय अभियंता रवि रंजन कुमार हर रोज की तरह कोशी तटबंध के अंदर स्थित पीएसएस में अपनी ड्यूटी कर वापस सिमरी बख्तियारपुर लौटा. फिर पत्नी को साथ लेकर बाजार चला गया. जहां धनतेरस की मार्केटिंग कर वापस घर लौट रहा था उसी दौरान बाइक सवार अपराधी गोली मारकर फरार हो गए. स्थानीय लोगों ने तत्काल जख्मी को अनुमंडलिय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सहरसा रेफर कर दिया. जख्मी को गोली पीठ में लगी है और स्थिति नाजुक है.

जेई शेखपुरा जिला का रहने वाला है और वह सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर स्थित कठडूमर गांव के पीएसएस में कार्यरत था. जख्मी की पत्नी प्रियंका ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम धनतेरस की खरीदारी कर घर लौट रहे थे उसी समय अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया. तीन गोली पीठ में लगी है. स्थानीय लोगों के द्वारा पहले अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया फिर सहरसा स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है. चिकित्सकों ने जेई की स्थिति को नाजुक बताया है. वहीं, पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. गोली क्यों मारी गई, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है.

### जमीन विवाद में मारी थी महिला को गोली, इलाज के दौरान हो गई मौत

**पटना ।** पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में विगत तीन दिन पूर्व जमीन विवाद में गोलीबारी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था. इसमें मां और पुत्र गोली लगने से जख्मी हो गए थे. जिसका इलाज सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था. उधर, शनिवार की सुबह मां धर्म देवी की मौत हो गई. मौत की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए. इस दौरान मृतक की पोती शिल्पी कुमारी ने कहा की गोली लगने के बाद इलाज के दौरान उसकी दादी में मौत हो गई है.

## हॉस्टल में पॉलिटेक्निक छात्रा से गार्ड ने किया दुष्कर्म, धराया

**संवाददाता । वैशाली**

वैशाली में पॉलिटेक्निक की छात्रा का दुष्कर्म हुआ है. ट्रेन छूटने के कारण शुक्रवार रात वह घर नहीं जा सकी. इसलिए हॉस्टल में ही रुकना पड़ा. शुक्रवार देर रात हॉस्टल का सिक्योरिटी गार्ड कमरे में चॉकलेट देने के बहाने घुसा. छात्रा के साथ दरिंदगी की. छात्रा चीखती-चिल्लाती रही लेकिन दरिंदों ने उसकी एक न सुनी. छात्रा जब बेहोश हो गई तो गार्ड वहां से फरार हो गया. घटना के बाद छात्रा ने परिजनों ने कॉल किया. इसके बाद परिजनों ने हॉस्टल प्रबंधन को शिकायत की. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने फौरन आरोपी गार्ड मो. हकीम को गिरफ्तार कर लिया. हकीम का घर हॉस्टल के पास ही है. साथ ही पीड़ित छात्रा को मेडिकल के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. बताया जा रहा है कि छात्रा भागलपुर जिले की रहने वाली है. और यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है. वह तीसरे सेमेस्टर की स्टूडेंट है. मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है

## कारोबार

### आईटीएटी ने आयकर की अपील खारिज की

**नयी दिल्ली ।** आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने निर्धारण वर्ष 2004-05 के लिए बीबीसी वर्ल्ड (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित स्थानांतरण मूल्य निर्धारण मामले में राजस्व विभाग की अपील को खारिज कर दिया है. आईटीएटी की दिल्ली पीठ ने सीआईटी (ए) के फैसले को बरकरार रखा कि समूह संस्थाओं के बीच विज्ञापन खर्च को निर्धारण वर्ष 2004-05 के लिए 'पास-थ्रू' लागत के रूप में माना जाना चाहिए. आईटीएटी ने अपने आदेश में राजस्व विभाग की अपील को खारिज कर दिया.

### तेल कीमतों, उत्पादन में गिरावट 20% घटा

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घट गया. कंपनी ने बताया कि तेल की कीमतों और उत्पादन में गिरावट के कारण उसका मुनाफा घटा. ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि उसने जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में 10,216 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया. पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 12,826 करोड़ रुपये था. ओएनजीसी के शुद्ध लाभ में लगातार दूसरी तिमाही के दौरान गिरावट हुई है.

### बीएसई का लाभ 4 गुना बढ़कर 118 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** शेयर बाजार बीएसई का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ हो गया. शेयर बाजार ने एक बयान में यह जानकारी दी. बीएसई का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रहा था. बीएसई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53% बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 240 करोड़ था. बीएसई के प्रबंध निदेशक सुंदरमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे.

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में $4.7 बिलियन की बढ़ोतरी हुई

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत के लिए अच्छी खबर है. यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है. बीते तीन नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में $4.7 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है. इसी के साथ भारत का भंडार $590.78 बिलियन पर पहुंच गया है. यह बीते पांच सप्ताह का उच्चतम स्तर है. उधर पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बीते सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है. हालांकि, यह भारत भारत के मुकाबले काफी कम है. भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते तीन नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में यूएसडी 4.7 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई है.

इससे पहले 27 अक्टूबर 2023 को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें यूएसडी 2.6 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी. इसी के साथ अब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर $590.78 बिलियन तक पहुंच गया है. ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था. रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) बढ़ी हैं. बीते तीन नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान एफसीए में यूएसडी 4.39 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई है. अब देश का एफसीए भंडार यूएसडी 521.9 बिलियन का हो गया है.

उल्लेखनीय है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है. डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है. इसी महीने की 20 तारीख को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी हुई है. इस सप्ताह गोल्ड रिजर्व में 20 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है. अब अपना सोने का भंडार यूएसडी 46.12 बिलियन तक पहुंच गया है.

**हुई बढ़ोतरी**

- भारत की विदेशी मुद्रा $590.78 बिलियन हुई
- पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार भी बढ़ा है

**उमड़ी भीड़**



शनिवार को नयी दिल्ली में दिवाली त्योहार की खरीदारी के लिए सदर बाजार में उमड़े लोग

### देशभर में 42 टन बिका सोना

**नयी दिल्ली ।** धनतेरस के दिन देशभर के सर्राफा बाजारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि धनतेरस पर 42 टन सोने की बिक्री हुई. इसमें कीमतों में हालिया गिरावट की बड़ी भूमिका रही है. पिछले साल धनतेरस पर 39 टन सोना बिका था. कैट के मुताबिक, देशभर के सराफा बाजारों में सोने-चांदी का करीब 30,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ. 27,000 करोड़ रुपये के सोने के आभूषणों और इससे बने अन्य उत्पादों की बिक्री हुई. चांदी का व्यापार भी करीब 3,000 करोड़ रुपये का हुआ. पिछले साल धनतेरस पर सर्राफा बाजारों में करीब 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था.

## वाहनों में जल्द आएगा टकराव की चेतावनी देने वाला फीचर



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों से टक्कर की आशंका को कम करने के लिए चार पहिया वाहनों, यात्री और वाणिज्यिक वाहनों की कुछ श्रेणियों में विनिर्माण के समय ही 'मूविंग ऑफ इन्फॉर्मेशन सिस्टम' (एमओआईएस) लगाने का प्रस्ताव दिया है. यह प्रणाली टक्कर की स्थिति में समय रहते चेतावनी देगी. मंत्रालय ने इस संबंध में एक मसौदे में एमओआईएस के लिए वाहन उद्योगों के लिए मानक तय किए हैं. इसे सार्वजनिक परामर्श के बाद अधिसूचित किया जाएगा.

मूविंग ऑफ इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमओआईएस) का अर्थ है एक ऐसी प्रणाली जो वाहन चालक को पास में पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों की उपस्थिति का पता लगाने और सूचित करने की सुविधा देती है और यदि जरूरी हो तो विनिर्माता की रणनीति के आधार पर संभावित टक्कर के बारे में चालक को चेतावनी देती है.

सड़क मंत्रालय का प्रस्ताव इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 2022 में भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या चिंताजनक रूप से 12 प्रतिशत बढ़कर 4.6 लाख से अधिक हो गई, जिससे हर घंटे 19 लोगों की मौत हुई है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है.

**देगा चेतावनी**

- यह प्रणाली टक्कर की स्थिति में समय रहते चेतावनी देगी
- सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की हुई वृद्धि

**खुशखबरी** दिवाली से पहले ईपीएफओ खाताधारकों को मिला गिफ्ट

# वित्त वर्ष की ब्याज दरों को खाते में ट्रांसफर करना शुरू

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा देते हुए वित्त वर्ष 2022-23 की ब्याज दरों को खाते में ट्रांसफर करना शुरू कर दिया है. ध्यान देने वाली बात ये है कि इस वित्त वर्ष में ईपीएफओ अकाउंट होल्डर्स के खाते में जमा राशि पर 8.15 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है. गौरतलब है कि ईपीएफओ की ब्याज दरों को सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी (सीबीटी) और वित्त मंत्रालय हर साल तय करता है. इस साल की बात करें तो सरकार ने जून 2023 में वित्त वर्ष 2022-23 की ब्याज दरों का ऐलान किया था. इसके बाद से अब सरकार ने पीएफ खाताधारकों के खाते में ब्याज दर के पैसे ट्रांसफर करने शुरू कर दिए हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स यानी ट्विटर पर कई यूजर्स पिछले लंबे वक्त से ईपीएफओ से सवाल पूछ रहे हैं कि कब उनके खाते में ब्याज के पैसे ट्रांसफर किए जाएंगे. एक यूजर द्वारा इस मामले पर सवाल पूछे जाने पर ईपीएफओ ने जवाब देते हुए बताया कि ब्याज को अकाउंट में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और ब्याज के पूरे पैसे बिना किसी नुकसान के खाताधारकों को इस साल मिलेंगे. इसके साथ ही ईपीएफओ ने कर्मचारियों से धैर्य बनाए रखने की भी प्रार्थना की.

बता दें कि अगर आप पीएफ खाताधारक हैं और अपने खाते के बैलेंस को चेक करना चाहते हैं तो यह काम आसानी से कर सकते हैं. इसके लिए आप मैसेज, मिस्ड कॉल, उमंग ऐप या ईपीएफओ वेबसाइट का सहारा ले सकते हैं. मैसेज के जरिए बैलेंस चेक करने के लिए आपको आपको अपने ईपीएफओ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 7738299899 पर मैसेज सेंड करना होगा. इसके अलावा आप 011-22901406 नंबर पर मिस्ड कॉल भी भेज करके बैलेंस चेक कर सकते हैं. ईपीएफओ पोर्टल पर जाकर पफॉर फॉर इंप्लॉय सेक्शन में जाकर बैलेंस चेक किया जा सकता है. उमंग ऐप पर बैलेंस चेक करने के लिए पहले ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें. इसके बाद ईपीएफओ सेक्शन में जाकर सर्विस और व्यू पासबुक का चुनाव करें.

# देखो, गाड़ीवाला आया भई कचरा निकाल



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**विष्णु** ज्योति कलश छलके, हरे गुलाबी लाल सुनहरे रंग दल बादल के, ज्योति कलश छलके. दीपावली का नाम सुनते ही मूर्धन्य गीतकार पं. नरेंद्र शर्मा का यह गीत मानस में गूंज उठता है. साल भर की प्रतीक्षा के बाद दीपों की मालिका लेकर दीपावली आ गयी. ज्योति के कलश छलकने को तैयार हैं. हर कोई सुख और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी को अधिक से अधिक प्रसन्न करने को तत्पर दिख रहा है. चूंकि माता लक्ष्मी को झाड़ू बहुत पसंद है, इसलिए हर घर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जो पूरा हो चुका है. सफाई से लेकर घरों और दुकानों के रंगरोगन का काम भी बखूबी कर लिया गया है. ऐसे ही वातावरण में पूर्वाह्न ग्यारह बजे मेरे मुहल्ले में यह गीत अचानक गूंज उठा-गाड़ी वाला आया, घर से कचरा निकाल. यह गाना सुनते ही सभी घरों में खलबली मच गयी. ऐसा पहली बार नहीं हुआ था. दो-तीन दिनों पर ये सफाईकर्मी यही गाना बजाते हुए आ ही जाते हैं, लेकिन आज कुछ अधिक खलबली का कारण यह था कि दीपावली के अवसर पर सभी लोगों ने अपने घरों में सफाई अभियान चलाया था और कचरा लेकर इस गाने की प्रतीक्षा कर रहे थे-गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल. सभी अपने घरों से कचरे की पोटलियां, बाल्टियां, बोरे निकाल कर खड़े हो गये. दीपावली स्वच्छता का पर्व है, प्रकाश का पर्व है. यही वह अवसर होता है, जब हर व्यक्ति साल में एक बार अपने घर और दुकान को चकाचक करने में लग जाता है. अब सवाल तो यह है कि क्या बाहरी सफाई से यह स्वच्छता अभियान पूरा हो जाता है? संत कबीरदास ने कहा है-नहाये धोये का भया, जो मन मैल न जाय. मीन सदा जल में रहे धोये बास न जाय. आशय यह कि बाहरी सफाई ही काफी नहीं है. अंतःकरण को भी स्वच्छ होना आवश्यक है. कुछ ऐसा ही भाव मैंने झारखंड की जानी-मानी कवियित्री **गीता चौबे** गूंज की इस कविता में देखा है, जो हमें प्रेरणा दे रही हैं-देखो गाड़ी वाला आया, भई कचरा निकाल. इनकी रचना का शीर्षक है-कचरा.



सदा नित्य ही इक स्वर लहरी, देती हवा उछाल
देखो! गाड़ी वाला आया, भई! कचरा निकाल.
घर भी स्वच्छ तभी होता जब, झाड़ू करे बुहार.
ऐसे ही मन से बाहर हों, सबके बुरे विचार..
संस्कृति अपनी हो जाएगी, सच में बड़ी निहाल,
देखो! गाड़ी वाला आया, भई! कचरा निकाल ..
पूछें हाल पड़ोसी का भी, जानें कुछ उद्गार.
हो मिलाप मन से मन का तो, बहे स्नेह की धार..
वरना इस जीवन में रहते, सारे ही बेहाल,
देखो! गाड़ी वाला आया, भई! कचरा निकाल..
सभी मनुज ही रखते अपने, घर में कूड़ेदान.
नहीं धूल का कतरा भी हो, रखते इसका ध्यान..
किंतु हृदय में द्वेष बहुत है, इसका नहीं मलाल,
देखो गाड़ी वाला आया, भई! कचरा निकाल ..
बिना वजह जीवन में कचरा, खुद करता इंसान.
कर प्रहार जंगल-नदियों पर, कहता, हे भगवान!
दौड़ लगाता रहा उमर भर, अब तो समय निकाल,
फिर तो गाड़ी वाला आया, भई! कचरा निकाल..

### मेरी भव बाधा हरो

मेरी भाव बाधा हरो, पूज्य बिहारीलाल
दोहा बनकर सामने, दर्शन दो तत्काल।

अंग्रेजी से प्यार है, हिंदी से परहेज,
ऊपर से हैं इंडियन, भीतर से अंगरेज।

अंखियां मादक रस-भरी, गज़ब गुलाबी होंठ,
ऐसी तिय अति प्रिय लगे, ज्यों दावत में सोंठ।

अंतरपट में खोजिए, छिपा हुआ है खोट,
मिल जाएगी आपको, बिल्कुल सत्य रिपोट।

अंदर काला हृदय है, ऊपर गोरा मुक्ख,
ऐसे लोगों को मिले, परनिंदा में सुक्ख।

अंधकार में फेंक दी, इच्छा तोड़-मरोड़
निष्कामी काका बने, कामकाज को छोड़।

- **काका हाथरसी**

गीता जी अपनी इस रचना के माध्यम से जो परामर्श दे रही हैं, उसे अपनाया जाना चाहिए. उनकी इस रचना से यह भी ध्वनित हो रहा है- दीया वाला त्योहार आ गया, अब तो केवल घर से ही नहीं बल्कि मन और हृदय में भी साल भर से भरे कचरे को बाहर निकाल देने की आवश्यकता है. दीपावली की बात चली और पूरा अग-जग रोशन होने लग गया. कवयित्री **सुनीता अग्रवाल** दीपावली के ज्योति कलश पर मुग्ध होकर कहती हैं-

दिवाली की चली बात
रोशन होने लगा शहर.
शहर क्या गांव क्या , रोशनी ही रोशनी सर्वत्र.
जगमग जगमग कर रही दीपों की लड़ी.
कहीं मोमबत्ती कहीं फुलझड़ी.
देखो न सारे कितने ख़ुश हैं, चारों ओर
ख़ुशियां है छाई.
दीपों का पर्व दीपावली जो आई.
रोशन हुआ मन मेराली मन ने ख़ुशियों
की अंगड़ाई.
ठहर से जाते हैं कदम देखकर उनको
बैठे हैं ले कर सड़कों पर
रंग बिरंगे खिलौने और दीये.
आने-जाने वालों से कहते, गुहार लगाते
ख़रीद लो दीये बाबु जी.
हमारे घर के बच्चे भी मनायें दिवाली
और वे भी खा पायें मिठाई.
सोचता बरबस ही मन क्या सचमुच हर ओर
दीपों ने रोशनी बिखराई.



अंधकार को पता है कि दीये उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते, लेकिन उसे पता है कि दीये उसके साथ संघर्ष करने की क्षमता रखते हैं. यदि मानव अपनी मानवता के स्नेह से उन्हें सिंचित करता रहे. यह जो दीपावली आयी है न, उसपर हमारी आशाओं का महल टिका है. वह आशा क्या है? यह बता रही हैं रांची की **कवयित्री रश्मि सिंह**. उनकी रचना का शीर्षक है- आस दिवाली की.

अंधियारी का घन चीरकर
दीपक से ज्योति छलकेगी
ये दीपावली क्या लक्ष्मी,
उस झोंपड़े तक पहुंचेगी?
जहां नहीं दीपों की जगमग
नहीं कंदीलों की कतार
कालिख सनी ढिबरी एक
टिमटिमाती है जार-जार
नहीं पटाखों का शोर है,
फुलझड़ियां सपना जहां
आधी अधूरी भूख मिटाते
कभी कनस्तर मुंह चिढ़ाते
मां तू वहां भी पूजी जाती
श्रद्धा भक्ति दीया बाती
फिर विचरण करते करते
कभी वहां भी हो आती......



आशा है, दीपावली कवयित्री रश्मि जी की यह आस अवश्य ही पूरी करेगी और उनकी क्रांतिकारी गुहार माता लक्ष्मी तक पहुंचायेगी. दीये जलते हैं, जलते ही रहेंगे और अपने आसपास से तो अंधेरे को दूर कर के ही रहेंगे. इसमें निराश होने जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन उस रोशनी को दिलों तक भी पहुंचना आवश्यक है. यदि ऐसा न हो तो जो निराशा का अंधेरा पूरी दुनिया में फैल चुका है, उससे निवृत्त होना असंभव हो जाएगा. इस संदर्भ में जमशेदपुर निवासी वयोवृद्ध कवि **शिवनंदन सिंह** की इस रचना पर विचार किया जाना चाहिए.

दीप के जलने से जैसे ही , गहन अंधेरा कम हो जाता.
आओ मिलकर मिटायें अब, अंधियारों से जीवन का नाता.
मिट्टी का वह नन्हा सा दीपक,
तेल रूई संग मिलकर आता.
जल उठता एक प्रतीक बन,
राह दिखा मानव को भाता.
जलते हैं जब संगठित होकर, काली रात भी हार ही जाता .
सत्यकर्म संग विश्वास अटल , मिट्टी के दीये हमें सिखाता.
प्रयास निरंतर हो जब मिलकर,
निश्चय ही मिलती सफलता .
दीपावली हर साल अपनों को
है कर्तव्य-बोध कराने आती.



यह दीपावली हर साल हमें कर्तव्य बोध कराने आती है. इसे मद्यपान और द्युतक्रीड़ा से निरर्थक नहीं बनाया जाना चाहिए. सुख पाने के लिए कुमार्ग अपनाना आवश्यक नहीं है, क्योंकि कुमार्ग पर चलनेवाला व्यक्ति कभी सुखी नहीं हो सकता. वह चाहे धन जितना बटोर ले. सौभाग्य और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी का यही संदेश है. आपका घर ही नहीं, तन और मन भी निर्मल हो. हृदय निश्छल हो. हर कोई सन्मार्ग पर चले, निर्भय हो. दीपों का पर्व आप सबों के लिए मंगलमय हो. इन्हीं शब्दों के साथ अगले सप्ताह तक के लिए आपसे मांगता हूं विदा. जय हिंद ! जय झारखंड !!

# झारखंड की तेईसवीं सालगिरह और वादे



**अगली** 15 तारीख को झारखंड राज्य का स्थापना दिवस है. राज्य तेईस साल का युवा जवान हो चला. राज्य बनने के बाद बहुत सारे परिवर्तन हुए, विकास हुआ, सड़कें बनीं, बड़े बड़े भवन बने, हज़ारों की तादाद में महंगी गाड़ियां खरीदी गईं. बहुत से छात्र नेता परिपक्व नेता, विधायक, सांसद और मंत्री बन गए ! पर कुछ होना अब भी बाकी है. विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों की आवश्यकतानुसार नियुक्ति बाकी है, विद्यालयों में आवश्यकतानुसार योग्य शिक्षकों की नियुक्ति बाकी है, राज्य में क्षेत्र विशेष के अनुरूप रोजगार सृजन होना बाकी है, राज्य से अशिक्षित कामगारों का अवैध रूप से व्यापार रोकना बाकी है. झारखंड के कुशल, योग्य खिलाड़ियों को समुचित शिक्षा, प्रशिक्षण, उचित पौष्टिक भोजन, विशेष प्रशिक्षण, नियमित छात्रवृति और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना बाकी है, यहां के गांव में पुस्तकालय संस्कृति विकसित करना बाकी है, क्षेत्रीय भाषा में स्कूल में शिक्षा और स्थानीय लोक कथाओं से बच्चों को अवगत कराना बाकी है. भारतीय संविधान के प्रमुख प्रावधानों का राज्य की स्थानीय जनजातीय भाषाओं में अनुवाद और स्कूली शिक्षा का अंग बनाना बाकी है !



चौराहा

प्रमोद कुमार झा

कुछेक महीने पूर्व राज्य में साहित्य, संगीत और कला अकादमी की स्थापना की घोषणा मुख्य मंत्री ने की थी. राज्य की स्थापना दिवस के दिन उसके विधिवत उद्घाटन किये जाने की अपेक्षा है. बिना इन अकादमियों की स्थापना के राज्य के लेखक, कलाकार, गायक, वादक जनों को उचित अवसर नहीं मिल पाता है. देश-विदेश की संस्थाओं के साथ आदान-प्रदान का अवसर भी नहीं मिल पा रहा है. पूरे राज्य के लेखक, कलाकार, चित्रकार, मूर्तिकार आस लगाए बैठे हैं. झारखंड में सूचना आयोग का गठन तो हुआ, पर सालों से कोई सूचना आयुक्त नहीं हैं. कई बार इस पर माननीय उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेने का निर्देश भी दिया था. लोगों की हज़ारों शिकायतें सालों से लंबित हैं. सालों पहले राज्य में महिला आयोग तो बना था, पर कई सालों से कोई सदस्य और अध्यक्ष नियुक्त नहीं हैं. हज़ारों की संख्या में शिकायतें पड़ी हैं. निपटारा हो नहीं रहा, क्योंकि उन लाचार महिलाओं की सुध लेने वाला कोई नहीं !

राज्य में बाल आयोग की कमी खटक रही है. राज्य में लाखों की संख्या में बाल श्रमिक अब भी हर शहर, मुहल्ले, गांव और महानगरों में दिख जाएंगे. उनकी समस्याओं पर विचार करने वाला कोई नहीं है ! प्रत्येक वर्ष राज्य के मेडिकल कॉलेजों की मान्यता पर खतरे की तलवार लटकती है, क्योंकि व्यवस्था, अध्यापकों और तकनीकी लोगों का सर्वथा अभाव बना रहता है. राज्यमें मेडिकल कॉलेज में योग्य प्रोफेसर नहीं आना चाहते, अस्पताल में आधे से अधिक डॉक्टर की जगह खाली रह जाती है. कोई इस राज्य का निवासी भी इस राज्य में काम करने को इच्छुक नहीं है. बहुत दोषपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया, देश के अन्य राज्यों की तुलना में खराब आर्थिक लाभ, पूर्ण असुरक्षा और अत्यधिक राजनीतिक दखलंदाजी पर सम्पूर्ण दृष्टि अपेक्षित है. बहुत सारे आयोग कार्यरत हैं, पर राशन दुकानों में नियमित समय पर अनाज वितरण का पूर्ण अभाव है. भारत सरकार के द्वारा निश्चित राशन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में बहुत ध्यान की ज़रूरत है. तीस किलो अनाज की प्राप्ति का हस्ताक्षर लेकर पचीस छब्बीस किलो अनाज वितरण अब नियम ही जैसा बन गया है. बिना आर्थिक दंड के थाने में रिपोर्ट लिखवाना, पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट भिजवाना असंभव है. आम नागरिक अब भी राजनीतिक सत्ता की ओर उम्मीद से टकटकी लगाए बैठा है .शायद राज्य के इस स्थापना दिवस पर कुछ कृपा हो जाय !

# महामाया को समर्पित है बिलासपुर का रतनपुर धाम

**25** अक्टूबर 2023 को एक साहित्यिक -सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी बिलासपुर जाने का सौभाग्य प्राप्त बिलासपुर में अनेक दर्शनीय तीर्थ स्थल हैं. स्वाभाविक रूप से उन्हें देखने की हमारी इच्छा जाग उठी और डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल ने अपनी निजी कार में बैठाकर बिलासपुर के महत्व पूर्ण तीर्थ धामों का परिभ्रमण कराया. उनमें एक महत्वपूर्ण स्थल है रतनपुर में स्थापित महामाया का मंदिर. भारत के 51 शक्ति पीठों में से एक रतनपुर का महामाया शक्ति पीठ है.



यायावर की डायरी

डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

अपने पिता दक्ष के द्वारा अपने पति का अपमान सती बर्दाश्त नहीं कर सकी और यज्ञ की अग्नि में कूद पड़ी.शिव के गणों ने दक्ष के यज्ञ को विध्वंस कर दिया और शिव सती के अध जले शरीर को कंधे पर लेकर तांडव करने लगे. विश्व में हाहाकार मच गया. देवताओं के अनुरोध पर भगवान विष्णु ने अपने चक्र सुदर्शन से सती के शरीर के 51 खंड किये और सती के शरीर का प्रत्येक अंग जहां-जहां गिरा, वहां-वहां शक्ति पीठ स्थापित हो गया. रतनपुर में सती की भुजा गिरी और महामाया के रूप में प्रतिष्ठित हो गई. दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां हजारों जले दीप श्रद्धालु भक्तों के द्वारा अपनी मनोकामना की सिद्धि के लिए अहर्निश 10 दिनों तक जलते रहते हैं. किंवदंती है कि मां महामाया सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं. रतनपुर का इतिहास अति प्राचीन है. इस नगरी को लहुरी काशी के नाम से भी जाना जाता है. यह नगर चारों तरफ से अति सुन्दर



पर्वत शृंखलाओं से घिरा हुआ है. मंदिरों और तालाबों की अधिकता होने के कारण यह धर्म नगरी और तालाबों की नगरी के नाम से भी प्रसिद्ध है. इस धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी का इतिहास अति प्राचीन रहा है. चारों युगों में इस नगरी का पृथक-पृथक नाम विद्यमान रहा है. सतयुग में मणिपुर, त्रेता में माणिक्य पुर, द्वापर में हीरापुर और कलियुग में रतनपुर. महाभारत काल में मोरध्वज यहां के राजा थे. महाभारत काल में धर्मराज युधिष्ठिर ने विश्व का सिरमौर बनने के लिए अश्वमेध यज्ञ किया था. जिसमें एक घोड़े को ध्वज के साथ छोड़ा गया था. उस घोड़े को रतनपुर के राजा मोरध्वज के सुपुत्र राजकुमार ताम्रध्वज ने पकड़कर एक तालाब के किनारे बांध दिया था. जिस तालाब के किनारे घोड़े को बांधा गया था, उसका नाम आज भी घोड़बंधा तालाब है. हिंदुओं की कथा श्रीसत्यनारायण इसी काल की देन है, जब राजा मोरध्वज की परीक्षा लेने भगवान श्रीकृष्ण को स्वयं आना पड़ा था. कल्चुरी नरेश रत्नदेव ने सन् 1050 में रतनपुर में राज्य की नींव रखी और इसे राजधानी बनाया. सन् 1050 से 1740 तक लगभग 600 वर्षों तक कल्चुरी राजाओं ने राज किया. इस काल में उन्होंने अनेक मंदिरों और तालाबों का निर्माण कराया. कल्चुरियों ने अपने राज्य में सभी धर्मों को फलने-फूलने का समान अधिकार दिया. इसका प्रमाण यहां समय समय पर पाये जाने वाली जैन और बौद्ध धर्मों से संबंधित मूर्तियां हैं. कल्चुरियों ने अपने दरबार में अनेक विद्वान पंडितों और कवियों को आश्रय दिया, जिनमें पंडित गोपाल मिश्र और बाबू रेवाराम प्रमुख रहे हैं. 1740-42 में रतनपुर पर मराठा शासकों ने हमला कर इस पर अपना आधिपत्य कर लिया. 1740 से 1831 के बीच भाइयों के बटवारे में रतनपुर राज्य बिंबाजी राव भोंसले को मिला. सन्1832 में यह नगर अंग्रेजों के हाथों में चला गया. सुव्यवस्थित देखरेख के अभाव में यह प्राचीन राजधानी भाग एक छोटे से गांव के रूप में ही रह गया. परंतु वर्तमान में रतनपुर महामाया मंदिर के कारण एक पर्यटक एवं धार्मिक नगरी के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है.

# गधे की उड़ान



**दुलीचंद** सुनामी की कंपनियां आधे से ज्यादा जंगल काट चुकी थीं. कुछ जंगल बुलेट ट्रेन के लिए, कुछ सिक्स लेन हाइवे और कुछ रासायनिक फैक्टरियों के लिए काट दिये गये थे. जंगल उजाड़ हो चुका था.



नश्तर

सुधीर राघव

पेड़-पौधों के कटने से कई तरह की समस्याएं तो आनी लगीं, लेकिन उसकी किसी को परवाह नहीं थी. कंपनियां अपने काम में बदस्तूर लगी रही और जंगल कटता रहा. सिक्स लेन हाइवे तो जंगल के बीचोबीच से गुजरा था. उसके दोनों ओर लोहे की ऊंची ग्रिल लगवा दी गयी थी, ताकि कोई जानवर हाइवे पर न आ जाए. इस तरह पूरे जंगल का दो हिस्सों में बंटवारा हो गया. इधर के जानवर उधर तथा उधर के जानवर उधन. न तो इधर का जानवर उधर जा सकता था और न ही उधर का जानवर इधर आ सकता था. नतीजा यह हुआ कि जानवर अपने नाते-रिश्तेदारों से सदा के लिए बिछड़ गए थे और उनसे मिलने का कोई उपाय भी शेष नहीं रह गया था. दुलीचंद सुनामी की कंपनी केलोबेलो के सभी न्यूज चैनल जंगल के इस बंटवारे के लिए विपक्ष को जिम्मेदार बता रहे थे और राजा गधे के गुण गा रहे थे. कहने को गधा भी जानवर था, मगर उसे जंगल के जानवरों के दुःख-दर्द से कुछ भी लेना-देना नहीं था. वह कभी भूलकर भी जंगल और जानवरों के हक की बात नहीं करता था. उसे केवल अपनी ही पड़ी रहती थी. वह सेठ दुलीचंद सुनामी का गुलाम था और सिर्फ उसीका भला सोचता था. विपक्ष में बोलने वाला कोई नहीं था. दुलीचंद ने सभी शेरों को अपने सर्कस वालों के जरिए कैद करवा दिया था. एक दूसरे से कटे जानवर न तो विरोध कर पा रहे थे और न आंदोलन करने की हिम्मत जुटा पा रहे थे. जंगल में चुनाव आ गए थे. दुलीचंद सुनामी ने गधे के लिए अमेरिका से विमान खरीद दिया था. गधा दिनभर उड़कर जंगल के दोनों हिस्सों में प्रचार कर रहा था. उसके मंतरी, संतरी सब उड़ उड़कर प्रचार के लिए जा रहे थे. इतनी उड़ानों के प्रदूषण से जंगल के ऊपर कोहरा सा छा गया था. जंगल का पर्यावरण बेतरह प्रदूषित हो चुका था. हर जानवर बीमार दिखने लगा था, लेकिन इलाज की कोई व्यवस्था नहीं थी. हर जानवर खांस रहा था. हर जानवर की आंखों में समस्या हो गयी थी. सांस लेने में समस्या हो रही थी. इन सभी समस्याओं से गधा पूरी तरह मुक्त था, क्योंकि गधे के आवास में एयर फिल्टर लग गए थे.

# कल्पना लोक से उतर कर निखरती मनोरम अल्पना



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार





**मानव** जब जंगली जीवन जीता था. वह इससे ऊपर उठ कर मानव बना. जीवन के उस क्षण में उसे पहली बार सौंदर्य का बोध हुआ, जब अपने वातावरण से प्रभावित होकर उसने दैनिक जीवन की रोमांचक शिकार की घटना को अपनी गुफाओं में चित्रित किया था. तब उसे कल्पना भी न हुई होगी कि वह अद्भुत चित्रों का निर्माण कर मानव-जीवन को चिरंतन रसमय बनायेगा. जीने के लिए पल-पल कोशिश करते आदमी का बहुसंख्यक गांवों में बसा है, किन्तु कला परंपराएं विषम परिस्थितियों में पड़कर संदर्भ रहित होती जा रही हैं.

इतिहास साक्षी है कि विदेशी आक्रमणों अथवा कालक्रम में ध्वस्त अथवा किसी प्रश्रय के अभाव में अनेक कलाओं का लोप हो गया, लेकिन अल्पना अथवा चौक पूरने की कला आज भी अक्षुण्ण है. आज भी जीवन में हर्ष और उल्लास को अभिव्यक्ति देने के लिए घर आंगन में अल्पनाएं बनने लगती हैं. अल्पना की महत्ता तो सदैव से रही है. अल्पना हमारे देश की संस्कृति से ऐसे जुड़ी है, जैसे उसकी आत्मा हो. इस कला ने देश को सदियों से एक डोर में पिरो रखा है. यह तो हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है. यह हमारी सभ्यता का ऐसा अंग है, जो मंगल भावनाओं से जुड़ा है. इससे भारतीय नारी की सृजनात्मक शक्ति की सजावटप्रियता और सबसे अधिक सौंदर्यप्रियता का पता चलता है. यह पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली एक कला है और यह कला आज सामाजिक उत्सवों, धार्मिक पर्वों व त्योहारों पर घर आंगन का हिस्सा है. अल्पना की प्रथा प्राचीन काल से ही लोकप्रिय रही है. प्रागैतिहासिक काल में मनुष्य ने अपनी गुफाओं में पशु, पक्षी, फूल, बेल, रेखाएं, कोणों को चित्रित कर अपनी अलंकरण कला का प्रमाण दिया है. आज इसके स्वरूप में नित्य नये परिवर्तन हो रहे हैं, रंगों में विविधता, आकृति में कुछ अनोखापन जरूर हो गया है, लेकिन आज भी अल्पना के पीछे हमारी वही प्राचीन सांस्कृतिक और मंगलभावना बरकरार है, जिसे सदियों से नारी अपनी कलात्मक भावनाओं से सींचती हुई, अंगुलियों से रूप देती चली आ रही है. अल्पना की मंगलकारी रेखाएं जीवन को सजीव व





सरस बनाती हैं. इसमें प्रयुक्त रूपाकारों में कठोर श्रम को हल्का अनुभव करने की सुखद अनुभुति समायी रहती है. साथ ही मानव-समाज में मेल-जोल बढ़ाने की ललक तथा देव प्रकोपों को सहन करने का साहस जुड़ा रहता है. समाज में व्याप्त अनेक अंधविश्वासों की जानकारी इससे मिलती है तो इसी से कतिपय दंत कथाओं का ज्ञान भी हाथ लगता है. ऐसी कलाओं का उद्भव एवं विकास का प्रथम चरण भावना और सामुदायिक चेतना से अनुप्राणित रहा है. इनके सृजन में सहकारिता एवं सामूहिकता स्पष्ट रूप से रहती है. यह निर्विवाद सत्य है कि अनपढ़ ग्रामीण और लोक आस्थामय संस्कृति के समर्थकों को नित नूतन कलात्मक अभिव्यक्ति की इच्छा बनी रहती है. इससे लोक भावना युक्त चित्रांकन का अस्तित्व स्थिर ही नहीं हुआ, बल्कि समय के साथ साथ परिमार्जित भी हुआ है. लिखित विवरण के बजाय मौखिक ही इनका प्रचार प्रसार एक दूसरे तक होता रहा है. किन्तु प्रत्येक व्यक्ति एवं युग ने अपने व्यक्तित्व की छाप लगाते हुए कल्पना के लोक से उतर कर मनोरम अल्पना निखरती रही है.

# आखर

# मधुर-मधुर मेरे दीपक जल

**संपन्नता व प्रसन्नता हर मनुष्य का स्वप्न है. दीपक अंधकार के खिलाफ संघर्ष, चेतना और जागृति की प्रेरणा है. शब्दों के दीप के माध्यम से मनुष्य की निराशा और अवसाद को तोड़ते हुए नवजीवन की रोशनी प्रदीप्त करता आखर का यह अंक ...**

## मणिदीप



**डॉ बुद्धिनाथ मिश्र**



छंदों के मणिदीप सजाएं
तमस भूल, उत्सव को गाएं.
चौमुख दीप धरें नवयुग की
पावन लिपी-पुती देहरी पर.
और आरती-दीप धरें
भारत मां की गंगा-लहरी पर
जन-जन की दन्तुल मुस्कानें
मावस की कालिमा मिटाएं.
टूट रही है एक-एक कर
मन के अन्ध-बन्ध की कारा
जिस नभ में घनघोर घटा थी
उस नभ में छिटका उजियारा
पहनें नील कुसुम की माला
क्यों हम गले भुजग लिपटाएं?
यह उत्सव है सदियों से जाग्रत
सुषुप्त पार्थिव दीपों का
यह उत्सव है समय-सिन्धु में
उभरे नये-नये द्वीपों का
कर लें वन्दन मंगलमय का
अपशकुनों को धता बताएं



## कुम्हार के हाथ





**विनय सौरभ**

घूमते चाक पर रचते हुए
ये हाथ कितने सुंदर हैं!

जैसे सुबह की किरणें
घास पर ठहरी हुई रात की ओस
जैसे सुनहले हो चले धान से भरे खेत
जैसे मां के हाथ!

आंखें बंद कर लो
जीवन में जो सबसे सुंदर लगा हो तुम्हें,
उसे याद करो
फिर कुम्हार के हाथों के बारे में सोचो
जिन पर मिट्टी लगी हुई है
और जो अहर्निश घूमते चाक पर
सदियों से किसी मार्मिक शिल्प में
हमसे बातें कर रहे हैं

बस इन्हें आंखों से छुआने का मन होता है!
यह रचते हुए हाथ हैं
दुनिया को संबल और भरोसा देते हुए
कच्ची मिट्टी की लोइयों में कविता गूंथते हुए!

सोचता हूं -
मिट्टी से जीवन सिरजने वाले
इन मानवीय हाथों को
हमने क्यों नहीं रखा अपने सिर आंखों पर?
हमने फुटपाथ पर इन्हें क्यों छोड़ दिया अकेला!

ये किस उम्मीद पर घुमाए जा रहे हैं चाक,
कोई पूछता भी है इनसे कि
माटी से तुम्हारा रिश्ता इतना गहरा कैसे है?

एक कुम्हार ही कह सकता है
पूरे भरोसे से कि वह मिट्टी का आदमी है
क्या आप अपने बारे में
यह बात पूरे यकीन से कह सकते हैं ?

मिट्टी से एकमेक हो गई
इन जिन्दगियों को तुम कितना पहचानते हो
किसी कुम्हार का नाम बताओ
तुमने उनके बनाये
किसी घड़े का पानी तो पिया होगा ?

उनकी औरतें और बच्चे जो
दीयों के ढ़ेर के साथ बैठे हैं
तुम्हारे शहर की सड़कों के किनारे
आज उन्हें, उनके आंवे की गंध से
उनको रचने वाले हाथों के साथ याद करो
फोन पर किसी को मत कहो कि
दीए महंगे हो गए हैं इस बार.

## परस्पर देवो भव



**निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव**



धन्य हैं
हुतप्राण दीपक
धन्य हैं
रोशनी की प्रजाएं
नमस्य है
अंधकार से उनकी लड़ाई
श्लाघ्य है
उनकी अपराजित अंतश्चेतना
आइए,
इनके वंदन में
हम दीप जलाएं
श्रद्धा अर्पित कर
मनुष्य के गौरवबोध का पर्व
दीपावली मनाएं
प्रकाश बन
उजाला फैलाएं
गांव-नगर, घर-आंगन में फैले
अंधेरे को भगाएं
'आत्म दीपो' भव से आगे बढ़
'परस्पर देवो भव'
का संदेश प्रसारित करें
यह होगी
माधवी लक्ष्मी की सच्ची उपासना!

## आस का दीप जलाए रखना



**नीरज नीर**

हो अंधेरा कितना जग में
आस का दीप जलाए रखना,
सत्य की जय सदा होती है
यह विश्वास बनाए रखना.

जीवन पथ में चलते चलते
मिल जाये बनवास अगर भी
चुपके से आकर दुःस्वप्न में
ढल जाये मधुमास अगर भी
दिन अच्छे लेकिन आएंगे
हृदय उम्मीद जगाए रखना.

सीता की रक्षा करने को
रावण से लड़ना पड़ जाए
पाने अपने अधिकारों को
कंसो से भिड़ना पड़ जाए
तुम राम कृष्ण के वंशज हो
मन पराक्रम बनाए रखना.

नन्हें दीये की लौ से भी
सौ-सौ दीये जल सकते हैं
साहस भरा हो अंतस में
तो विघ्न सभी टल सकते हैं
विजय वीर को ही वरती है
धीरज ध्वज उठाए चलना.

हो अंधेरा कितना जग में
आस का दीप जलाए रखना
सत्य की जय सदा होती है
यह विश्वास बनाए रखना.

## जलाएं दीप हम ऐसा



**डा. संगीता नाथ**

बनाते हाथ मिट्टी के दीयों में आस का सूरज,
उगे वो झोपड़ों में भी जलाएं दीप हम ऐसा.

सजा कर दीप की माला सितारों से धरा भर दें,
अमा की रात में आओ जलाएं दीप हम ऐसा.

उजाला हो सभी दिल में जलाएं दीप हम ऐसा.
कि तम सब हार यूं जाए जलाएं दीप हम ऐसा.

शहादत की निशानी बन रहे जलता जो सरहद पे,
वतन की पासबानी जो जलाएं दीप हम ऐसा.

जले न बस्तियां दिल की कभी नफरत के शोलो से,
करे रौशन मुहब्बत का जलाएं दीप हम ऐसा.

कभी कोई अकेला हो न तन्हाई की रातों में,
बने वो चांद हर दिल का जलाएं दीप हम ऐसा.

घरौंदों में बसे सपने रहें हर पल सलामत यूं,
चलो अब रास्तों पर भी जलाएं दीप हम ऐसा.



## हर देहरी पर दीप जले



**मुक्ति शाहदेव**

चलो उदास चेहरों को,
मुस्कान देने का जतन करें,
अंधेरे घरों को भी आज रोशन करें.
कि रोती हैं रात भर जो आंखें,
उन पलकों में भी प्यारे सपने पलें.
रतजगा हो खत्म चांदनी रातों में,
नींद वाली लोरी की गुनगुन सुनें.
सांस आती है मुश्किल से बड़ी
कंक्रिटों की दुनिया में,
आओ फिर कुछ बिरवे आम पीपल के,
बोने का संकल्प करें.
गया था वह जाने क्यों लौटा नहीं,
बाट जोहती पथराई आंखों में
चलो ना कुछ नए रंग भरें.
उम्मीदों का चिराग बुझ गया है जहां,
आओ, उस देहरी पर ध्रुव तारे- सा,
एक अखंड दीप धरें.

## वर्तिका में फल रहा हूं



**डा रागिनी भूषण**

दीप तिल तिल जल रहा हूं.
रात के घर पल रहा हूं.

यूं उजाला सृजित करने
बस सतत ही बल रहा हूं.

तुम करो निर्माण नूतन
इसलिए मैं गल रहा हूं.

जग रहा दिनमान मेरा
सांझ सा मैं ढ़ल रहा हूं.

नेह देते गर रहे तुम
वर्तिका में फल रहा हूं.

ज़िन्दगी की गंध देकर
मैं निरन्तर चल रहा हूं.

बुझ रहा होकर सुगन्धित
आज का मैं कल रहा हूं.



## मत डरो अंधेरों से



**सारिका भूषण**

मत डरो अंधेरों से
कि रौशनी तुम्हारे अंदर है
मत लड़ो अपनों से
कि असली धन तुम्हारा मन है.

फैलाओ उजास इस जग में
कि रोशनी पुंज तुम्हारे अंदर है
अपनाओ आज हर रिश्ते को
कि इंसानियत की जड़ सिर्फ अपनापन है.



## हर दीप पूजनीय है



**डॉ कल्याणी कबीर**

तिमिर को चुनौती देता
हर दीप पूजनीय है,
इसे बुझने मत देना.....

सघन तिमिर का दंभ घटा जो
गीत रागिनी गुंजित करता है,
हर दर, हर घर जगमग -जगमग
आस-उजास सिंचित करता है,

सत्य को लक्षित करता
हर दीप पूजनीय है,
इसे बुझने मत देना....

निशा गाएगी दीप राग अब
साहस रोपें हर वर्तिका में,

चिंता से मन करें रिक्त अब
गढ़ें रूप पावन मृतिका में,
स्नेह -नेह तरंगित करता
हर दीप पूजनीय है,
इसे बुझने मत देना....

कोप घटे दिवा के अहं का
लौ-लौ से हो सम्मोहन
सामर्थ्य बढ़े हरेक अंतस का
आत्म बल का हो आरोहण
निशा तमस को खंडित करता
हर दीप पूजनीय है,
इसे बुझने मत देना.....



## दीप जलाया आस का



**डॉ सुरिन्दर कौर नीलम**

जगमग रौशन है जहां, आया शुभ त्योहार.
दीपों की लड़ियां सजीं, गाओ मंगलचार.

प्रेम दीप उर में जला, करो घृणा को दूर,
भाईचारे से मिले, उजियारा भरपूर.

दीप जलाया आस का, होने वाली रैन,
सरहद पर बेटा गया, भींगे मां के नैन.

बच्चे को मुस्कान दे, निर्धन को कर दान,
धन - दौलत से है बड़ा, ये सुख का वरदान.

मतभेदों के द्वार पर, रखें प्रेम का दीप,
एक बराबर हों सभी, चाहे रंक, महीप.

गणपति की आराधना, माता लक्ष्मी साथ,
इनके पूजन से मिले, आशीषों का हाथ.

मिलना- जुलना, प्यार ही, पर्वों का उपदेश,
दीवाली की रौशनी, देती ये संदेश.

मजहब का इक दीप हो, अपनेपन का तेल,
बाती हो सद्भावना, सब धर्मों का मेल.

## लौ से लौ जब भी जलाएं



**प्रवीण परिमल**

दिल जला लेते हैं हम कितनी ख़ुशी से
हम दीए हैं, प्यार है बस रौशनी से.

यूं हिक़ारत की नज़र से देखिए मत
जीत लेंगे आपका दिल सादगी से.

हम दीए मिट्टी के हैं, ये याद रक्खें ...
अंत तक हम ही लड़ेंगे तीरगी से

बनके दीपक दूर कीजे ये अंधेरा
सीखिए कुछ तो हमारी ज़िंदगी से

लौ से लौ जब भी जलाएं, ये वचन लें
प्यार करना है हमें हर आदमी से

एहतियातन मशविरा है, बच के रहिए
ख़ुदग़रज़ इन रहबरों की रहबरी से

आपसे 'परिमल' जी इतनी इल्तिज़ा है
आइए, अपनाइए हमको ख़ुशी से.



## दीए गुनगुनाते हैं



**सत्या शर्मा कीर्ति**

देखा है मैंने बहते
अमावस्या की काली नदी में
हजारों नाव दीए के.

खुद में ही मुस्कुराते
हराते जीवन के अंधकार को
विपरीत तेज हवाओं के
दम्भ से भरे वेग को.

दीए गुनगुनाते हैं
मां के मधुर गीत
देते हैं आशीष
प्रकाशवान होने का
और जगाते हैं
जीवन में एक नई उम्मीद.

और फिर बहते जाते हैं
बहते ही जाते हैं......

करते हैं रोशन
हमारे जीवन पथ को
करते हैं दूर
हमारे मन के तिमिर को
और फैला देते हैं प्रकाश
काली निशा के आंचल पर

दीए समेट लेते हैं
हमारे जीवन की
हजारों परेशानियां
और फिर उतार
फ़ेंक देते हैं
हमारे सर से मुसीबतों के
अनगिनत- से टोटके
उसी अमावस्या की
काली सी उफनती नदी में.



## ताखे पर दीया



**अनिता रश्मि**

चलो पूरी दुनिया में
दीया जला आएं
उम्मीद का
प्रेम की बाती को
मन के तेल में
डुबोकर.

इससे पूर्व कि
हो जाए देर
जला आएं दीया
वहां ओसारे पर,
छोटे से ताखे पर भी
जो खुलती हुई
बाहरी दीवार पर बना है

या फिर
उस दालान पर
सड़क के ठीक किनारे,
जहां से गुजरेंगे कई
कामगार
स्त्री-पुरुष, बच्चे
एक अदद दिन को
अपने अथक श्रम से
भर दिन खुशनुमा बनाकर.
और रखना है वहां भी एक दीप
जहां से छले जाते हैं मन,
दीपदान तो
हर लेते मन के हर कलुष

तो चलो आंगन, तुलसी,
पूजागृह के बाहर भी
देहरी पर रख आएं दीप
क्योंकि आ चुका है
वह समय बेईमान
अपनों को
और अपने को
खो देने का.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# विश्व कपः देशवासियों को दिवाली का तोहफा देने उतरेगा भारत

## भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजे शुरू होगा मैच

**भाषा । बेंगलुरू**

इस विश्व कप में अब तक अपराजेय भारतीय टीम नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में इस विजय अभियान को कायम रखकर देशवासियों को दीवाली का तोहफा देना चाहेगी. भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है जबकि नीदरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है और उसका यह आखिरी मैच है. औपचारिकता के इस मैच में भारतीय टीम में बहुत ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है. क्रिकेट वैसे भी नतीजों और आंकड़ों का खेल है लिहाजा ऐतिहासिक व्यक्तिगत उपलब्धियों को हासिल करने की संभावनाओं ने इस मैच को टीम के लिये रोचक बना दिया है. भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद एक सप्ताह का अभ्यास मिल गया है. टीम के नजरिये से प्रबंधन सूर्यकुमार यादव को रन बनाते देखना चाहेगा जो चार मैचों में 85 रन ही बना सके हैं. बाकी सभी प्रमुख बल्लेबाज कम से कम एक अर्धशतक बना चुके हैं. हार्दिक पंड्या के चोट के कारण बाहर होने से सूर्यकुमार को अंतिम एकादश में जगह मिली लेकिन वह इसे भुना नहीं सके हैं. नीदरलैंड के खिलाफ मैच उनके लिये सुनहरा मौका है. भारत ने लगातार आठ जीत दर्ज की है जिससे इस बात पर गौर नहीं किया गया कि रोहित शर्मा और शुभमन गिल पांच मैचों में बड़ी साझेदारी नहीं निभा सके. बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने 88 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 71 रन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 62 रन जोड़े लेकिन बाकी पांच मैचों में 5 , 32, 23 , 26 और चार रन की साझेदारी ही कर सके

### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, इशान किशन ,सूर्यकुमार यादव, प्रसिद्ध कृष्णा.

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), कोलिन एकरमैन, वेस्ले बारेसी (विकेटकीपर), बास डी लीडे, आर्यन दत्त, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, रेयान क्लेन, तेजा निदामानुरु, मैक्स ओडोड, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, लोगान वान बीक, रोल्फ वान डर मर्वे, पॉल वान मीकेरेन और विक्रमजीत सिंह.

## भारत और नीदरलैंड के बीच मुकाबला आज

### रोहित बतौर कप्तान और बल्लेबाज शानदारः द्रविड



मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने शनिवार को यहां स्वीकार किया कि विश्व कप में भारत की आठ मैच की जीत की लय में रोहित शर्मा का टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार तरीके से दोहरी भूमिका में ढलने का अहम हाथ रहा है. रोहित ने शानदार ढंग से भारतीय टीम का नेतृत्व करने के अलावा बतौर सलामी बल्लेबाज अपनी टीम को आक्रामक शुरूआत भी करायी है. बल्कि उन्होंने आठ मैचों में 122 के स्ट्राइक रेट से 443 रन बनाए हैं. द्रविड़ ने नीदरलैंड के खिलाफ भारत के अंतिम लीग मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि रोहित निश्चित रूप से एक लीडर रहा है. मुझे लगता है कि उसने मैदान के अंदर और बाहर दोनों में उदाहरण पेश किया है. उन्होंने कहा कि ऐसे भी कुछ मैच रहे हैं जो हमारे लिए पेचीदा हो सकते थे लेकिन वह सच यही है कि वह हमें उस तरह की शुरूआत दिलाने में सफल रहे हैं जिससे मैच हमारे लिए अच्छा रहा है. उन्होंने कहा कि वास्तव में इससे मैच हमारे लिए आसान दिखता है और निश्चित रूप से यह उन खिलाड़ियों के लिए भी आसान हो गया जो बल्लेबाजी विभाग में उनके बाद उतरे.

## विराट के पास 50वां शतक लगाने का सुनहरा मौका



विराट कोहली के पास वनडे शतकों के अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाने का सुनहरा मौका है. कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है और अब 50वां शतक बनाने के करीब है. कोहली बाहरी आवाजों को दरकिनार करके अपने खेल पर फोकस रखना चाहेंगे लेकिन आईपीएल के अपने घरेलू मैदान पर दर्शकों की उम्मीदें आसमान छू रही होंगी. अभी तक वह भारत के लिये इस विश्व कप में सर्वाधिक 543 रन बना चुके हैं. पहली बार 50 ओवरों के विश्व कप में कोहली ने 500 से अधिक रन बनाये हैं. उन्होंने 2011 में 282, 2015 में 305 और 2019 में 443 रन बनाये थे. इन तीनों विश्व कप में क्रमशः तेंदुलकर, शिखर धवन और रोहित शर्मा का बल्ला चला था. कोहली भारत के आखिरी लीग मैच में बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करके सेमीफाइनल की तैयारी करना चाहेंगे.

## एशियाई महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट

# धीरज ने जीता रजत पदक



- तीरंदाजी में धीरज ने भारत को पहला ओलंपिक कोटा दिलाया
- स्वर्ण पदक के मुकाबले में झिह सियांग से हारे धीरज

**भाषा । बैंकॉक**

धीरज बोमादेवरा ने शनिवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में रजत पदक जीतकर भारत को तीरंदाजी में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया. अनुभवी तीरंदाज तरूणदीप राय अंतिम आठ में बाहर हो गये थे जिसके बाद दौड़ में बोमादेवरा ही एकमात्र भारतीय थे और 22 साल के इस तीरंदाज ने भी निराश नहीं किया. वह लगातार दो सेट में जीत से फाइनल में पहुंचे. इस चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाले दो देशों को व्यक्तिगत कोटा मिलता. बोमादेवरा हालांकि स्वर्ण पदक नहीं जीत सके और चीनी ताइपे के झिह सियांग लिन से शूटऑफ में 5-6 (29-28, 27-29, 28-28, 30-28, 25-26) (9-10) से हार गये. उन्होंने क्वार्टरफाइनल में ईरान के सादेघ अशरफी बाविली को 6-0 से पराजित किया और फिर सेमीफाइनल में ईरान के मोहम्मदहुसैन गोलशानी को भी समान अंतर से हराया. महिला व्यक्तिगत वर्ग में हालांकि भारत कोटा नहीं हासिल कर सका जिसमें अंकिता भकत क्वार्टरफाइनल में 3-1 से बढ़त बनाने के बावजूद उज्बेकिस्तान की जियोदाखोन अब्दुसातोरोवा से 4-6 से हार गयीं.

## विश्व कप में अब तक दस लाख लोग स्टेडियम में पहुंचे

**भाषा । अहमदाबाद**

इस विश्व कप को अब तक दस लाख से अधिक लोग स्टेडियम में देख चुके हैं और यह आईसीसी के इतिहास में स्टेडियम में सबसे ज्यादा दर्शकों की मौजूदगी वाला टूर्नामेंट बनने की राह पर है. आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अभी टूर्नामेंट में छह मैच बाकी हैं और शुक्रवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के मैच में दस लाख दर्शकों का आंकड़ा छू लिया गया है. टूर्नामेंट ने डिजिटल और अलग अलग प्लेटफॉर्म पर देखे जाने के कई रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिये हैं. आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा कि दस लाख से अधिक दर्शक संख्या और रिकॉर्डतोड़ दर्शकों के चलते आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने वनडे प्रारूप में दर्शकों की रूचि और विश्व कप की लोकप्रियता की बानगी पेश की है.

## ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

# मिचेल मार्श का धमाल



- 177 रन की धुआंधार पारी खेली मार्श ने
- मार्श ने इस विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी पारी खेली

**भाषा । पुणे**

स्टार आल राउंडर मिचेल मार्श ने नाबाद 177 रन की धुआंधार पारी के दौरान 17 चौके और नौ छक्के जड़े जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां विश्व कप के अपने अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल के लिए अच्छा अभ्यास किया. ऑस्ट्रेलिया ने मार्श के तीसरे वनडे शतक तथा डेविड वार्नर (53 रन) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 63 रन) के अर्धशतकों की बदौलत 307 रन का लक्ष्य 32 गेंद रहते हासिल कर लिया. अब पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना कोलकाता में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा. बांग्लादेश ने अपना अभियान एक और हार से समाप्त किया और अब टीम उम्मीद करेगी कि भारत रविवार को नीदरलैंड को हरा दे ताकि वह पाकिस्तान में होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने आठवें स्थान पर कायम रहे.

मार्श अपने दादा के देहांत के बाद स्वदेश लौट गये थे. उन्होंने दूसरे विकेट के लिए वार्नर के साथ 116 गेंद में 120 रन और फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 136 गेंद में 175 रन की नाबाद साझेदारी बनायी. मार्श की पारी इस विश्व कप में ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद 201 रन के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर भी है. इससे पहले तौहिद हृदय (74 रन) के अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 306 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया. ऑस्ट्रेलिया ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (10 रन) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन मार्श और वार्नर ने 15 ओवर में टीम को एक विकेट पर 100 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया. मार्श ने आक्रामक शुरूआत की और वह शुरू से ही अच्छी फॉर्म में दिख रहे थे जिससे वार्नर ने तेजी नहीं दिखायी. मार्श ने चौथे ओवर में मेहदी हसन पर तीन चौके जड़े और फिर तास्किन अहमद पर डीप स्क्वायर लेग में छक्का लगाया. फिर उन्होंने नासुम अहमद पर एक और छक्का जड़ने के बाद 12वें ओवर में मेहदी हसन मिराज की गेंद को भी छक्के के लिये भेजा. मार्श ने इससे 37 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया.

### सेमीफाइनल से पहले टीम चयन को लेकर अच्छा सिरदर्द : कमिंस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने शनिवार को स्वीकार किया कि अधिकतर खिलाड़ियों के फॉर्म में लौटने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी टीम को चयन को लेकर अच्छा सरदर्द होगा. ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में अपने पहले दो मैच गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद उसने लगातार सात मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 16 नवंबर को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका से होगा. ग्लेन मैक्सवेल ने अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद 201 रन बनाए थे.

**विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल रन चेज**

- *307 बनाम बांग्लादेश, पुणे 2023
- 292 बनाम अफगानिस्तान, वानखेड़े 2023
- 287 बनाम न्यूजीलैंड, चेन्नई 1996
- 272 बनाम साउथ अफ्रीका, लीड्स 1999

**विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ उच्चतम स्कोर**

- 177*– मिचेल मार्श, पुणे 2023
- 175– वीरेंद्र सहवाग, मीरपुर 2011
- 174– क्विंटन डिकॉक, वानखेड़े 2023
- 174– क्विंटन डिकॉक, वानखेड़े 2023
- 166– डेविड वार्नर, नॉटिंघम 2019

## आओ जानें

### आईसीसी वनडे रैंकिंग (बल्लेबाज)

| रैंक | खिलाड़ी | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | शुभमन गिल | भारत | 830 |
| 2 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 824 |
| 3 | क्विंटन डी कॉक | दक्षिण अफ्रीका | 771 |
| 4 | विराट कोहली | भारत | 770 |
| 5 | डेविड वॉर्नर | ऑस्ट्रेलिया | 743 |
| 6 | रोहित शर्मा | भारत | 739 |
| 7 | रैसी वैन डर डुसेन | दक्षिण अफ्रीका | 730 |
| 8 | हैरी टेक्टर | आयरलैंड | 729 |
| 9 | हेनरिक क्लासेन | दक्षिण अफ्रीका | 725 |
| 10 | डेविड मलान | इंग्लैंड | 704 |

## अंपायरों ने मैथ्यूज को सही आउट दियाः एमसीसी

**भाषा। लंदन**

क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने शनिवार को कहा कि अंपायरों ने विश्व कप के मैच में एंजेलो मैथ्यूज को सही 'टाइम आउट' करार दिया था लेकिन नया हेलमेट मांगने से पहले अंपायरों से सलाह लेकर मैथ्यूज उस तरह से आउट होने से बच सकते थे. मैथ्यूज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 'टाइम आउट' होने वाले पहले बल्लेबाज बने जब बांग्लादेश के खिलाफ मैच में वह समय सीमा के भीतर स्ट्राइक लेने से चूक गए. इसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ. मैथ्यूज को बाद में पता चला कि उनके हेलमेट का स्ट्रेप टूटा है और उन्होंने नया हेलमेट मंगवाया. इस विलंब से बांग्लादेश ने अपील की और अंपायरों ने टाइम आउट करार दिया. एमसीसी ने एक बयान में कहा कि जब हेलमेट टूटा तो लगा कि मैथ्यूज ने अंपायरों से मशविरा नहीं किया. एक खिलाड़ी को नया उपकरण मंगवाने से पहले ऐसा करना चाहिये. उन्होंने सीधे ड्रेसिंग रूम में इशारा कर दिया.

### ओलिवर कान ने भारत में शुरू की अपनी अकादमी

**मुंबई।** जर्मनी के दिग्गज गोलकीपर ओलिवर कान ने भारत में अपनी अकादमी शुरू की है जिसका उद्देश्य फुटबॉल शिक्षा का परिदृश्य बदलने और देश में इस खेल को बढ़ावा देना है. उन्होंने महाराष्ट्र में प्रो 10 के साथ भागीदारी की है. ओलिवर कान अकादमी का उद्देश्य फुटबॉल की संपूर्ण शिक्षा प्रदान करना है और वह अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी. जर्मनी के इस फुटबॉलर की योजना फुटबॉल क्लबों, खेल अकादमी और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से देश भर में इस तरह की अकादमी स्थापित करना है. इसके अलावा देश भर में गोलकीपिंग अकादमी की स्थापित की जाएगी.

**समापन** 35000 स्कूलों के 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों भागीदारी सुनिश्चित की

# तैराकी प्रतियोगिता के साथ खेलो झारखंड संपन्न

**संवाददाता । रांची**







झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में रांची के खेल गांव स्थित वीर बुधु भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हुआ. खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के समापन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड तैराकी संघ के अध्यक्ष बरखा सिन्हा, महासचिव उपेंद्र तिवारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शैलेंद्र कुमार तिवारी ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया. खेलो झारखंड कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर पर जहां 35000 स्कूलों ने भाग लिया, वहीं राज्य के सभी प्रमंडलों में 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेने के पश्चात जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से लगभग 15000 बच्चों ने राज्य स्तर पर 29 विभिन्न खेलें में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 14, 17 एवं 19 आयुवर्ग में भाग लिया. कबड्डी, खो-खो एथेलेटिक्स जैसे खेलों में दो हजार से अधिक बच्चों ने राज्य स्तर प्रतियोगिता में भाग लिया. सभी वर्गों में चयनित बच्चों के लिए 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है.

# इंग्लैंड ने पाक को 93 रनों से हराया

**भाषा । कोलकाता**



इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले गए विश्व कप के मैच में इंग्लैंड ने एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 93 रनों से हराया. पाकिस्तान की ओर से बाबर आजम ने सर्वाधिक 38 रन बनाए. वहीं इंग्लैंड के डेविड विली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम के लिए 3 विकेट चटकाए. इससे पहले पिछले मैच में शतक जड़ने वाले बेन स्टोक्स सहित तीन खिलाड़ियों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच में शनिवार को यहां नौ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर बनाया. इंग्लैंड की तरफ से स्टोक्स (76 गेंदों पर 84 रन), जॉनी बेयरस्टो (61 गेंदों में 59 रन) और जो रूट (72 गेंदों में 60 रन) ने अर्धशतक लगाए. पाकिस्तान की तरफ से तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने 64 रन देकर तीन जबकि शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद वसीम ने दो-दो विकेट लिए. रऊफ ने रिवर्स स्विंग लेती गेंद पर स्टोक्स को बोल्ड करके उन्हें शतक नहीं बनाने दिया. रऊफ हालांकि किसी एक टूर्नामेंट में 500 से अधिक रन देने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बने. स्टोक्स ने पुल और रिवर्स स्वीप का अच्छा नमूना पेश किया तथा अपनी पारी में दो छक्के और 11 चौके लगाए. उन्होंने रूट के साथ तीसरे विकेट के लिए 132 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की. बेयरस्टो और डेविड मलान (39 गेंदों पर 31 रन) ने पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़कर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे इंग्लैंड को तेजतर्रार शुरुआत दिलाई.


दिवाली की पूर्व संध्या पर गांधीनगर का अक्षरधाम मंदिर

## भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक


प्रतीकात्मक भगवान राम का तिलक करते सीएम योगी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 14 वर्ष के वनवास के बाद शनिवार को पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे प्रतीकात्मक भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का रथ खींचने में भाग लिया. इन पर एक हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई. राज्यपाल और मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरती उतारकर उनका वंदन-अभिनंदन किया. इसके बाद, सीएम योगी ने भगवान राम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया. इस अवसर पर, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अयोध्या के दीपोत्सव पर आधारित एक 'कॉफी टेबल बुक' भी जारी किया.

## आओ जानें

### वार्षिक विद्युत ऊर्जा खपत (प्रति व्यक्ति केडब्ल्यूएच)

| | | | |
|---|---|---|---|
| आइसलैंड | 53,832 | स्पेन | 5,356 |
| नॉर्वे | 23,000 | यूके | 5,130 |
| कनाडा | 15,588 | इटली | 5,002 |
| फ़िनलैंड | 15,250 | दक्षिण अफ्रीका | 4,184 |
| स्वीडन | 13,480 | चीन | 3,905 |
| यूएसए | 12,994 | यूक्रेन | 3,419 |
| यूएई | 11,563 | अर्जेंटीना | 3,075 |
| द. कोरिया | 10,497 | तुर्किये | 2,815 |
| ऑस्ट्रेलिया | 10,071 | ब्राज़ील | 2,611 |
| स. अरब | 9,048 | मेक्सिको | 2,186 |
| ऑस्ट्रिया | 8,356 | मिस्र | 1,592 |
| जापान | 7,820 | क्यूबा | 1,448 |
| जर्मनी | 7,035 | इंडोनेशिया | 1,084 |
| फ्रांस | 6,940 | भारत | 797 |
| नीदरलैंड | 6,713 | पाकिस्तान | 420 |
| रूस | 6,603 | बांग्लादेश | 317 |
| डेनमार्क | 5,859 | | |

आईईए सांख्यिकी के अनुसार

## ब्रीफ खबरें

### 1.2 करोड़ की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कामरूप जिले में 1.2 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम के विशेष कार्य बल ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को करीब ढाई बजे बैहाटा में अरुणाचल प्रदेश जा रही बस को रोका. बस की तलाशी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बारपेटा जिले के रहने वाले एक यात्री के पास से 150 ग्राम हेरोइन बरामद की.

### परेशान होकर किसान ने की आत्महत्या

**अलप्पुझा।** केरल में अलप्पुझा के कुट्टानाड क्षेत्र में एक किसान ने धान की फसल का भुगतान नहीं मिलने और आर्थिक समस्याओं के कारण शनिवार को आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बताया कि तकाझी के आंबेडकर कॉलोनी निवासी के जी प्रसाद ने शुक्रवार रात को जहर खा लिया, उसे तिरुवल्ला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शनिवार तड़के उसकी मौत हो गई. पुलिस ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि क्या आर्थिक संकट के कारण उसने यह कदम उठाया.

### घर में घुसकर की बुजुर्ग की हत्या

**एटा।** उत्तर प्रदेश में एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र के परौली सुहागपुर गांव में अज्ञात हमलावरों ने 70 वर्षीय एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी और बुजुर्ग को बचाने आए उनके एक रिश्तेदार पर चाकुओं से हमला किया. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान महेश के रूप में और घायल की पहचान महेश के बहनोई सुरेश के रूप में हुई है. घायल का इलाज चल रहा है.

### हवाई अड्डे से 2.5 करोड़ का सोना जब्त

**चेन्नई।** दुबई से शनिवार को यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे एक यात्री के पास से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया गया. सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने बताया कि करीब पांच किलोग्राम वजनी सोने को तार के रूप में छिपाया गया था. सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि भारतीय यात्री को गिरफ्तार करके आगे की जांच की जा रही है.

### दो बस की टक्कर में 5 की मौत, 60 घायल

**वानीयंबाडी।** तमिलनाडु में चेन्नई-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के परिवहन निगम की एक बस और एक ओमनी बस की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 60 अन्य घायल हो गए. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि टक्कर में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लगभग दस एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया.

### जम्मू-कश्मीर में एक गोवंश तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक गोवंश तस्कर को जन सुरक्षा अधिनियम के तहत शनिवार को गिरफ्तार किया गया. पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पौनी तहसील के कोठियां गांव का रहने वाला मो आजम एक कुख्यात गोवंश तस्कर है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उसे कोट भलवाल जेल में रखा गया है. प्रवक्ता ने बताया कि आजम का डोजियर रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित गुप्ता के निर्देश पर तैयार किया गया था.

## सुसाइड नोट लिखकर सीएम योगी से लगाई इंसाफ की गुहार

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने की खुदकुशी, मची सनसनी

भाषा। आगरा

यूपी के आगरा में उस समय सनसनी मच गई जब प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम में रहने वाली दो सगी बहनों ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. यह घटना आगरा के जगनेर में हुई है. दोनों बहनों ने जान देने से पहले तीन पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें संस्था के ही चार लोगों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं. इतना ही नहीं दोनों बहनों ने सुसाइड नोट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आरोपियों को आसाराम बापू की तरह उम्रकैद की सजा दिलाए जाने की मांग की है. दोनों बहनों के तीन पन्ने के सुसाइड नोट में उन बातों का जिक्र है जिस वजह उन्हें अपनी जान देने पर मजबूर होना पड़ा.

**पापी ने हम दोनों बहनों के साथ गद्दारी की है :** सुसाइट नोट में लिखा गया है, 'योगी जी रिक्वेस्ट करती हूं इस पापी ने हम दोनों बहनों के साथ गद्दारी की है. माउंड आबू में नौकरी करने वाले नीरज सिंघल ने हमें भरोसा दिलाया कि यहां सेंटर बनने के बाद वो साथ रहेगा लेकिन, उसके बाद उसने बात करना बंद कर दिया. सेंटर खोले जाने को लेकर दोनों बहनों ने एक साल से परेशान रहने का जिक्र किया है और इसके लिए आश्रम के चार लोगों नीरज सिंघल, धौलपुर के ताराचंद, नीरज के पिता और ग्वालियर के आश्रम में रहने वाली एक महिला को जिम्मेदार ठहराते हुए पैसे हड़पने का आरोप लगाया है.




### लगाए आरोप

- संस्था के ही चार लोगों पर लगे गंभीर आरोप
- दोनों बहनों ने सुसाइड नोट लिखकर की खुदकुशी

### सुसाइड नोट में चार लोगों का जिक्र

सुसाइड नोट में गुड्डन नाम के एक व्यक्ति का भी जिक्र किया गया है. यूपी के मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए आगे लिखा गया है कि वो बहुत अय्याश है और इसने अपनी बहू को भी नहीं छोड़ा और उससे उसके नाजायज संबंध हैं. सुसाइड नोट में दोनों बहनों ने आगे लिखा है, 'कई बहनें (महिलाएं) सुसाइड कर लेती हैं और यह लोग (आरोपी) छिपा लेते हैं. हम दोनों बहनों के साथ गद्दारी हुई है. पापी नीरज सिंघल माउंट आबू में मॉडर्न कंपनी में नौकरी करता है. ग्वालियर मोती झील वाली पूनम, इसके पिता ताराचंद और उसकी बहन का ससुर गुड्डन जो जयपुर में रहता है. हमारे साथ 15 साल से रह रहा था और झूठ बोलता रहा. हमने कोई गलती नहीं की. सेंटर बनवाने में सारा पैसा हमारा लगा है. सुसाइड नोट में दोनों बहनों ने सीएम योगी से अपील करते हुए आगे लिखा है कि योगी जी नीरज, ताराचंद और गुड्डन तीनों को आजीवन सजा मिलनी चाहिए. मैं फिर बोलूंगी हमने अकेले पड़कर घबड़ाकर ये सब किया है, इन्होंने हमारे सेंटर के पैसे से फ्लैट खरीद लिया. इसने धौलपुर में भी कई लोगों का पैसा हड़प लिया है. ये लोग ब्याज पर पैसा लाते हैं और फिर उसी पर केस कर देते हैं. इन सब में पूनम, सविता और रश्मि भी शामिल है. हम दोनों की जिंदगी खराब करने में इनका भी हाथ है.

### दो लोगों की हुई गिरफ्तारी

बता दें कि मृतक बहनों में से शिखा (32) ने एक पेज का सुसाइड नोट लिखा है, जबकि उसकी बड़ी बहन एकता (38) ने दो पेज का सुसाइड नोट लिखा है. शिखा ने सुसाइड में दोनों बहनों के पिछले एक साल से परेशान होने का जिक्र किया है. वहीं, इस मामले को लेकर एसीपी ने बताया कि सभी आरोपी बाहर के हैं, इनमें से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और दो लोगों को पकड़ने के लिए टीम को रवाना किया गया है

### प्रधानमंत्री मोदी ने आजाद कृपलानी को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी आचार्य कृपलानी और मौलाना अबुल कलाम आजाद को शनिवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और समाजवादी नेता कृपलानी को मोदी ने उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के सच्चे प्रकाशस्तंभ के रूप में याद किया. उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि लोकतंत्र और सामाजिक समानता को मजबूत करने के लिए कृपलानी के अथक परिश्रम ने हमारे देश के ताने-बाने पर एक स्थाई छाप छोड़ी. उनका जीवन और कार्य स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों को कायम रखने के लिए हमेशा समर्पित था. वहीं, मौलाना अबुल आजाद को याद करते हुए मोदी ने स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री को प्रकांड विद्वान और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का स्तंभ बताया. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शिक्षा के प्रति मौलाना अबुल आजाद की प्रतिबद्धता सराहनीय थी.

### कनाडा में एक सिख और उसके बेटे की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के एडमॉन्टन में बढ़ रही गिरोह हिंसा के बीच भारतीय मूल के एक सिख व्यक्ति और उसके 11 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई. ऐसा बताया जा रहा है कि हिंसा में मारा गया सिख हरप्रीत सिंह उप्पल (41) कनाडा के संगठित अपराध के क्षेत्र का कुख्यात व्यक्ति था. एडमॉन्टन पुलिस सेवा के कार्यवाहक अधीक्षक कॉलिन डर्कसन ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि उप्पल और उसके बेटे की बृहस्पतिवार दोपहर एक गैस स्टेशन के बाहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. गोलीबारी के समय उप्पल की कार में उसके बेटे का दोस्त भी था, लेकिन उसे इस हमले में कोई चोट नहीं पहुंची.

## दिल्ली पुलिस ने मेटा को लिखा पत्र

# रश्मिका मंदाना के वीडियो वायरल मामले में केस दर्ज

भाषा। नई दिल्ली

### खास बातें

- मामला जल्द सुलझा लिया जाएगा : अधिकारी
- फर्जी वीडियो साझा करने वालों की मांगी जानकारी

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को उस अकाउंट का यूआरएल उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है, जिससे अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का 'डीप फेक' वीडियो साझा किया गया था. पुलिस ने घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद यह कदम उठाया है. एक अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो साझा करने वाले लोगों की जानकारी भी मांगी है. जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमने उस खाते की यूआरएल आईडी तक पहुंच हासिल करने के लिए मेटा को लिखा है, जिससे वीडियो बनाया गया था. मामले में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट' में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 465 (जालसाजी) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66सी और 66ई के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. मामले को सुलझाने के लिए अधिकारियों की एक समर्पित टीम गठित की गई है. हमें उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझा लिया जाएगा.

# कांग्रेस को विदा करने का समय आ गया है : राजनाथ

भाषा। सीतापुर(छत्तीसगढ़)



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके लोग कहते हैं कि हम ही हीरो हैं, यह हीरो नहीं जीरो हैं और उन्हें विदा करने का समय आ गया है. रक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर तीन से चार वर्ष के भीतर वामपंथी उग्रवाद को यहां से समाप्त कर दिया जाएगा. सिंह ने सीतापुर क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब से राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व में भूपेश बघेल की सरकार आई है तब से राज्य में भ्रष्टाचार इस सीमा तक बढ़ गया है. अच्छी सरकार देने में कांग्रेस जीरो हैं, विकास करने में भी यह जीरो हैं, फिर भी कांग्रेस के लोग कहते हैं कि हम ही हीरो हैं. यह हीरो नहीं जीरो हैं. अब समय आ गया है कि इस कांग्रेस की सरकार को विदा कीजिए. रक्षा मंत्री ने राज्य में वामपंथी उग्रवाद को लेकर कहा कि पूर्व रमन सिंह की सरकार में यह समस्या काबू में थी लेकिन कांग्रेस शासन में वामपंथी उग्रवाद तेजी के साथ बढ़ा है.

## गर्मजोशी से मिले धर्मेंद्र और योगी


उत्तर प्रदेश के सीएम योगी से मुलाकात कर उन्हें ओडीओपी की एक मूर्ति भेंट करते बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र. -फोटो : पीटीआई

### 253 निजी बीएड कॉलेजों को नहीं मिली एडमिशन की अनुमति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कुल 253 निजी बीएड कॉलेजों को उचित बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अगले अकादमिक सत्र से छात्रों को दाखिला देने की अनुमति नहीं दी गई है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 'वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, एजुकेशन प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन' ने शिक्षक प्रशिक्षण के लिए उचित बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने के कारण इन संस्थानों को दाखिले की अनुमति देने से इनकार कर दिया. हालांकि, डब्ल्यूबीयूटीटीईपीए ने 350 अन्य निजी बीएड कॉलेजों को शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जारी रखने की मंजूरी प्रदान की है.

## इजराइल-हमास युद्ध ने बिगाड़ा गाजा का सामाजिक ताना-बाना

# रोटी के लिए झगड़े, शिविरों में हताशा

भाषा। तेल अवीव

इजराइल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के बीच जारी युद्ध के मध्य हालात ये हैं कि लोग रोटी लेने के लिए कतारों में झगड़ रहे हैं, खारे पानी की एक-एक बाल्टी लेने के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं साथ ही खचाखच भरे शिविरों में खुजली, दस्त और सांस संबंधी संक्रमण से जूझ रहे हैं. दीर अल-बलाह शहर में संयुक्त राष्ट्र के एक शिविर में राहत कार्यों में लगी एक महिला और पांच बच्चों की मां सुजैन वाहिदी ने कहा कि मेरे बच्चे भूख से रो रहे हैं और थक चुके हैं. यहां तक की वे शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर सकते. दीर अल-बलाह शिविर में सैकड़ों लोगों को एक ही शौचालय का प्रयोग करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा



कि मेरे पास उनके लिए कुछ नहीं है. इजराइल-हमास के बीच युद्ध के दूसरे महीने में अब तक गाजा में 10,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है.

**भोजन और दवा की कमी :** उत्तरी गाजा में इजराइल के जमीनी हमले से बचकर भागने में कामयाब रहे फिलिस्तीनी लोगों को अब दक्षिण क्षेत्र में भोजन और दवा की कमी का सामना करना पड़ रहा है. लोगों पर बिन बुलाए आई इस मुसीबत का फिलहाल कोई अंत होता नहीं दिख रहा है, जो हमास के इजराइल पर सात अक्टूबर को हमले के बाद से शुरू हुई है. पांच लाख से ज्यादा लोग दक्षिण के अस्पतालों और संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों से शिविरों में तब्दील हुए इमारतों में खचाखच भरे हुए हैं. रोटी और पानी की तलाश में घंटों-घंटों कतारों में खड़े रहना अब रोजाना का किस्सा हो गया है.

### 5.20 लाख की मेफेड्रोन के साथ एक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई पुलिस ने 46 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.20 लाख रुपये की मेफेड्रोन बरामद की है. एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारी के मुताबिक, गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार दोपहर खारघर श्मशान के पास पहुंचे सैफी अहमद इकबाल की तलाशी ली. खारघर थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके पास से 52 ग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई, जिसकी कीमत 5.20 लाख रुपये है. मेफेड्रोन को उसके उपयोगकर्ताओं के बीच 'म्यांऊ-म्यांऊ' नाम से भी जाना जाता है. थानाध्यक्ष ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## आरोप — देश में अब जन केंद्रित शासन का युग वापस लाने का समय आ गया है, राहुल ने कहा-

# लोगों की जरूरतें पूरी करने में अक्षम है बीआरएस सरकार

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब पूरे भारत में जनता को केंद्र बिंदु में रखने वाली शासन व्यवस्था के युग को वापस लाने का समय आ गया है. उन्होंने शनिवार को तेलंगाना के एक किसान परिवार के साथ संवाद करते हुए यह दावा किया कि प्रदेश की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार तेलंगाना के लोगों की जरूरतें पूरी करने में पूरी तरह अक्षम है.

बता दें कि राहुल गांधी ने तेलंगाना में वर्ष 2020 में आत्महत्या करने वाले एक किसान के परिवार से अपनी हालिया मुलाकात का एक वीडियो शनिवार को अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किया. उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से दी गयी गारंटी का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को राहत देने और तरक्की के मकसद से इन्हें तैयार किया गया है.

### खास बातें

- हमारी लड़ाई न्याय सुनिश्चित करने के लिए है
- चंद्रैया की आवाज को बीआरएस सरकार नहीं सुनी
- कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे चंद्रैया, संघर्ष कर रहे थे

### सही समय पर सरकारी सहायता मिलती, तो जीवित होते चंद्रैया



राहुल ने कहा कि चंद्रैया तेलंगाना के एक छोटे किसान थे, जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे थे और कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे. उन्होंने अपने प्यारे परिवार को छोड़कर आत्महत्या कर ली. उन्होंने आत्महत्या करने वाले इस किसान के परिवार के घर जाकर उसके परिजन से मुलाकात की. राहुल गांधी ने दावा किया, अगर उन्हें (किसान चंद्रैया) सही समय पर सरकारी सहायता दी गयी होती, तो वह अब भी जीवित होते और अपने प्रियजन के बीच होते.

कांग्रेस नेता ने कहा, महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि सबसे महत्वपूर्ण आवाज पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की होती है. कुम्मारी चंद्रैया की आवाज ऐसी ही थी और बीआरएस सरकार ने उन्हें अनसुना कर दिया.

**तेलंगाना की 119 विधानसभा सीट के लिए 30 नवंबर को मतदान :** कहा कि बीआरएस और भाजपा की सरकारें तेलंगाना के लोगों की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं. उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई अब हमारे सभी लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए है. अब पूरे भारत में जनता केंद्रित शासन के युग को वापस लाने का समय आ गया है. बता दें कि तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीट के लिए 30 नवंबर को मतदान होना है. मतगणना तीन दिसंबर को होगी.

# डल झील में लगी भीषण आग तीन विदेशी पर्यटकों की मौत



भाषा। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल डल झील में शनिवार तड़के एक हाउसबोट में भीषण आग लग जाने से तीन विदेशी पर्यटकों की मौत हो गयी. माना जा रहा है कि ये तीनों बांग्लादेश के थे. अधिकारियों ने बताया कि डल झील के घाट संख्या नौ के पास जलकर खाक हुए इस शिकारे से इन पर्यटकों के शव मिले हैं जो इतना जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है. जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर पर्यटकों के लिए यह लोकप्रिय स्थल है. अधिकारियों के अनुसार, डल झील में लगी भीषण आग में पांच हाउसबोट और उनसे जुड़ी इतनी ही झोपड़ियां जल गयीं. उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है. उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि तड़के उष्मासंबंधी उपकरण में गड़बड़ी की वजह से एक हाउसबोट में आग लग गयी.



# सत्ता का सेमीफाइनल





## मप्र चुनावः भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र, छह नए एक्सप्रेस-वे का वादा

# लाडली बहन योजना के लाभार्थियों को आवास देंगे

**भाषा। भोपाल**

भाजपा ने 17 नवंबर को होने जा रहे मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें गेहूं के लिए 2,700 रुपये प्रति क्विंटल व धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसएपी) 3,100 रुपये प्रति क्विंटल, और 'लाडली बहना योजना' की लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने का वादा किया गया है. गरीब परिवारों की लड़कियों को स्नातकोत्तर (पीजी) तक मुफ्त शिक्षा, 12वीं कक्षा तक गरीब छात्रों को मुफ्त शिक्षा और लाडली बहना व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाओं की लाभार्थियों के लिए 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना घोषणा पत्र के मुख्य आकर्षण हैं. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ पार्टी के प्रदेश प्रमुख वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य नेताओं ने 96 पृष्ठों का यह संकल्प पत्र यहां जारी किया. अपने संकल्प पत्र में, भाजपा ने गेहूं और धान के लिए प्रति क्विंटल क्रमशः 2,700 रुपये व 3,100 रुपये की एमएसपी का वादा किया है. लाडली बहना योजना की लाभार्थियों के लिए आवास और प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को नौकरी या स्वरोजगार के अवसर का भी वादा भी किया गया है.



### बड़े वादे

- गेहूं-धान के लिए ऊंची एमएसपी का किया वादा
- आईआईटी की तर्ज पर एम्स की होगी स्थापना

घोषणा पत्र के अनुसार, यदि भाजपा सत्ता में बनी रहती है तो पार्टी राज्य में आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थान और एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) जैसे चिकित्सा संस्थान स्थापित करेगी. घोषणा पत्र में छह नए एक्सप्रेसवे और आदिवासी समुदाय के सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये के बजट का भी वादा किया गया है.

इस अवसर पर नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक दल है जिसने घोषणा पत्र को सरकार का 'रोडमैप' बनाकर अक्षरशः लागू किया है. उन्होंने कहा कि पार्टी अपने निगरानी तंत्र के माध्यम से घोषणा पत्र के कार्यान्वयन पर भी नजर रखती है. प्रदेश भाजपा प्रमुख वीडी शर्मा ने कहा कि एक समिति ने समाज के सभी वर्गों और बुद्धिजीवियों से चर्चा और सुझाव मांगने के बाद घोषणा पत्र तैयार किया. घोषणा पत्र में लोगों की आकांक्षाएं शामिल हैं.

# राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर

- इस बार कोई नारा अपना असर नहीं दिखा रहा
- राजनीतिक उठा-पटक में नारे भी बदल गए

**एजेंसी। धार**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मध्य प्रदेश के धार जिले में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है, जिसके अंदर देश में घुसपैठियों को रोकने का साहस है. कांग्रेस एवं विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के लिए ऐसा करना संभव नहीं है. शाह ने 17 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले धार जिले के मनावर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मोदी जी ने देश में घुसपैठियों को रोकने का काम किया है और ऐसा करना कांग्रेस और इंडिया गुट के नेताओं के लिए संभव नहीं है. उन्होंने लोगों से सवाल किया कि घुसपैठियों को रोकना चाहिए या नहीं?

### 'राहुल ने दावा किया था कि इससे खून-खराबा हो जाएगा'



**धार।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मोदी सरकार ही थी जिसने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया था कि इससे खून-खराबा हो जायेगा, हालांकि कुछ नहीं हुआ. गृह मंत्री ने एमपी की चुनावी सभा में कांग्रेस पर देश की संस्कृति को नष्ट करने का आरोप लगाया और कहा कि यह मोदी सरकार थी जिसने कांग्रेस को ऐसा करने से रोका और संस्कृति को पोषित किया. उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि इस बार लोग तीन दिवाली मनायेंगे.






# चर्चा में 'एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी' का नारा

**भाषा। भोपाल**

'माफ करो महाराज' से 'साथ है शिवराज' तक का अंतर्विरोधों से भरा सियासी नारों का सफर पूरा करने वाले मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनितिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है, लेकिन इस बार कोई नारा जनमानस पर अपना असर छोड़ता नजर नहीं दिख रहा. इस चुनाव में भाजपा के नेता कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख कमलनाथ के लिए 'करप्टनाथ' शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं.

**'शिवराज का मिशन, 50 प्रतिशत कमीशन': कांग्रेस**

कांग्रेस राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 'शिवराज का मिशन, 50 प्रतिशत कमीशन' के साथ पलटवार कर रही है. कांग्रेस और भी कई नारे लेकर आई है, जैसे बढ़ाइए हाथ, फिर कमलनाथ, भाजपा हटाओ, सम्मान बचाओ और 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार, इसलिए युवा बेरोजगार. प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी रैलियों में कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कह रहे हैं 'गरीब की जेब साफ और काम हाफ'.

**लोकप्रिय पात्रों पर चर्चा:** जहां एक और नारों का असर कम दिख रहा है, वहीं मध्य प्रदेश के सियासी युद्ध में फिल्म 'शोले' के 'जय-वीरू' और 'गब्बर सिंह' और 'मेरे अपने' के 'श्याम' और 'छैनू' जैसे लोकप्रिय पात्रों पर चर्चा हो रही है. राजनीतिक दल इन पात्रों के लिए एक-दूसरे के नेताओं की समानता ढूंढ रहे हैं. इस चुनाव के दौरान राजनीतिक संवादों में रामायण और महाभारत को भी संदर्भित किया जा रहा है.









### मडिगा के लिए जल्द ही समिति गठित होगी : मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र जल्द ही एक समिति गठित करेगा, जो मडिगा समुदाय के सशक्तीकरण के लिए हर संभव तरीके अपनाएगा. उन्होंने अनुसूचित जातियों को श्रेणीबद्ध करने की मडिगा समुदाय की मांग के संदर्भ में यह कहा. मोदी यहां मडिगा रिजर्वेशन पूरता समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे. यह समिति मडिगा समुदाय का एक सामुदायिक संगठन है. तेलुगु भाषी राज्यों में अनुसूचित जातियों में मडिगा समुदाय की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है. समुदाय अनुसूचित जातियों को श्रेणीबद्ध करने की लड़ाई लड़ रहा है.

### पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक भाजपा में हुए शामिल

**जयपुर।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा और चाकसू से पार्टी के पूर्व विधायक अशोक तंवर सहित कई अन्य नेता शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए. भाजपा के मीडिया सेंटर में यहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया. पार्टी के एक बयान के अनुसार, इस अवसर पर जोशी ने कहा कि नारी की सुरक्षा करने में कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से नाकाम रही है.

### पहली बार शेरगांव के लोग अपने गांव में मतदान करेंगे

**जयपुर।** आबू- पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शेरगांव के मतदाता पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे. अधिकारियों ने कहा कि इस गांव के ग्रामीणों के मतदान के लिए चुनावकर्मी 18 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केंद्र तक पहुंचेंगे. मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि सुगम और समावेशी मतदान के लिए निर्वाचन विभाग ने दुर्गम, दूरदराज व कम आबादी वाले इलाकों में भी मतदान केंद्र बनाने की व्यवस्था की है. राज्य में दुर्गम पहाड़ी इलाकों से लेकर, बहुत कम आबादी वाले मरुस्थलीय क्षेत्र में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. गुप्ता ने बताया कि सिरोही जिले के आबू-पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 4921 फुट की ऊंचाई पर स्थित शेरगांव के मतदाता इस वर्ष पहली बार अपने ही गांव में मतदान कर पाएंगे.






मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)